हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • बुधवार • 04 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 265 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरा दक्षिणी छोटानागपुर
की लाखों माता-बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

4 सितम्बर, 2024 | अपराह्न 01:00 बजे से
ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम, रांची

**दक्षिणी छोटानागपुर** (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा) **की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No.334643 / IPRD / 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस नेता बोले- दुष्कर्म करने वाले भाजपा नेता को मिले फांसी की सजा

**फतेहपुर।** फतेहपुर फतेहपुर में दिमागी तौर से कमजोर लड़की के साथ भाजपा नेता नरेश राम तुरी ने दुष्कर्म कर अपनी हैवानियत का अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर संपूर्ण देश को शर्मसार कर दिया है। ऐसे घिनौने कृत्य करने वाले भाजपा नेता को फांसी की सजा मिलना चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश, जिला व प्रखंड के कांग्रेस नेताओं ने इस जघन्य अपराध पर रोष जाहिर करते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन से यह मांग की है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, फतेहपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद पांडेय, युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार, पंकज कुमार पंकज, उपाध्यक्ष बुलंद अख्तर, मो. शमीम आलम, प्रयाग यादव आदि ने कहा कि विक्षिप्त लड़की से हैवानियत करने वाला नरेश राम तुरी भाजपा का नेता है। उसने इससे पूर्व मे भी वर्ष 2023 में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। स्पीडी ट्रायल कराकर दोषी को दिलाई जाएगी सजा गया पुलिस महिला सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस मामले में प्रभावी वैज्ञानिक अनुसंधान त्वरित गति से कराते हुए आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा, साथ ही स्पीडी ट्रायल कराकर दोषी को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## 150 लीटर शराब के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

**टनकुप्पा।** थाना क्षेत्र के आंधु-सुमनी मोड़ के समीप मुख्य सड़क पास पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। शराब तस्कर एक स्पलेंडर बाइक पर शराब लादकर जा रहा था। जांच के दौरान बाइक पर 150 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। शराब तस्कर की पहचान गुरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत बगई गांव निवासी मुकेश कुमार के रुप में हुई है। एसआई रामेश्वर पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आंधु-सुमनी मुख्य सड़क के पास शराब तस्कर को 150 लीटर शराब व एक बाइक के साथ पकड़ा गया है। पूछताछ के बाद शराब तस्कर को जेल भेज दिया गया।

## विशेष सर्वेक्षण सर्वे की कार्य प्रगति को लेकर एसडीएम ने की बैठक



**टिकारी।** विशेष सर्वेक्षण कार्य की प्रगति को लेकर टिकारी एसडीएम द्वारा अनुमण्डल स्तर पर पदाधिकारियों एवं सर्वेक्षण कार्य में लगे शिविर पदाधिकारी व कानूनगो के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित कानूनगो ने एसडीएम को जानकारी दी कि विशेष भूमि सर्वेक्षण में आवेदक का दावा से संबंधित कागजात यथा खतियान खतियान की छाया प्रति, राजस्व रसीद की छाया प्रति, जमाबंदी संख्या की विवरणी,मृत जमाबंदी रैयत की मृत्यु से संबंधित प्रमाण पत्र एवं तिथि, याचिकाकर्ता का मृतक के वारिस होने संबंधी प्रमाण पत्र, सक्षम न्यायालय का आदेश की सच्ची प्रतिलिपि, याचिकाकर्ता का आधार, वोटर कार्ड की छाया प्रति आवश्यक है। वर्तमान में सर्वेक्षण को लेकर सभी पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन हो चुका है। वहीं ऐसे पंचायत जिसका क्षेत्र बड़ा है वहां मिनी ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। याचिकाकर्ता से आवेदन के साथ साथ प्रपत्र दो में स्वघोषणा एवं प्रपत्र तीन(एक) में वंशावली भी लिया जा रहा है।

## कातिल को सजा दिलाने को भटक रही मां



**मानपुर।** बुनियादगंज थाना के शादीपुर में रहने वाली एक मां अपने बेटे के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए दर दर भटक रही है। 2वर्ष बाद भी इनका जख्म अब भी ताजा है। वे अधिकारियों से गुहार लगा रही है की इनकी आंखों के सामने तीन की संख्या में रहे कातिल बेटे के सीने में गोली मार दी। बावजूद इसके दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार करना तो दूर पहचान तक नहीं कर पाई। दरअसल 2 सितंबर 2022 को नकाबपोश अपराधियों ने मां और तीन बहनों के साथ घर के छत पर सो रहे उभरते कलाकार 25 वर्षीय कुंदन कुमार को गोली मार कर हत्या कर दिया था। बेटे के दूसरे पुण्यतिथि के मौके पर दैनिक भास्कर से बात करते हुए सुगापति देवी ने बताया की मामले का उद्भेदन के लिए दर्जनों बार स्थानीय थाना से लेकर डीजीपी तक गुहार लगा कर थक गई। लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ भी नही मिला। इधर नाम नही छापने के शर्त पर एक पुलिस अधिकारी ने बताया की पुलिस प्रेम प्रसंग में हत्या की थ्योरी पर अनुसंधान शुरू किया ।लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बताया की मार्ग में पड़ने वाले सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए, टावर डंप जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान हुआ। बावजूद सफलता हासिल नहीं हुई।

## कृमि मुक्ति दिवस को लेकर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**टनकुप्पा।** आगामी 4 सितम्बर को आयोजित होने वाले कृमि मुक्ति दिवस को लेकर सोमवार को टनकुप्पा हाईस्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी हो कि चार सितम्बर को कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्कूल में नामांकित सभी विद्यार्थियों व आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले 01-19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी स्कूल के हेडमास्टरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार दिवाकर, हेल्थ मैनेजर मुमताजुल हसन की देखरेख में हुई। कार्यशाला के दौरान दवा खिलाने के तरीके, दवा देने के बाद व पहले बरती जानेवाली सावधानी, दवा देने के बाद तबियत बिगड़ने पर या बच्चों असहज महसूस करने पर प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। एक भी बच्चा छूटे नहीं की चेतावनी देते हुए सभी बच्चें को कृमि मुक्ति दवा खिलाने का सख्त निर्देश दिया गया।

# नालंदा में जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता की शुरूआत

## 5 दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर होगा खेल का आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के दीपनगर स्टेडियम में एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला। यहां जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन बिहार सरकार के खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और नालंदा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उद्घाटन समारोह में नगर आयुक्त शेखर आनंद, अनुमंडल पदाधिकारी वैभव नितीन काजले, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार और जिला खेल पदाधिकारी शालिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर के सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम 3 से 7 सितंबर तक चलेगा। इसमें ऐथ्लैटिक्स, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, रग्बी, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कराटे, योग, वुशु और ताइक्वांडो जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना और नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। नगर आयुक्त शेखर आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए एक मंच है। जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि इस आयोजन से निकले उत्कृष्ट खिलाड़ी भविष्य में न केवल नालंदा बल्कि पूरे बिहार का नाम रोशन करेंगे। यह प्रतियोगिता विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा रही है। इसमें दीपनगर स्टेडियम के अलावा सोगरा उच्च विद्यालय का खेल मैदान, नालंदा हेल्थ क्लब और किसान कॉलेज सोहसराय का इनडोर स्पोर्ट्स हॉल शामिल है। इस आयोजन से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही यह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करेगा। प्रतियोगिता के परिणामों और विजेताओं की घोषणा 7 सितंबर को होने की संभावना है। खेल प्रेमियों और स्थानीय निवासियों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# संतुलित के साथ सात्विक हो आहार: डॉ. सहदेव

निज संवाददाता। गया



गया गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में गृहविज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना और सेहत केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में एक से 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण माह के तहत टेबल से परे विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सहदेव बाउरी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. शगुफ्ता अंसारी, डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी और यूनिसेफ़ से आए मुख्य वक्ता संजय कुमार सिंह ने दीप जलाकर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। डॉ. प्रियंका कुमारी ने पोषण माह मनाए जाने के पीछे निहित उद्देश्यों व संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला। कहा कि हमारा आहार संतुलित होना चाहिए, जिसमें सभी कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, मिनरल, रेशेदार सब्जियों आदि पोषक तत्वों की संतुलित मात्रा में उपस्थिति होनी चाहिए। मुख्य वक्ता संजय कुमार सिंह ने कुपोषण जनित रोगों के कारणों और निदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को हरी सब्जियां, फल, दूध-दही और आयरन युक्त आहार लेने कहा। फास्ट फूड की जगह घर में निर्मित पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी। चाय का अत्यधिक सेवन करने से परहेज करने को कहा। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब ने एक अत्यंत लाभप्रद संगोष्ठी के आयोजन के लिए डॉ. प्रियंका व छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व सशक्त तन, मन और आत्मा के लिए पोषणयुक्त भोजन जरूरी है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हमारा आहार संतुलित होने के साथ सात्विक भी हो। संगोष्ठी में छात्रा अन्या, हर्षिता, चंचल, ब्यूटी, समता, गुलसबा, फूलन, बिंदु, स्वाति, खुशी, संगम और काजल आदि ने प्रदर्शनी में सजाए गए विभिन्न खाद्य-पदार्थों में उपस्थित पोषक तत्वों के बारे में बारी-बारी से बताया। मौके पर डॉ. प्यारे मांझी, प्रीति शेखर, डॉ. रुखसाना परवीन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुचि सिन्हा, डॉ. प्रमिला कुमारी, डॉ. सीता, डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय की उपस्थित रहे।

# 200 बच्चों को पढ़ा रही 30 लोगों की टीम, कोविड में शुरू किया फाउंडेशन

निज संवाददाता। नालंदा



स्टूडेंट-प्राइवेट टीचर अपने खर्च से घूम-घूमकर कराते हैं पढ़ाई

बिहार शरीफ में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की टीम स्लम एरिया के बच्चों को शिक्षित बनाने के उद्देश्य से काम कर रही है। यह टीम फिलहाल 5 जगहों पर ऐसा अभियान चला रही है, जिसमें बच्चों के डेवलपमेंट के लिए अलग-अलग काम कर रही है। समाज के पिछड़े बच्चों को सशक्त बनाने की इस योजना की शुरुआत एक मोहल्ले से हुई थी। अभी 30 लोगों की टीम शहर भर के लगभग 200 बच्चों को पढ़ा रही है। टीम के सदस्य अपनी पॉकेटमनी से सारा खर्च उठाते हैं।

**कोविड में की हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की शुरुआत:** शहर के मोगल कुंआ के रहने वाले आशुतोष कश्यप ने साल 2020 में कोविड महामारी के दौरान जरुरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की शुरुआत की थी। लोगों की मदद के लिए की गई यह पहल आज शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 30 लोगों की टीम में से 6 सदस्य फाउंडेशन के काम को लेकर ज्यादा एक्टिव हैं। आशुतोष कश्यप के साथ विवेक चौरसिया, अभिषेक कुमार, अमन राज, जया शाह, भारती कुमारी और उपासना कुमारी टीम की एक्टिव मेंबर हैं। इनके साथ नीति राजपूत, सुबोध कुमार, यशस्वी, कीर्ति कुमारी, अमित सिंह, अमर प्रियदर्शी, सौरभ कुमार, अमित कुमार, बृजेश कुमार, सोनी कौशिक, धर्मवीर, मनीष, विवेक भी सहयोग करते हैं। आशुतोष कश्यप ने बताया कि बचपन से ही सामाजिक कार्यों में रुचि रही है। कोरोना के समय जो स्थिति देखी, उसके बाद शहर के स्लम बस्तियों में गया। वहां बच्चों की स्थिति काफी दयनीय थी। पहले सभी बस्तियों में जाकर बच्चों और उनके अभिभावकों से मिला। इसके बाद एक टीम खड़ी की। वर्तमान समय में बिहार शरीफ के पांच स्थलों पर रविवार के दिन बच्चों को कल्चरल एक्टिविटी के साथ-साथ पढ़ाया-लिखाया जाता है। टीम के सदस्य त्योहार के समय इन्हीं बस्तियों के बच्चों के साथ पर्व मनाते हैं। बच्चों के बीच कॉम्पिटिशन कराई जाती है। जो बच्चे अव्वल आते हैं, उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। यह सारी व्यवस्थाएं फाउंडेशन सदस्यों के पॉकेट खर्च से बचाए गए पैसों से करता है। आगे हमारी योजना है कि जो लोग फुटपाथ पर अपनी जिंदगी गुजर-बसर कर रहे हैं, उन्हें मुफ्त में भोजन उपलब्ध कराया जाए।

**इन 4 काम पर विशेष ध्यान:** आशुतोष कश्यप ने बताया कि फाउंडेशन का शिक्षा के प्रसार, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक उत्थान जैसी चीजों पर काम करने का मुख्य उद्देश्य होता है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने कई स्कूलों में छात्रों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की है। इसके साथ ही वो गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। शहर के महादलित बस्तियों में जाकर फाउंडेशन के सदस्य बच्चों को रविवार को ट्यूशन पढ़ाते हैं। इसके अलावा अलग-अलग इवेंट भी बच्चों के बीच कराया जाता है। बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों का बोध भी कराया जा रहा है। फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए कई अभियान चलाए हैं, जिसमें पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और जल संरक्षण शामिल हैं। गर्मियों के मौसम में फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा पशु पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कराई जाती है। इसके अलावा स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। इनमें लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सामाजिक उत्थान के लिए भी कई कार्यक्रम चलाए गए हैं जिसमें महिला सशक्तिकरण, दिव्यांग सहायता और गरीबों के लिए रोजगार सृजन शामिल हैं।

**अभियान में जुड़े हैं 200 से अधिक बच्चे:** बातचीत के दौरान बताया गया कि हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन में वर्तमान समय में 200 से अधिक बच्चे जुड़े हुए हैं। शहर के नईसराय, बैंक कॉलोनी, गौरक्षणी, बड़ी पहाड़ी राज ट्रांसपोर्ट के पास बच्चों को पढाने-लिखाने का कार्य किया जा रहा है।

**टीम मेंबर्स ने बताया उद्देश्य:** फाउंडेशन से जुडी सदस्य उपासना बताती हैं कि सोशल मीडिया पर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के कार्य को देखकर वह प्रेरित हुई और जुड़ गई। पिछले दो महीने से हर रविवार को स्लम बस्तियों में जाकर बच्चों को पढ़ाने का काम करती है। खुद भी पीजी की पढ़ाई कर रही है। बिजली विभाग में कार्यरत सह फाउंडेशन के सदस्य अमन ने बताया कि जब भी समय मिलता है, जरूरतमंद बच्चों को मदद करने के लिए पहुंच जाते हैं। ऐसे कार्य में सभी लोगों को रुचि लेना चाहिए जिससे ऐसे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

# नदी में डूबकर बुजुर्ग की मौत, पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में चले गए

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में सोमवार को नदी में डूबकर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत सदरपुर गांव का है। मृतक की पहचान बिन्द थाना क्षेत्र के उतरथु गांव निवासी स्वर्गीय जुगेश्वर यादव के (80) वर्षीय पुत्र दिनौर गोप के रूप में की गई है। देर रात परिजन शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि शौच के लिए दिनौर गोप जिराइन नदी के किनारे गए थे। जहां पैर फिसलने से हादसा हो गया। जब वह घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन की जाने लगी। मवेशी चरा रहे लोगों से पता चला कि वह नदी की तेज धार में बह गए हैं।घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर सदरपुर गांव के सूर्य मंदिर के पास शव बरामद किया गया। बिन्द थाना अध्यक्ष राकेश रौशन ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# लोजपा रामविलास संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष RJD में शामिल

## राजद नेता रजनीश कुमार बोले- हर नौजवान तेजस्वी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा

निज संवाददाता। नालंदा




RJD के जिला कार्यालय में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिला। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पूर्व संसदीय बोर्ड के नालंदा जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह उर्फ राजू ने राजद में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। राजद जिला अध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रजनीश कुमार सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि रजनीश कुमार ने सोमवार, 2 सितंबर को पटना स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। इस अवसर पर रजनीश कुमार ने कहा कि देश के युवा आइकॉन और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर मैंने राजद में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि तेजस्वी यादव ने 2020 के विधानसभा चुनाव में जनता से जो वादे किए थे- कमाई, सिंचाई, दवाई, कार्रवाई और सुनवाई, उन्हें बहुत कम समय में लागू कर दिखाया है। आज देश का हर नौजवान उनकी ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। रजनीश ने यह भी कहा कि वे पार्टी के एक सच्चे सिपाही बनकर गांव-गांव तक राजद की नीतियों को पहुंचाने का काम करेंगे। राजद के जिला युवा अध्यक्ष मनोज यादव ने इस अवसर पर कहा कि रजनीश के आने से जिले में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस कार्यक्रम में राजद के कई अन्य नेता जैसे दीपक कुमार सिंह, पवन यादव, अनिल अकेला और विनोद यादव भी उपस्थित थे।

# गैंगरेप के बाद 5 साल की बच्ची की हत्या

## मां के साथ सोई मासूम को घर से उठाकर 500 मीटर दूर ले गए दरिंदे, शव नदी किनारे फेंका

निज संवाददाता। गया



गया में सोमवार की रात 5 साल की बच्ची से गैंगरेप हुआ। बच्ची अपनी मां के साथ सो रही थी। तभी गांव का लड़का उसे उठाकर घर से करीब आधा किमी दूर ले गया। वहां दो लड़कों ने उसके साथ गलत किया। दरिंदों ने वारदात के बाद बच्ची की हत्या कर दी और लाश को नदी किनारे फेंक दिया। रात में गांव वालों ने दोनों लड़के संदीप और गौतम को पकड़ लिया। गौतम शराब के नशे में धुत्त था। ग्रामीणों ने दोनों को बांधकर पहले पिटाई की, फिर पुलिस को सौंप दिया। दोनों ने ग्रामीणों के सामने अपना जुर्म कबूल किया। दोनों की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद हुआ। घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र की है।

**दोनों लड़कों से पुलिस पूछताछ कर रही:** गौतम पहले भी छोटे अपराध को अंजाम दे चुका है। दोनों पीड़ित परिवार के गांव में रहने वाले हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। जिस जगह से डेड बॉडी मिली है। उस स्थान को लेकर खबर लिखे जाने तक शेरघाटी और आमस थाने की पुलिस उलझी थी। हालांकि शव को शेरघाटी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**सुबह नदी किनारे ग्रामीणों को मिली लाश:** पीड़िता की मां ने बताया कि सभी लोग घर में सो रहे थे। बड़ी बेटी पड़ोस के घर में झूमर गाने के लिए गई हुई थी। रात करीब 10 बजे 5 वर्षीय बेटी को उठा कर ले गया। कुछ देर बाद जब नींद टूटी तो देखा बेटी गायब है। खोजबीन की पर कहीं कुछ पता नहीं चला। इसी बीच नदी किनारे से गांव वालों की शोर सुनाई दी। पता चला कि बड़ी बेटी झूमर गाने के बाद नदी किनारे शौच के लिए गई थी। वहां लड़कों को देख कर वो शोर मचाने लगी। गांव वाले मौके पर पहुंचे और दोनों लड़कों को पकड़ लिया।

गांव में लाकर पिटाई की तो दोनों ने स्वीकार किया कि सोई हुई बच्ची को उठा कर ले गया था। रेप के बाद जान से मार दिया। शव नदी किनारे पड़ा हुआ है। रात में ही शव को गांव वालों ने खोजना शुरू किया। सुबह नदी के दूसरे किनारे शव मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मृतका के पिता ने कहा कि हम कमा के आए थे। बच्ची सोई हुई थी। हम काफी थके थे, नींद आ गई। इसी दौरान लड़का उठाकर ले गया। दो लोगों ने मिलकर गलत किया है।

**एफआईआर दर्ज कर ली गई है:** शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार ने कहा कि मामले में शेरघाटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : केपीए/ईजी/ओटी–08/24–25, दिनांक 30.08.2024,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, डाकघर काँचरापाड़ा, पिन 743145, पश्चिम बंगाल के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सुदृढ़ वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त, प्रतिष्ठित और अनुभवी सरकारी लाइसेंसप्राप्त विद्युत ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : केपीए/ईजी/ओटी–08/24–25, कार्य का नाम:** काँचरापाड़ा सेंट्रल स्कूल, आरपीएफ बैरक और रेलवे स्टेडियम में इलेक्ट्रिकल पावर सप्लाई इक्विपमेंटों की समुन्नति एवं प्रतिस्थापन। **निविदा का अनुमानित मूल्य :** रु. 2,48,73,547.40, **बयाना राशि:** रु. 2,74,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **कार्य की समापन अवधि :** 1 वर्ष। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.09.2024 को 14.00 बजे। निविदा और कागजात की संपूर्ण जानकारी एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से देखे एवं प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से दिनांक 20.09.2024 के अंदर 14.00 बजे जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव जमा किए जाने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

MISC-159/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11

खेल

**उरूग्वे के दिग्गज खिलाड़ी लुइस सुआरेज ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया सन्यास**



Page 10

देश

**60 हजार जवान नहीं ला पा रहे शांति, उन्हें वापस बुलाए : विधायक राजकुमार इमो सिंह**


शुक्ल पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 04 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 265 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 66,700 | ₹86,000 |

## आज का इतिहास

- 1825 : भारत के महान स्वतंत्रता संग्रामी दादा भाई नौरोजी का मुंबई में जन्म हुआ। इन्हें 'भारतीय राजनीति का पितामह' भी कहा जाता है।
- 1952 : भारतीय फिल्मों के मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर का जन्म मुंबई के चेंबूर में हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 9 नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) (ए.)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले में आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में 9 नक्सली ढेर हुए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खात्मे का अभियान अभी भी जारी है। दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पश्चिम बस्तर डिवीजन के नक्सलियों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। इसी दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बल की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की जा रही है।

संस्कृति और विकास की अनूठी प्रस्तुति, दिल्ली के जनजातीय कलाकारों ने एक के बाद एक मनमोहक नृत्य-गीत किए प्रस्तुत

# हेमंत सोरेन ने दिल्ली में झारखंड भवन का किया उद्घाटन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली के प्रतिष्ठित कनॉट प्लेस के बंगला साहिब रोड स्थित नए झारखंड भवन का भव्य उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों की उपस्थिति में यह ऐतिहासिक क्षण दर्ज किया गया। समारोह को झारखंड की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की शानदार प्रस्तुति ने और भी खास बना दिया।

उद्घाटन समारोह का आगाज झारखंड के पारंपरिक मांदर-नगाड़े की थाप और जनजातीय गीतों से हुआ, जिससे समारोह का माहौल जीवंत हो गया। दिल्ली के जनजातीय कलाकारों ने एक के बाद एक मनमोहक नृत्य-गीत प्रस्तुत किए, जिनमें झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर की झलक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, और सांसद जोबा मांझी भी संताली नृत्य में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता और उल्लास का माहौल बन गया। उद्घाटन समारोह में झारखंड के कई महत्वपूर्ण नेता और अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, हफीजुल अंसारी, इरफान अंसारी, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, और स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

झारखंड भवन का भूमि पूजन 18 जनवरी 2016 को झारखंड की तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया था। वर्तमान में द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति और रघुवर दास ओडिशा के राज्यपाल हैं, जो इस भवन के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहर की महत्वपूर्ण हस्तियां रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में झारखंड भवन को झारखंड के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में बताया। उन्होंने कहा कि यह भवन राष्ट्रीय राजधानी में झारखंड की उपस्थिति को और भी मजबूत करेगा और झारखंड के लोगों के कार्यों को सरलता से निपटाने में सहायक होगा। उन्होंने इस भवन को झारखंड राज्य के गौरव और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताते हुए इसे राज्य के विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया।

इस प्रकार, झारखंड भवन का उद्घाटन समारोह न केवल एक नया भवन खुलने का प्रतीक था, बल्कि यह झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर भी था।



### झारखंड की संस्कृति का राष्ट्रीय राजधानी में आगमन

इस भवन के उद्घाटन के साथ ही दिल्ली में झारखंड की सांस्कृतिक उपस्थिति को एक नया आयाम मिला है। पारंपरिक नृत्य और संगीत की प्रस्तुति ने उद्घाटन समारोह को विशेष बनाया और दिल्ली के लोगों के सामने झारखंड की समृद्ध संस्कृति को उजागर किया। इस भवन के माध्यम से झारखंड की कला, संस्कृति, और परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर और भी अधिक पहचान मिलेगी।

### झारखंड भवन, राज्य के विकास में नई दिशा

झारखंड भवन का उद्घाटन न केवल राज्य के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, बल्कि यह झारखंड की उपस्थिति को राष्ट्रीय स्तर पर और भी मजबूत करेगा। यह भवन झारखंड राज्य के विकास में एक नई दिशा देगा और दिल्ली में रहने वाले झारखंड के निवासियों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां वे अपने राज्य से जुड़े कार्यों को आसानी से निपटा सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह भवन झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय राजधानी में मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

दिल्ली में राहुल और खड़गे से मिले हेमंत सोरेन, कहा

## हम पूरी ताकत से सरकार चलाएंगे और भविष्य में चुनाव भी जीतेंगे : हेमंत सोरेन

**एजेंसी | नई दिल्ली**



झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव को लेकर आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल्लकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। हेमंत सोरेन ने कहा कि शिष्टाचार मुलाकात हुई। अब हम झारखंड विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा करेंगे। हम पूरी ताकत से सरकार चलाएंगे और भविष्य में चुनाव भी जीतेंगे। झारखंड सीएम हेमंत सोरेन और राहुल गांधी की मुलाकात मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर हुई। इस दौरान तीनों के बीच लंबी चर्चा हुई है। इन तीनों के बीच किन- किन मुद्दों को लेकर बात हुई यह आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि मुलाकात में विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति, गठबंधन की मजबूती सहित कई मद्दों पर बात हुई है। हेमंत सोरेन का दिल्ली दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। हेमंत एक तरफ राजनीतिक रणनीति साधने में लगे हैं तो दूसरी तरफ सीएम ने आज दिल्ली में नए झारखंड भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर फरांव और सत्यानंद भोक्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली के कनॉट प्लेस में बंगला साहिब रोड पर नया झारखंड भवन बनाया गया है। झारखंड में कांग्रेस भी प्रदेश अध्यक्ष बदलने के बाद से पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूत करने की कोशिश कर रही है। विधायकों के अब तक के प्रदर्शन उनके विधानसभा चुनाव में जीत की संभावनाओं पर भी विचार कर रही है। हेमंत सोरेन इस मुलाकात में कांग्रेस के साथ राज्य में कैसे इस गठबंधन को मजबूत किया जाए इस पर चर्चा हुई है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल हो गए। रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में हुए कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार (30 अगस्त) को उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन के आने से भाजपा मजबूत होगी। टाइगर अभी जिंदा है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम अब पति-पत्नी और दलालों की पार्टी रह गई है।

## राज्य के 1.09 करोड़ बच्चों को मिलेगा मध्याह्न भोजन

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य के प्रारंभिक स्कूलों (कक्षा एक से आठ) के एक करोड़ नौ लाख बच्चों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-24 में मध्याह्न भोजन योजना की स्वीकृति केन्द्र सरकार ने दी है। शिक्षा विभाग ने एक करोड़ 19 लाख का बच्चों के लिए प्रस्ताव भेजा था पर इसमें कटौती की गयी है। कुल 2179 करोड़ इस योजना के लिए केन्द्र की ओर से स्वीकृत किये गये हैं। राशि की स्वीकृति मिलने के बाद अब उम्मीद जगी है कि एक सप्ताह के अंदर इस वित्तीय वर्ष की पहली किस्त केन्द्र की ओर से जारी कर दी जाएगी। इस संबंध में विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिन तिमाही में सबसे अधिक बच्चों ने मध्याह्न भोजन खाया है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में लगाए गए 52 करोड़ पौधे

**नयी दिल्ली (ए.)।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में देश भर में 52 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। यह जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत गत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की थी।

## सीएम ने सचिवालय में की बैठक, सूचना आयोग के दो रिक्त पदों पर हुआ चयन

**निज संवाददाता | पटना**



सीएम नीतीश कुमार ने मंगलवार को पुराने सचिवालय में बैठक किया। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। बीस मिनट तक यह बैठक चली है। बिहार के मानवाधिकार आयोग में दो पद खाली है। इन दोनों पद पर चयन को लेकर बैठक में चर्चा हुई है। इसके अलावा सूचना आयोग में भी दो सदस्य का चयन होना है। बैठक में सूचना आयोग के दोनों सदस्य पर फैसला हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि राज्य सरकार इसकी जानकारी देगी। दो सदस्यों पर फैसला हो गया है। उपमुख्यमंत्री पद से हटने के बाद वह पहली बार पुराना सचिवालय पहुंचे थे।

## पूर्व रेलवे की उच्च स्तरीय बैठक : रेलवे विकास और यात्री सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा





**विशेष संवाददाता | कोलकाता (प.बं.)**

मंगलवार को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देऊस्कर की उपस्थिति में हावड़ा और सियालदह मंडल नेटवर्क पर सांसदों के साथ एक उच्च स्तरीय मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हावड़ा और सियालदह मंडलों के प्रधान विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक भी शामिल थे। बैठक में विभिन्न प्रमुख मुद्दों और विकास पहलों पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख सांसदों ने भाग लिया, जिनमें से कई ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रेल सुविधाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। सांसद जगन्नाथ सरकार ने राणाघाट से पुरी तक ट्रेन सेवा और कल्याणी और राणाघाट के बीच मेट्रो सेवा की मांग की। डॉ. शर्मिला सरकार ने कटवा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अनुरोध किया।

सांसद यूसुफ पठान ने बेलडांगा क्षेत्र में रेलवे की टीम को लाने और अतिक्रमण समस्याओं को रोकने की प्रतिबद्धता जताई। वहीं, सांसद शताब्दी रॉय ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के विकास पर खुशी जाहिर की। सांसद अबू ताहिर खान ने भगवानगोला, मुर्शिदाबाद और अन्य स्टेशनों पर सुविधाओं को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, जबकि सांसद खलीलुर रहमान ने विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग की।

### महत्वपूर्ण परियोजनाओं और समस्याओं का समाधान

बैठक में सांसदों ने रोड ओवर ब्रिज, नई रेल लाइनों और वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेवाओं के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया। सांसद नागेंद्र राय ने न्यू बोंगाईगांव - कोलकाता वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के लिए प्रस्ताव रखा, जबकि सांसद समिक भट्टाचार्य ने सियालदह बनगांव और सियालदह-राणाघाट सेक्शन में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने सांसदों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेलवे विकास की दिशा में चल रहे कार्यों की प्रगति संतोषजनक है और यात्री सुविधाओं में वृद्धि के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से तारकेश्वर-बिष्णुपुर परियोजना के भूमि संबंधी बाधाओं का समाधान निकालने के लिए स्थानीय निवासियों का समर्थन मांगा।

### बैठक के परिणाम और भविष्य की योजनाएं

यह बैठक सांसदों और रेलवे अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। इस बैठक के माध्यम से रेलवे अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि जनता की आवाज़ और चिंताओं को सुना जाए और उन पर विचार किया जाए। बैठक में लिए गए निर्णयों और सुझावों का उद्देश्य यात्रियों के लाभ को अधिकतम करना और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। पूर्व रेलवे की यह बैठक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, जहां सांसदों और रेलवे अधिकारियों के बीच सहयोगात्मक और परामर्शी दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी गई है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, भारत मंडपम् का किया निरीक्षण

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने आज आगामी मेगा फूड इवेंट- वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् का दौरा किया। इसका कार्यक्रम का आयोजन 19 से 22 सितंबर, 2024 तक होना है। इस यात्रा के दौरान श्री पासवान के साथ मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, कार्यक्रम के आयोजन में शामिल भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की) व इन्वेस्ट इंडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस दौरे में प्रदर्शनी हॉल, सम्मेलन क्षेत्र और अन्य सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण शामिल था, जिनका उपयोग कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा। इसके अलावा श्री पासवान ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों और आयोजकों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने गुणवत्ता और दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। वर्ल्ड फूड इंडिया, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में नवीनतम नवाचारों, प्रौद्योगिकियों और रुझानों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पूरे विश्व के हितधारकों को एक अनोखा अवसर प्रदान करना है। इसमें ज्ञान सत्रों, पैनल चर्चाओं और नेटवर्किंग अवसरों की एक श्रृंखला शामिल होगी, जो सहभागिता को बढ़ावा देने और खाद्य प्रसंस्करण के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है।




# कृषि टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी नवादा, आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में धान की रोपनी 101.43 प्रतिशत हुई है, जबकि अन्य मोटे अनाज की उपज 73.31 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उर्वरक की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने उर्वरक की कालाबाजारी के रोकथाम के लिये नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि यांत्रिकीकरण योजना एवं आत्मा योजना अन्तर्गत प्रखंड स्तर पर मेला का आयोजन करें, ताकि किसानों एवं अन्य लाभुकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। साथ ही खरीफ फसलों पर विशेष निगरानी रखने एवं किसानों को तकनीकी सलाह नियमित रूप से देने का भी निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मिट्टी के नमूनों का भी ससमय विश्लेषण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के बीच वितरण करें, ताकि किसानों को मृदा स्वास्थ कार्ड का भी ससमय लाभ मिल सके। मृदा जॉच में सुधार होना आवश्यक है। कार्य को धरातल पर लायें। जिला गव्य विकास पदाधिकारी, नवादा को दुधारू पशुओं के योजनाओं का विस्तार करने के लिये एवं जिले के सुदूर क्षेत्र के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने बारी-बारी से यांत्रीकरण, उद्यान, पौधा संरक्षण, केवीके, पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य आदि का विस्तृत रूप से संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी ली और महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, जिला कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, अभियंता, लघु सिंचाई, एवं अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## द्वितीय अपील के तहत डीएम के द्वारा हुई सुनवाई

निज संवाददाता | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत 05 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 03 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद तृपित नारायण सिंह, पिता-लखन सिंह ग्राम-पकरिया, द्वारा पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर इस न्यायालय में बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत सोलर लाईट नहीं लगाने के संबंध में शिकायत दायर किया गया था। द्वितीय अपील की सुनवाई की गई जिसमें उत्तरदायी पदाधिकारी के द्वारा अविलम्ब नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सोलर स्ट्रीट लाईट लगाकर परिवाद का निस्तारण कर दिया गया। परिवादी राहुल कुमार, प्रखंड-रोह, अनुमंडल-रजौली, ग्राम-रतोई द्वारा सरकारी कर्मी के द्वारा राशन उठाव से संबंधित शिकायत ऑनलाईन किया गया था। द्वितीय अपील की सुनवाई में प्रश्नगत मामले का जांच कराया गया एवं जांचोपरान्त मामले को निष्पादन कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है।

## राजकीय मध्य विद्यालय में बाल संसद की समीक्षा बैठक संपन्न



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय मे 3 मंगलवार को बालसंसद के चल रहे काम को लेकर बैठक हुई। बैठक में परिमल फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रशांत सोनटक्के भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय की प्रधानध्यापिका ममता रानी भी मौजूद रही, जिनके मार्गदर्शन में मंत्रिमंडल विद्यालय में काम कर रहा है। इस दौरान स्वच्छता, जल, शिक्षा, खेल, विज्ञान और अन्य मंत्रालय एवं विद्यालय प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों ने अपने द्वारा किए गए काम को सबके समक्ष रखा। वहीं पिरामिल फाउंडेशन के प्रशांत सोनटक्के ने बताया कि बैठक के दौरान बाल संसद में स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री एवं प्रधानमंत्री से उनके द्वारा उठाये गए कदमों के बारे बातचीत किया गया। साथ ही हर विद्यालय में बाल संसद की क्रियाशीलता को लेकर छात्रों को जागरूक किया गया। इस मौके पर बाल संसद के प्रधानमंत्री अंकित कुमार, उप प्रधानमंत्री गौरव कुमार, जल मंत्री विवेक कुमार, सुरक्षा मंत्री समीर कुमार खेल मंत्री आदित्य कुमार, स्वच्छता मंत्री सागर कुमार, विज्ञान मंत्री सूरज कुमार, पर्यावरण मंत्री शिवम कुमार, शिक्षा मंत्री गौतम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री अखिलेश कुमार, पुस्तकालय मंत्री प्रवीण कुमार, सांस्कृतिक मंत्री सौरभ कुमार उपस्थित थे।

## खखन्दुआ हत्याकांड में नप गए थाली के प्रभारी थानाध्यक्ष

निज संवाददाता | नवादा

जिले के उग्रवाद प्रभावित खखन्दुआ पत्थर खदान क्षेत्र में एक संवेदक के कर्मी विनोद सिंह की हत्या के मामले में थाली थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष ललन कुमार पर कार्रवाई की गाज गिरी है। एसपी नवादा के स्तर से उक्त कार्रवाई की गई है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर एसपी द्वारा इससे संबंधित सूचना मीडिया को नहीं दी गई है, लेकिन पुलिस सूत्र इसकी पुष्टि कर रहे हैं। एसपी ने पहली बार किसी पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई की है। वैसे शराब के एक मामले में सिरदला थानाध्यक्ष पर गाज गिरी थी लेकिन कांड के सूत्रधार मुंशी अब भी थाने में जमा है। खखन्दुआ की घटना और इसके बाद कार्यों में लापरवाही के मामले में थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। यह भी सूचना है कि उन्हें निलंबित भी किया जा सकता है। फिलहाल, वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अकबरपुर के थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी को थाली थाना का प्रभार दिया गया है। यहां के थानाध्यक्ष विकास कुमार अवकाश पर चल रहे थे। ऐसे में ललन कुमार के जिम्मे प्रभार था। इस मामले में मृतक के परिजन सहित हिसुआ के पूर्व बीजेपी विधायक अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने वहां के थानाध्यक्ष पर विनोद के जिंदा रहते फर्द बयान नहीं लेने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। हाल के दिनों में जिले में क्राइम का ग्राफ काफी बढ़ा है। ऐसे में किसी थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की यह पहली घटना है। वैसे, कुछ दिनों पूर्व मुफस्सिल के अपर थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया था। और थानाध्यक्ष को कारण पृच्छा जारी किया गया था। जिले में निर्माणाधीन क्रशर प्लांट के कर्मी की बेरहमी पूर्वक पिटाई की गई। गंभीर रूप से घायल कर्मी की मौत इलाज के दौरान हो गई। थाली थाना क्षेत्र के खखन्दुआ पत्थर खदान के पास शुक्रवार की रात घटना को अंजाम दिया गया था। राजधानी पटना के अपोलो अस्पताल में रविवार को कर्मी की मौत हुई। शव को सदर अस्पताल लाया गया। जहां सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम हुआ। बताया जाता है कि खखन्दुआ पहाड़ी का कुछ हिस्सा नालंदा जिले के पटेल एग्रो नामक कंपनी को पत्थर उत्खनन के लिए आवंटित हुआ है। वहां खनन का काम शुरू करने के पूर्व क्रशर प्लांट लगाने का काम चल रहा है। इस प्लांट की सुरक्षा के लिए रात्रि प्रहरी का काम पास के नाद गांव के विनोद सिंह किया करते थे। शुक्रवार की रात विनोद सिंह अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उनके साथ बुरी तरह से मारपीट किया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल लाया गया जहां सीटी स्कैन कराया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें हायर संस्थान रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें अपोलो अस्पताल पटना ले गए। जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। सोमवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में कुछ हमलावरों मुन्ना यादव, सुधीर यादव, महेश यादव, कपिल यादव, कारू यादव सहित अन्य के नाम सामने आए हैं। घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूर्व विधायक के नजदीकी थे मृतकः- मृतक व उनका परिवार भाजपा नेता व हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह के काफी नजदीकी थे। मौत की खबर के बाद रविवार की रात को ही वे सदर अस्पताल पहुंच गए थे। सोमवार को भी पोस्टमार्टम के वक्त सदर अस्पताल में मौजूद थे। पूर्व विधायक के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता सहित भाजपा के कई नेता भी पोस्टमार्टम होने तक सदर असप्ताल में डटे रहे। घटना से लोगों में आक्रोश है। घटना को लेकर कई तरह की चर्चाः- घटना के पीछे रहे कारणों को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही है। कुछ लोगों का कहना है कि कोई बाहरी व्यक्ति यहां पत्थर खनन करे, यह उन लोगों को मंजूर नहीं था। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि हमलावर बदमाश भी खदान में काम चाह रहे थे। संवेदक के इंकार करने पर काम में खलल डालने के लिए ऐसा किया गया। बहरहाल, घटना की वजह तो पुलिस अनुसंधान में ही सामने आएगा। लेकिन, इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति काबू में नहीं है। हाल के दिनों में कई ऐसी घटनाएं हुई जो पुलिसिंग सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। घटना कितनी बड़ी हो जाय पुलिस सूचना के बावजूद कभी पहुंचने का जहमत नहीं उठाती। कारण स्पष्ट है पुलिस कितना भी कुकर्म कर ले एसपी सुनते सिर्फ पुलिस की हैं। यही कारण है कि पुलिस की बेइज्जती न हो जाय इसलिए राज को राज रहने दो की तर्ज पर एसपी मामले पर पर्दा डालने में लगे हैं।

## पत्रकार संगठन द्वारा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




प्रखण्ड कार्यालय परिसर में नवादा जिला पत्रकार संगठन के बैनर तले रजौली प्रखण्ड इकाई के अध्यक्ष कुमार मनीष देव की अध्यक्षता में पौधरोपण किया गया। इस दौरान बीडीओ संजीव झा, सीओ गुफरान मजहरी एवं बीईओ दिगम्बर ठाकुर भी मौजूद रहे। प्रखण्ड अध्यक्ष ने बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। कई पेड़-पौधों की छाल औषधि बनाने के भी काम आती है। इनकी लकड़ियों से फर्नीचर बनाए जाते हैं। पेड़ों से हमें कागज़ की भी प्राप्ति होती है। पेड़-पौधों की सूखी पत्तियों से खाद भी बनती है। पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं, अतः हमें पेड़-पौधे नहीं काटने चाहिए। हम अपने लालच के लिए पेड़-पौधे काटकर अपने पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे पक्षियों के घर उजड़ रहे हैं तथा वातावरण भी दूषित हो रहा है।वृक्ष काटने से ही बाढ़, भूमि-स्खलन आदि होते हैं। इसीलिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है इसके कही सारे लाभ हमारे जीवन में होते हैं। इस मौके पर पत्रकार संगठन के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार राय, राजेश कुमार, राहुल कुमार एवं संतोष कुमार के अलावे कई शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

## गणेश पूजा को लेकर थाने में हुई शांति समिति बैठक

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** आगामी गणेश पूजा का त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को नरहट थाना परिसर में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों से गणेश पूजा का त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करते हैं वे सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करें। लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का हथियार का प्रदर्शन नही होगा। किसी भी तरह का उपद्रव होता है तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के सभी प्रखंडों में जदयू के नए अध्यक्षों का हुआ मनोनयन, जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

निज संवाददाता | नवादा

जिला जदयू के सभी 14 प्रखंडों में नए अध्यक्ष का मनोनयन कर दिया गया है। जिले में जदयू संगठन को मजबूत करने को लेकर जदयू के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष की सूची जारी की है। सूची जिला जदयू अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी को भेजी गई है। जदयू के नए प्रखंड अध्यक्षों के मनोनयन में पार्टी नेतृत्व ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है। पार्टी ने सर्वाधिक भागीदारी पिछड़ी और अतिपिछड़ी जाति को दिया है। सर्वाधिक पांच पिछड़ी जाति और चार अति पिछड़ा जाति को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि एक महादलित महिला को जगह दी गई है। वहीं सामान्य जाति से तीन और एक अल्पसंख्यक समुदाय को प्रखड अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश जदय कार्यालय से जारी सूची के मुताबिक सदर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर नवल प्रसाद चौहान, नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष के पद पर जयराम प्रसाद कुशवाहा, वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष के पद पर अजय कुमार राय, पकरीबरावां प्रखंड अध्यक्ष के पद पर नवलेश कुमार राकेश, काशीचक प्रखंड अध्यक्ष के पद पर प्रदीप कुमार का मनोनयन हुआ है। इसी प्रकार रोह प्रखंड अध्यक्ष के पद पर विकास कुमार, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर शोभा कुमारी, कौआकोल प्रखंड अध्यक्ष के पद पर दिलीप कुमार, नरहट प्रखंड अध्यक्ष के पद पर मो. ऐहतेशाम कैसर (मुखिया के भाई), हिसुआ प्रखंड अध्यक्ष के पद पर मनोज कुमार कुशवाहा, अकबरपुर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर विनोद कुमार वर्मा, रजौली प्रखंड अध्यक्ष के पद पर दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह, मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर उपेन्द्र चौहान, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष के पद पर दिनेश कुमार को मनोनित किया गया है। सूची में कौआकोल, नारदीगंज, हिसुआ और अकबरपुर तथा सिरदला में पिछड़ी जाति के अध्यक्ष बनाए गए हैं, जिनमें चार कुशवाहा और एक यादव को स्थान दिया गया है। वहीं नवादा, वारिसलीगंज, कशीचक और मेसकौर में अतिपिछड़ी जाति को जिम्मेवारी मिली है। जबकि गोविंदपुर में राजवंशी जाति की महादलित महिला को तवज्जो मिला है। नरहट में अल्पसंख्यक को जबकि रोह, रजौली और पकरीबरावां में सामान्य जाति को जगह दिया गया है। नव मनोनित प्रखंड अध्यक्षों को जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विधार्थी, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य जद यू नेत्री अफरोजा खातुन ने बधाई और शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा कि नए प्रखंड अध्यक्षों के मनोनयन के बाद पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## पोलियो अभियान आगामी 22 सितंबर से शुरू

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर पल्स पोलियो टास्क फोर्स की बैठक सीएचसी नारदीगंज में हुई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने की। इस दौरान प्रभारी बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, सीडीपीओ मंजू कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार,डब्लूएचओ विष्णुकांत पांडेय समेत अन्य की मौजूदगी में हुई। कहा गया आगामी 22 सितंबर से पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान शुरू होना है।जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को घर घर जाकर पोलियो का ड्राप पिलाना है। एक भी बच्चा छूट नहीं जाय, इसका ख्याल रखना जरूरी है। इस प्रखंड में 25 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके दवा भंडारण के लिए चार सबडिपो बनाया गया है। सीएचसी के अलावा बस्ती बिगहा, वनगंगा आजादनगर, मसौढा गांव में सबडिपो के लिए चयनित किया गया है।

## हवलदार के जन्म दिन पर लोगों ने दीर्घायु की किया कामना

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पेंशनर समाज के सेवानिवृत्त हवलदार सह मनमां निवासी 68 वर्षीय दशरथ प्रसाद का मंगलवार को जन्मदिन मनाया गया। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर भवन नारदीगंज में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर दीर्घायु व स्वस्थ्य होने की कामना की। मौके पर समाज सचिव श्रीकांत सिंह, शुभकरण चौहान, चंद्रिका सिंह, यमुना प्रसाद, नरेश कुमार, कामता प्रसाद सिंह, रघुनंदन प्रसाद, रामाधीन सिंह समेत अन्य पेंशनरों के अलावा मीडियाकर्मियों ने शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

## विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



प्रखण्ड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन दिनों सीडीपीओ अंजली कुमारी की देखरेख में लगातार पोषण माह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीडीपीओ द्वारा स्वंय भी दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर चल रही गतिविधियों का जायजा लिया जा रहा है। सीडीपीओ अंजली कुमारी ने बताया कि सरकार व विभाग के निर्देश पर पोषण माह मनाने को लेकर रंगोली एवं अन्य तरह के गतिविधि के माध्यम से लोगो को कुपोषण से बचने की जानकारी दिया जा रहा है। वहीं इस दौरान लोगों पर केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं गर्भवती महिला एवं धातृ महिला को मिलने वाली सुविधा, किशोरी बालिका, एनीमिया से बचाव आदि के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

## एनीमिया से बचाव के लिए बच्चों को दी गई जानकारी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में मंगलवार को पोषण माह, पोषण सप्ताह व स्काउट एंड गाइड का छह दिवसीय प्रशिक्षण समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रभारी बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक पल्लवी लिसा, प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक, प्रखंड साधन सेवी सुभाष कुमार व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीआरपी राजकुमार सिंह, राष्ट्रपति द्वारा पुरुस्कृत संतु कुमार, स्काउट मास्टर विजय कुमार पाल, मुरलीधर कुमार, सौरभ कुमार समेत अन्य रहे। इस दौरान बुनियादी विद्यालय नारदीगंज के छात्र व छात्राओं ने 12 स्टॉल बनाये, जहां विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन को बनाया, उन सभी व्यंजन को बीडीओ समेत अन्य अतिथियों के अलावा छात्र व छात्राओं ने रसास्वादन कर पोषण तत्व की जानकारी दी। आगत अतिथियों ने छात्र व छात्राओं की हौसला बढ़ाया। वही स्काउट गाइड के प्रथम सोपान के 10 टोली नायक को बीडीओ ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। और उन्होंने तिरंगा झंडा की सलामी देने की प्रशिक्षण भी सभी को दिये। प्रशिक्षण के दौरान मार्च फ़ास्ट, स्वास्थ्य के नियम, अनुशासन, स्वध्याय व अन्य जानकारी दी गई, वही विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। टोली नायक में कोमल कुमारी, प्रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कारी कुमारी समेत 12 टोली ने स्वादिष्ट व्यंजन को बनाया। मौके पर शिक्षक राधे कुमार, शिक्षक रूपेश कुमार, पूनम कुमारी, डॉ. सुधा कुमारी, धनन्जय कुमार, बिनोद कुमार रविदास, परवेज आलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## देह व्यापार के आरोप में होटल से महिला एवं पुरुष सहित दस गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा



बिहार- झारखंड सीमा पर झारखंड राज्य के कोडरमा जिले के कोडरमा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बागीटांड़ स्थित होटल स्पाइसी हाउस एंड रेस्टोरेंट में छापामारी कर वेश्यावृत्ति के आरोप में दस महिला-पुरुष को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगो में नवादा और पटना जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो कोडरमा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कोडरमा थाना क्षेत्र के बागीटांग स्थित होटल स्पाइसी हाउस एंड रेस्टोरेंट में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। इसके बाद कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार तथा कोडरमा थानाध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त होटल में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक महिला सहित 4 युवती और 5 पुरुष आपत्तिजनक हालत में पाए गए। उसके बाद सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान उक्त होटल के कमरे से अवैध शराब सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के परमा गांव निवासी नरेश प्रसाद का पुत्र धर्मेंद्र कुमार, रोह थाना क्षेत्र के बारापांडेय गांव निवासी मुन्द्रिका प्रसाद यादव का पुत्र मुकेश कुमार, संजय व राजनंदन प्रसाद का पुत्र कुमार के अलावा पटना जिले के गर्दनीबाग मुहल्ला निवासी सुरेन्द्र सिंह का पुत्र सुमन कुमार एवं पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के पिंटू कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार सभी आरोपितों को पुलिस ने कोडरमा जेल भेज दिया। सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार लोगों में बिहार पुलिस के अधिकारी और शिक्षक शामिल हैं, जिनके नामों का खुलासा पुलिस नहीं कर रही है। होटल संचालक अविनाश कुमार नवादा के बताये गये हैं।

## सात महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखंड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने केंद्र में आये सात महिलाओं का बंध्याकरण किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का खून, जांच, मूत्र जांच, रक्त जांच समेत अन्य जांच किया। इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, आलम समेत अन्य रहे।

## ड्रोन तकनीक से नैनों यूरिया का किया गया छिड़काव

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)




प्रखण्ड के लालपुर पंचायत के मड़पो गांव में मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के द्वारा प्रधानमंत्री के 100 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन तकनीकी प्रत्यक्षण से किसानों की धान फसल पर नैनो यूरिया का स्प्रे करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक रौशन कुमार ने ड्रोन तकनीकी के बारे में विस्तृत रूप से किसानों को जानकारी दी तथा इस तकनीक द्वारा 15 एकड़ धान की खड़ी फसल पर नैनो यूरिया का स्प्रे करके दिखाया गया। मौके पर ड्रोन पायलट विकास कुमार, पप्पू कुमार, पिंटू पासवान समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकों को ऑनलाइन अटेंडेंस बनाने आई समस्या

**आरा**। जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को ई शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन अटेंडेंस बनाने में सोमवार को परेशानी हुई। इसको लेकर शिक्षक विभाग के बीपीएम और अन्य अधिकारियों को सूचना दी। कई शिक्षक व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज और ग्रुप फोटो भेज कर भी अटेंडेंस बनाने में आ रही परेशानी से अवगत कराया है। शिक्षकों ने समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। गौरतलब हो कि विभाग ने पहली सितम्बर से ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर वेतन भुगतान करने के जारी निर्देश के बाद शिक्षकों में कई तरह की चर्चाएं हो रहे हैं।

### तीन घंटे विद्युत आपूर्ती रहेगी बंद

**आरा**। एटूजेड, धोबी घटवा पीएसएस में अधिष्ठापित पावर ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों का मेंटेनेंस करने के लिए, मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक धोबी घटवा पीएसएस से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके कारण उक्त समय में जगदेव नगर, सिंह कॉलोनी, बाजार समिती, बिष्णु नगर, अनाईठ खोरीका, भेलाई, चौराई, कल्याणपुर के आस पास के क्षेत्र, सर्वोदय नगर, बैंक कॉलोनी, राम बिहार कॉलोनी, सिद्धार्थ नगर, जीरो माईल, आदर्श नगर, कृष्णा पूरी, बेहरा, एकौना, तेतरिया, उदवंतनगर, मलथर, सलथर, मथवनिया, डिहरी, गड़हा, चंचल टोला, असनी, जैतपुर, जैतपुर मठिया, सोनपुरा, ज्ञानपुरा, बीरमपुर, इंद्रपुरा, मसाढ़ टोला, मठिया गाँव के आसपास के क्षेत्र की बिजली प्रभावित रहेगी।

### राहुल सिंह ने बार एसोसिएशन का सदस्यता ग्रहण किया




**आरा**। भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सह अधिवक्ता राहुल कुमार ने सोमवार को बार एसोसिएशन का सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता बार एसोसिएशन आरा के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश मिश्रा जी और उपाध्यक्ष चंडेश्वर राय द्वारा दिलाया गया। साथ में आरा सिविल कोर्ट के पीपी विद्वान और वरिष्ठ अधिवक्ता नागेश्वर दुबे और अधिवक्ता विजेता वर्धन द्वारा मिठाई खिलाकर आशीर्वाद और बधाई दिया गया। इस मौके पर युवा मोर्चा विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता अंजनी कुमार अधिवक्ता विनीता सिंह, अधिवक्ता सुशील टाइगर, बीजेपी बिहार प्रदेश के कार्य समिति सदस्य राजेंद्र तिवारी भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुद्ध विभु जैन , महामंत्री अंकित सिंह चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, अंकित तिवारी, धर्मेंद्र पांडे, आदि सिंह आदि, मुकेश कुशवाहा, सरवन कुमार, रवि केशरी, जिला मंत्री कुमार प्रतीक, मनोरंजन तिवारी, पल्लवी प्रियदर्शी,कुणाल सिंह, आशोतोश मिश्रा, राजीव कुमार ऋषि,अभिषेक अमन,कमल क्लब के संयोजक बड़े सिंह बजरंगी जी, आईटी सेल के प्रतीक चंद्रवंशी जी, युवा नेता नितेश दुबे , अंजली पाण्डेय, रितिक सिन्हा, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, अभय सिंह, राजीव सिंह,राहुल सिंह,जी, अंकित प्रियदर्शी, सौरभ सिंह, विशाल सिंह, अमलेश यादव कई लोगों द्वारा शुभकामनाएं और बधाई दिया गया जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी

### कोईलवर व गड़हनी में पीके का शानदार स्वागत

**कोईलवर**। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का भोजपुर जिले में जगह-जगह सड़कों पर लोगों ने स्वागत किया। कोईलवर नगर पंचायत के थाना मोड़ पर जिला पार्षद परिधि गुप्ता की अगुवाई में युवाओं ने स्वागत किया। धनडीहा के मुखिया धीरेंद्र प्रताप सिंह, कुल्हड़िया, दौलतपुर, कायमनगर, राजापुर, चंदा, जलपुरा के मुखिया ने भी स्वागत किया। दूसरी तरफ, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सरताज आलम उर्फ सोनू खान के नेतृत्व में लोगों ने प्रशांत किशोर का स्वागत किया। गड़हनी नगर पंचायत में प्रखंड प्रमुख बिनोद यादव, उपमुख्य पार्षद सुनय परमार उर्फ बब्लू सिंह, अरुण सिंह, भिखारी राम, मंटू सिंह, पिन्टू गुप्ता समेत दर्जनों लोग थे। पूर्व उपप्रमुख श्याम कुमार मिश्रा के भी नेतृत्व में लोगों ने स्वागत किया।

### जिलास्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, 150 स्कूल के 4500 प्रतिभागी शामिल

**आरा**। पांच दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में सोमवार को हुआ। यह प्रतियोगिता खेल विभाग बिहार व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन भोजपुर के तत्वावधान में हो रहा है। जिसमें 150 विद्यालय के 4500 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी 21 खेल विधाओं में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता 2 से 6 सितंबर तक चलेगी। सोमवार को उद्घाटन एडीएम मनोज कुमार झा और जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह सभी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने, रंग-बिरंगे ट्रैकसूट में अपने विद्यालयों के बैनर के साथ मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट में सबसे आगे कहथु-मसूढ़ी उच्च विद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक बैंड की धुन बजाती चल रही थी। स्वागत गीत सुर से सुर मिलाकर गाए मंगल गान..., वंदे मातरम पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दक्ष विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग में हो रही है। जिसमे बालक वर्ग में-3 हजार एवं बालिका वर्ग में 1500 खिलाड़ी शामिल हो रहे है। उद्घाटन समारोह में दक्ष आवासीय विद्यालय के डायरेक्टर विश्वजीत पांडेय, अमन कुमार, सोनू कुमार, अलख निरंजन, आशीष मिश्रा, कृष्ण कुमार, अंचल गोस्वामी व कुमारी सुमन समेत कई लोग उपस्थित थे। अलग-अलग प्रतियोगिता में खिलाड़ी शामिल अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, महाराजा कॉलेज, आरा क्लब, चर्च मैदान, कैथोलिक मिशन स्कूल, बिहिया चौरस्ता खेल मैदान व खेल भवन में हो रही है। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक, वॉलीबाल, हैंडबॉल, फुटबॉल, बुशू, ताइक्वांडो, योग, बास्केट बॉल, बैडमिंटन, हॉकी, रग्बी, क्रिकेट, शतरंज, कराटे व भारोत्तोलन शामिल है।

### बक्सर में जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बक्सर**। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बक्सर के एमपी हाईस्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राइवेट और सरकारी दोनों को मिलाकर कुल 122 स्कूलों ने हिस्सा लिया है। यह कार्यक्रम बक्सर के कुल 5 जगहों पर आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी, जिसमें 20 प्रकार के खेलों का चयन किया गया है। खेल में चयनित उम्मीदवारों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका दिया जाएगा। सफल उम्मीदवारों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन बक्सर जिला डीएम अंशुल अग्रवाल ने आज हरी झंडी दिखा कर किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को शारीरिक रूप से दक्ष तो बनता ही है। इसके अलावा खिलाड़ियों का मुख्य लक्ष्य आगे चलकर देश स्तर पर अपने जिले का नाम रौशन करना भी होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का ख्याल रखा गया है। उद्घाटन समारोह में डीडीसी महेंद्र पाल, बक्सर एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा, खेल पदाधिकारी शशांक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता लड़के और लड़की के तीन आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, खो-खो, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, योग, कराटे, शतरंज, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, रग्बी, हॉकी, वुशू और फुटबॉल आदि कुल 20 खेलों का आयोजन होगा। जो बक्सर जिला मुख्यालय के अलावा जिले विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में किया जाएगा।

# दोस्तों संग नहाने गया युवक बनास नदी में डूबा, मौत

## पानी के तेज धार बह गया था, लाश ढूंढने में एसडीआरएफ की टीम को लगे दो दिन

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के असुधन गांव स्थित बनास नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। जिसका शव दूसरे दिन करण टोला गांव स्थित बनास नदी से सोमवार को एसडीआरएफ की टीम की मदद से बरामद किया गया। मृत किशोर आयर थाना क्षेत्र के असुधन गांव निवासी बिजेश्वर सिंह का 16 वर्षीय पुत्र मुन्ना बिंद है जो इंटर का छात्र था। इधर, गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार उर्फ डब्बू ठाकुर ने बताया कि रविवार की शाम वह गांव में स्थित बनास नदी में कुछ दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान पानी में तेज बहाव होने के कारण वह बह गया। दोस्तों ने बचाने का काफी प्रयास किया था। इसके बाद सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।

**लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा:** एसडीआरएफ की टीम ने रविवार की शाम उसकी काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिल पाया। इसके बाद सोमवार की सुबह से ही एसडीआरएफ ने खोजबीन की। कठिन परिश्रम के बाद सोमवार की देर शाम करण टोला गांव स्थित बनास नदी से उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां और एक भाई कल्लू है।

# भाई को भाला से मारकर किया जख्मी

निज संवाददाता। आरा



♦ बचाने गई पत्नी की भी कर दी पिटाई, घायलों का सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर भाई ने भाई को भला मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं, जब उनकी पत्नी बीच-बचाव करने गई तो उसकी भी पिटाई कर दी गई। जिसके बाद गंभीर हालत में जख्मी अधेड़ को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी अधेड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव वार्ड नंबर-18 निवासी सुरेंद्र राय के 45 वर्षीय पुत्र शिव प्रसाद राय हैं। जबकि जख्मी उनकी पत्नी विजयंती देवी है। विजयंती देवी ने बताया कि सोमवार की रात जब पति शिव प्रसाद राय छत पर खाना खा रहे थे। तभी देवर और भैसूर गाली-गलौज कर रहे थे। जब पति ने उन्हें मना किया तो वे लोग छत पर चढ़कर उन्हें भला मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**मैं बचाने गई तो मेरी भी पिटाई कर दी:** घायल ने कहा कि मैं जब उन्हें बचाने गई तो उनलोगों ने मेरी भी पिटाई कर दी। मारपीट में मैं जख्मी हो गई। मुझे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी अधेड़ की पत्नी विजयंती देवी ने अपने देवर रविंद्र राय और भैसूर उपेंद्र राय पर गाली-गलौज का विरोध करने पर पति को भाला और खुद को मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत, भैंस चराने जाए थे

## गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा, दूसरे दिन शव बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव में भैंस चराने गए किसान का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उनका शव गांव में ही स्थित नदी से सोमवार की सुबह बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव निवासी स्व. मुंशी राय का बेटा विनोद राय(50) है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के बेटे ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे वह भैंस चराने के लिए घर से निकले थे। उसी बीच वह गांव में स्थित नदी में डूब गए। इसके कारण उनकी मौत हो गई। इसके बाद वह मौजूद एक महिला ने उन्हें डूबते देखा। उसने इसकी सूचना उनके परिजन को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन अधिक शाम हो जाने के कारण उन लोगों ने उनकी खोजबीन नहीं की। सोमवार की सुबह परिजन दोबारा घटनास्थल पर गए और काफी अथक प्रयास करने के बाद उनके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। उधर, घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य धनंजय यादव आरा सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिल कर घटना की जानकारी ली और उन्हें सांत्वना दिया। बताया जाता है कि मृतक अपने 2 बहन और 2 भाई में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीना देवी और 2 बेटी लक्ष्मी कुमारी, कंचन कुमारी और 1 बेटा सोनू यादव है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मीना देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा है।

# अखिल हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार जमीन के लिए गोली मार की थी हत्या

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव में पिछले महीने के अखिल सिंह हत्याकांड का पुलिस खुलासा किया है। कांड में संलिप्त पड़ोस के एक शातिर को गिरफ्तार किया है। जानकारी पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि वांछित की गिरफ्तारी रोहतास जिले के सासाराम बस स्टैंड के पास से की गई है। पकड़ा गया मुन्ना सिंह उर्फ कृष्णा सिंह तरारी के सेदहां गांव का निवासी है। एक स्विफ्ट कार, दो मोबाइल, एक घड़ी और तीन हजार 680 रुपए बरामद किया गए हैं।

**आरोपी ने जमीन के लिए सात लाख रुपए दिए थे:** कहा कि गाड़ी के बारे में छानबीन चल रही है। पकड़े गए आरोपियों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। 26 मार्च 2024 को एससी-एसटी थाना में उत्पीड़न को लेकर प्राथमिकी हुई थी। डीएसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि जमीन की खरीद-बिक्री के विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। शुरुआती जांच में यह बात आ रही कि अपने घर के इकलौते संतान अखिल औने-पौने दाम में दूसरे को अपनी जमीन की बिक्री कर रहे थे। पकड़े गए आरोपित ने भी जमीन खरीदने के लिए अखिल को सात लाख रुपए दिए थे। लेकिन, रजिस्ट्री करने में आनाकानी की जा रही थी। जबकि, दूसरे को जमीन लिखा जा रहा है। इसे लेकर षड्यंत्र के तहत खाने-पीने व पार्टी के बहाने घर पर बुलाकर घटना को

**आरोपी ने सात लाख रुपए दिए थे**

अंजाम दिया गया था। 11 अगस्त की रात घर से करीब सात मीटर दूर सुनसान जगह पर अखिल की हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा राम बिहारी सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी।

**खिलाने-पिलाने के बाद हत्या कर दी:** टीम ने तकनीकी व वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए कांड का पर्दाफाश करते हुए वारदात में संलिप्त मुन्ना सिंह उर्फ कृष्णा सिंह को सासाराम बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपित ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया है। घटना की शाम से ही आरोपी घर में बुलाकर अखिल को खिला-पीला रहा था। रात में सुनसान जगह पर ले जाकर हत्या कर दी गई थी।

# सड़क निर्माण की मांग, आमरण अनशन पर बैठे उप चेयरमैन जल जमाव की वजह से दुर्घटना का शिकार हो रहे लोग

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के इटाढी नगर पंचायत पीएचसी मोड़ के पास कई महीनों से सड़क पर जल जमाव से हो रही समस्या को लेकर उप चेयरमैन सुनील कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में लोग आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। सुनील कुशवाहा का कहना है कि नाला निर्माण नहीं होने से सड़क पर जलजमाव से हो रही परेशानी और जोखिम भरे रास्ते से लोगों को निजात नहीं मिल जाता है। हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बक्सर को धनसोई के रास्ते रोहतास जिले से जोड़ने वाले इस रोड पर रोजाना हजारों लोग सफर करते हैं। ड़क की हालत ऐसी हो गई है कि सड़क पर दो फीट से ऊपर जल जमाव से प्रतिदिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ई रिक्शा और बाइक सवार तो रोजाना गिरकर जख्मी हो जाते है।जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद कर आगे के लिए रवाना किया जाता है।

**सड़क निर्माण नहीं होने पर जारी रहेगा अनशन:** आमरण अनशन के दौरान सुनील कुमार ने कहा कि जब तक आम लोगों के लिए जलजमाव एवं सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता तब तक अनशन जारी रहेगा। इस समस्या के निजात के लिए तीन दिन पहले जिलाधिकारी को आवेदन भी दिया गया है। सड़क की स्थिति लंबे समय से बेहद खराब है। आसपास के घरों से नालियों का पानी सड़क पर गिराए जाने के कारण यह समस्या गंभीर है। बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या और भी ज्यादा भयावह हो जाती है। इसको लेकर लंबे समय तक नगर पंचायत और पथ निर्माण विभाग में गतिरोध रहा।

**नाली बनवाने के लिए 2 करोड़ रुपए का एस्टीमेट संेक्शन:** इस संबंध में जब पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक इंजीनियर रंजित कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत राशि से नाली बनवाने का एस्टीमेट संेक्शन हो चुका है। वर्क ऑर्डर दिया जा चुका है। मौसम के कारण काम शुरु नहीं हो पा रहा है। नाली बनवाने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया जाएगा। इटाढ़ी मुख्य सड़क पर जहां जलजमाव हुआ है। बताया गया कि इटाढ़ी थाना से लेकर अस्पताल मोड़ से कुछ आगे तक एक किलोमीटर तक लंबी नाली का निर्माण कराया जाएगा। सड़क के दोनों किनारे 1-1 किमी लंबी नाली का निर्माण होगा। जिससे अस्पताल रोड से मेन रोड पर गिरने वाला पानी सीधा नाली में गिरेगा। सड़क के पश्चिम ओर से आ रहा पानी भी नाली में गिरेगा।

# गंगा में जलस्तर बढ़ने से कई लोगों की कमाई ठप



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गंगा के जलस्तर में उतार-चढ़ाव से गंगा किनारे सब्जी की खेती करने वालों के साथ नाव को चलाने वाले नाविकों को भी भारी नुकसान सहना पड़ रहा है। उन्हें बिना आमदनी के ही अपने परिवार का गुजर बसर करना पड़ रहा है। जिले के प्रसिद्ध घाटों पर सजने वाली दुकानों पर भी ग्राहकों की कमी हो गई है। गंगा नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ने-घटने के कारण दूर-दराज से स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं में कमी आ गई है। जिससे घाट स्थित दुकानदारों की कमाई पर भी संकट मडरा रहा है। इसके अलावा पंडा लोगों की भी आमदनी में कमी आ गई है।

**साल के 4 महीने बिना कमाई किए करते हैं गुजारा:** बक्सर रामरेखा घाट पर तैनात राजागिरी चौधरी ने बताया कि जलस्तर बढ़ने के साथ ही हमलोगों की रोजी रोटी पर संकट मडराने लगता है। जैसे-जैसे नदी उफान पर होती है. वैसे ही नदी में नौका बिहार करने वाले लोगो में कमी होने लगती है। नदी का जलस्तर जब घाट की सीढ़ियों को डूबा देता है तब नौका बिहार करने वाले लोगों पर प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर नदी में नौका परिचालन पर रोक लगा दिया जाता है। साल के चार महीने हमलोग की कमाई नही हो पाती है। जैसे-तैसे परिवार का गुजारा कराना पड़ता है। उन्होंने आगे बताया कि सिर इस घाट पर सौ से ज्यादा नाविक है। पूरे जिले में तो हजारों हैं। सरकार को इन चार महीनों में हमलोगों को आपदा विभाग से मुआवजा के तौर कुछ देने का प्रवधान बनाना चाहिए। किसानो की तरह नाविकों को भी अनुदान की व्यवस्था होनी चाहिए।

**दुकानदारी पर मंडराता संकट:** घाट पर ठेला लगा कर कमाने वाले राम जी बताते है गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही हम लोग मायूस हो जाते हैं। नदी का पानी बढ़ने से नदी किनारे केवल स्थानीय लोग ही आते हैं। नदी में बाढ़ की सूचना पर जो लोग रोहतास,भोजपुर,कैमूर के विभिन्न गांव से लोग भारी संख्या में जल लेने और गंगा दर्शन और स्नान के लिए आते हैं, वो नही आते है। हमलोगों की दुकानदारी पर संकट मडराता है। पंडा समाज भी पूरे घाट पर चौकी लगाकर संकल्प और दान पुण्य कर गाढ़ी कमाई करते थे लेकिन जलस्तर के लगातार घटने और बढ़ने से उनकी आमंदनी पर असर पड़ा है।

# चौसा थर्मल पावर से खुले रोजगार व स्वरोजगार के रास्ते

## ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार आत्मनिर्भर होगा, प्लांट का 80% काम कंप्लीट

निज संवाददाता। बक्सर



केंद्र की पहल पर रखी गई बक्सर चौसा थर्मल पावर की नींव केवल ऊर्जा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि रोजगार मुहैया कराने में भी कारगर साबित हो रही है। साल 2019 में 1058 एकड़ में करीब दस हजार करोड़ की लागत से बनने वाली इस प्लांट में अब तक नौ हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इस थर्मल पावर में 1320 मेगावाट की दो यूनिटें यहां काम करेंगी। जिसका निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। क्षमता बढ़ाकर अब 2000 मेगा वाट होने वाली है जिससे और अधिक रोजगार सृजन की संभावना जताई जा रही है। हले यूनिट का मिनी ब्यावलर की टेस्टिंग किया जा चुका है। जो जनवरी 2025 तक पूरी तरीके से पहली यूनिट शुरू हो जाएगी। प्लांट में 15 सौ लोगों की कार्य करने की क्षमता है।इसकी नींव पड़ने के साथ ही रोजगार व स्वरोजगार के कई रास्ते खुल गए हैं।

**उर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर होगा बिहार:** बिहार बहुत जल्द ही बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने वाला है। निर्माण हो रहे पावर प्लांट, उन्नति के कई रास्ते खोलने को आतुर है। रेल कॉरीडोर और बॉटर पाइप लाइन के काम को छोड़ दिया जाए तो थर्मल पावर का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। प्लांट से निर्मित 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को दी जाएगी। बाकी 15 फीसदी पर निर्माता कंपनी का हक होगा। जिसे एसटीपीएल बाजार दर पर बेच सकेगा। लगभग 14 करोड़ रुपए कीमत की बिजली का उत्पादन हर रोज किया जाएगा। इस काम को साल 2021 में ही शुरू करना था, लेकिन कोरोना महामारी और भू-अर्जन की दिक्कतों से देरी होती गई। 660 मेगा वॉट का पहला यूनिट अक्टूबर 2024 में दूसरा यूनिट जनवरी 2025 में चालू करने के लिए निर्माण कार्य 24 घंटे चल रहा है।

**जिले में खुला रोजगार का द्वार:** थर्मल पावर प्लांट ने जिले में रोजगार का दरवाजा खोल दिया है। हजारों लोग अभी से ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। रोजगार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट प्रभावित क्षेत्रों के 1265 नौजवानों को रोजगार प्रदान किया गया है। जिसमें अखौरीपुर गोला, बघेलवा, बहादुरपुर, बनारपुर, बेचनपुरवा, चौसा, चुनी, कनक नारायणपुर, कथातर, खिलाफतपुर, कोचाढ़ी, महुवारी, मोहनपुरवा, न्यायीपुर, पवनी, सिकरौल सहित अनेक गांव शामिल है। परियोजना से संबंधित करीब 5000 अधिकारी और कर्मचारी हर महीने लगभग 5 करोड़ रुपए यहां के लोकल मॉर्केट में खर्च करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉ के नए छात्रों को दी गई जानकारी

**भागलपुर।** टीएनबी लॉ कॉलेज में सोमवार को इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कॉलेज की सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डॉ. सुनीता कुमारी ने नए छात्रों का स्वागत किया। शिक्षकों ने छात्रों को अपने-अपने विषय के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी । पीजी लॉ के हेड डॉ. धीरज कुमार मिश्रा ने कहा कि लॉ की शिक्षा व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है। डॉ. बबीता कुमारी ने कहा कि लॉ बिना किसी भेदभाव के सभी के साथ समान व्यवहार करता है। इससे सभी को न्यान मिलता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रशांत कुमार ने किया।

### नहीं रहीं मंजूषा कलाकार निर्मला देवी, जताया शोक

**भागलपुर।** मंजूषा कलाकार निर्मला देवी का निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर शहर के कलाकारों ने शोक व्यक्त किया। बता दें कि निर्मला को ललित कला अकादमी बिहार, कला संस्कृति विभाग बिहार सरकार एवं बिहार क्लब पुरस्कार समेत कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उनके पुत्र मनोज कुमार पंडित ने बताया कि वे बीते कई दिनों बीमार थीं। उनके निधन पर डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. उलूपी झा, रविकांत शर्मा, देवानंद पंडित, बीणा मिश्रा, सविता पाठक, रेणू पाठक समेत कई ने श्रद्धांजलि दी।

### 30 तक चलेगा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण अभियान

**मुंगेर।** जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रेखा कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 1 सितंबर से लेकर 30 तक पोषण महाअभियान चलाया जाएगा। स्वस्थ व सेहतमंद जिंदगी के लिए उचित पोषण के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए जिले में यह अभियान शुरू किया गया है। जिला आईसीडीएस कर्मचारियों के द्वारा समाहरणालय परिसर व अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौधरोपण कर राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत की गई। आईसीडीएस डीपीएम ने बताया कि पोषण माह के दौरान व्यक्तिगत व सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाएं, किशोरियों व 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार सहित तीन से छह वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक देखभाल व शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे माह एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण की पढ़ाई भी, कुशल प्रशासन, पूरक आहार व पारदर्शिता संबंधी विषयों पर जागरूक किया जाएगा।

### छेड़छाड़ के आरोपी नेत्र सहायक को संग्रामपुर भेजा

**मुंगेर।** बीते दिनों सदर अस्पताल के नेत्र विभाग में एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ मामले में सिविल सर्जन ने स्वतः संज्ञान लेने हुए आरोपित नेत्र सहायक को संग्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। जबकि मामले की जांच के लिये तीन सदस्यीय कमिटी का भी गठन कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़ित द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। लेकिन चिकित्सक डॉ किष्टो की सूचना के आधार पर मामले की जांच के लिये तीन सदस्यीय कमिटी बनायी गयी है। इस कमेटी में डॉ अरविंद कुमार, डॉ के रंजन तथा डॉ ध्रुव कुमार को मामले की जांच कर रिर्पोट देने को कहा गया है। नेत्र सहायक विकास कुमार को सदर अस्पताल से हटाकर संग्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।

### डेंगू की एक और संभावित मरीज मिली, वार्ड में चल रहा है इलाज

**मुंगेर।** शहर में दिन-ब-दिन डेंगू का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण सदर अस्पताल में रोज डेंगू संभावित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालांकि जिले में अब तक डेंगू का एक ही कंफर्म मामला मिला है। जिसका इलाज डेंगू वार्ड में किया जा रहा है। वहीं इसके साथ सोमवार तक कुल 5 संभावित मरीज इलाजरत हैं। मालूम हो कि सोमवार को गार्डेन बाजार निवासी अमित भूषण सिंह की 30 वर्षीय पत्नी तृप्ति सिंह को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है। जिसका एलाइजा जांच के लिए सैंपल भेज दिया गया है। उक्त मरीज का प्लेटलेट्स 30 हजार पाया गया है। वहीं इसके अतिरिक्त वार्ड में एलाइजा जांच में पॉजिटिव मिली डेंगू की एक कंफर्म मरीज शहर के घोषी टोला निवासी 49 वर्षीय मुन्नी देवी का इलाज भी चल रहा है। जबकि इसके अतिरिक्त रविवार तक डेंगू संभावित मरीजों के रूप भर्ती जमालपुर निवासी 73 वर्षीय श्यामदेव मंडल, 40 वर्षीय सत्यानंद तथा सूर्यगढ़ा निस्ता निवासी 22 वर्षीय अनंत कुमार का भी इलाज वार्ड में ही चल रहा है। जिसका सैंपल भी एलाइजा जांच के लिये भेजा गया है। 2 मरीज बीचागांव निवासी 42 वर्षीय कंचन शर्मा तथा फरदा निवासी 25 वर्षीय प्रवीण यादव को घर भेज दिया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि डेंगू वार्ड में भर्ती अधिकांशतः संभावित डेंगू मरीजों का एलाइजा जांच रिर्पोट निगेटिव मिला है।

### शहर में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव शुरू

**मुंगेर।** बारिश के बाद मच्छर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने एंटी लार्वा नाशक दवा का छिड़ काव शुरू किया है। मेयर कुम कुम देवी ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में एक एक एंटी लार्वा मशीन से दवा का छिड़ काव शुरू कराया गया है। उन्होंने कहा कह दवा की कमी नहीं है, बारिश के बाद मलेर यिा, डेंगू व चि नग नग जैसी बीमारी से बचने के लिए मच्छर के लार्वा को मारने के लिए आर्म फिोज केम किल व लार्वा साइड दवा का छिड़ काव किया जा रहा है। मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 45 वार्डों में फागिंग अभि यान भी जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 फागिंग मशीन ठीक कराकर मंगाया गया है। इसके अलावा खराब पड़े 10 फागिंग मशीन को ठीक कराने के लिए भेजा गया है। इसके अलावा निगम प्रशासन के पास वाहन फागिंग मशीन 2 की संख्या में वह भी चालू अवस्था में है।

### राणी सती दादी मंदिर में मां जगदंबा को राजस्थान का घाघरा किया गया अर्पित



**भागलपुर।** राणी सती दादी मंदिर, चुनिहारी टोला में दो दिवसीय भादो अमावस्या उत्सव मेला सोमवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम को लेकर मंदिर को पांच क्विंटल फूलों और 50 किलो फलों से सजाया गया है। इस मौके पर राणी सती दादी मंदिर में मां जगदम्बा को 60 मीटर चुनरी अर्पित की गई। इसके अलावा मां को राजस्थान से लाया गया घाघरा, गजरा आदि से सजाया गया। कार्यक्रम दादी जी सेवा समिति के द्वारा आयोजित किया गया। मौके पर कोलकाता से आयी उमा बागड़ी ने हम कथा सुनाते त्याग और बलिदान की, मां राणी सती के जीवन के गुणगान की, मात जगत में सबसे निराली, एक जगत में तो ही प्रतिपाली, इक नगरी झूंझनू धाम है पावन नाम की, यही तपो भूमि है दादी के गुणगान की, हम कथा सुनाते त्याग और बलिदान की, मां राणी सती संग तनधन के गुणगान की...सुमधुर भजन सुनाकर भक्तों को झूमा दिया। सुबह 11:30 बजे से मंदिर में मां जगदंबा का मंगलपाठ हुआ। जबकि संध्या सात बजे ज्योत एवं भजन-कीर्तन आयोजित किया गया। कोलकाता से आयी सुप्रिया नृत्य नाटिका ग्रुप ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति दी। महिला भक्तों द्वारा चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव, मेहंदी उत्सव, हल्दी उत्सव मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने मंगलपाठ के दौरान अपने सुहाग की रक्षा और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। रात 8:30 बजे से सुमधुर भजनों के साथ चौदस की ज्योत जागरण प्रस्तुत किया जाएगा।

# पांच साल पुराना जलमीनार गंगा में समाया, जलस्तर में कटाव तेज

## अब गांव के 24 से अधिक घरों पर खतरा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में सोमवार की सुबह पांच साल पुराना जलमीनार गंगा के कटाव में बह गया। जिसके बाद गांव के 2 सौ परिवारों के बीच पेयजल की परेशानी हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार 14 लाख रुपए से नल-जल योजना का काम कराया गया था। अगर समय रहते कटावरोधी कार्य शुरू हो जाता तो जलमीनार बच जाता। इसके अलावा कटाव से करीब 24 से अधिक घरों पर खतरा मंडरा रहा है। मामला सबौर की ममलखा पंचायत के पुरानी मसाडू का है।

**काम में तेजी लाने का निर्देशः** गंगा के जलस्तर में मामूली रूप से कमी आई है। जिसके बाद कटाव की स्थिति शुरू हो गई है। हालांकि तीन दिन पहले कटावरोधी कार्य शुरू कर दिया गया है। गांव के पश्चिम भाग में ग्रामीण सड़क के पास कटावस्थल पर जीओ बैग डाले जा रहे हैं, लेकिन कटाव की रफ्तार ज्यादा है, सारे उपाय फेल हो रहे हैं। जलमीनार बहने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी कटाव स्थल पहुंचे। सबौर सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि जल संसाधन विभाग की टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

# विधायक ललित नारायण ने स्कूल भवन का किया उद्घाटन



निज संवाददाता। भागलपुर

सुलतानगंज मध्य विद्यालय मिर्जापुर में 5 लाख 46 हजार 600 रुपए की लागत से बने भवन का सोमवार को विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल एनडीए कार्यकर्ता के साथ भवन का नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने 3 महिलाएं एक युवक को भी सदस्यता ग्रहण कराया गया। इसमें सदस्यता ग्रहण में नवादा गांव की रहने वाली विजेता दीप लक्ष्मी, पुनिता कुमारी, सविता देवी और शिवनंदनपुर के रहनेवाले बिहारी कुमार शामिल है। इस मौके पर विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने पत्रकारों को बताया कि स्कूल में बच्चों को पढ़ने में काफी परेशानी होती थी। मुख्यमंत्री योजना के तहत विधायक फंड से नए भवन का निमार्ण कराया गया। आज उसका उद्घाटन किया गया। स्कूल के नीचे नए भवन बन जाने से काफी खुश है। स्कूल के सभी बच्चों ने ताली बजाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान एनडीए कार्यकर्ता विजय सिंह, सदानंद सिंह, पवन केसान, संजय चौधरी, मो. नाहेद, पप्पू पाड़े, रुबी देवी, नीलम देवी, रिना कुमारी, नीरज कुमार सहित इत्यादि एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# युवती से छिनतई करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार, पुलिस ने चोरी का मोबाइल किया बरामद

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के मुजाहिदपुर थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनतई हुई थी। पुलिस ने मामले में 4 अपराधियों को बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने पानी टंकी रोड में युवती का मोबाइल झपटा था। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। छिनतई के मोबाइल को बरामद कर लिया गया है। घटना में इस्तेमाल बाइक और चोरी की 2 बाइक के साथ गिरफ्तारी की है। डीएसपी- टू राकेश कुमार ने बताया कि मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के पानी टंकी के समीप घर जा रहे एक युवती से बाइक सवार बदमाशों ने छिनतई की थी। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसको हिरासत में भेजा जा रहा है।

**इनकी हुई गिरफ्तारीः** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पन्ना मिल रोड निवासी सुरेश शाह का बेटा सोनू कुमार उर्फ मॉड्यूलर, बाल्टी कारखाना निवासी राजू यादव का बेटा राहुल कुमार यादव, तकिचक निवासी दिवाकर शाह का बेटा गुलशन कुमार और प्रमोद साहनी का बेटा संदीप कुमार शामिल है। गिरफ्तार सोनू कुमार उर्फ मॉड्यूलर के खिलाफ मुजाहिदपुर और काजरीली थाने में डकैती और अपहरण से संबंधित मामला पहले से दर्ज है। जबकि गुलशन कुमार पर भी डकैती का केस है।

इधर, कोतवाली थाना क्षेत्र में देर रात वाहन चेकिंग दौरान स्कॉर्पियो से 65 लाख 2 हजार 500 रुपए बरामद हुए।

# बाढ़ प्रभावित पशुपालकों में बंटा 343 क्विंटल पशुचारा



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत कार्य जिला प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा है। पशुपालन विभाग ने अब तक 343.9 क्विंटल पशुचारा का वितरण प्रभावित पशुपालकों के बीच किया है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गोपालपुर के बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए तीनटंगा और सैदपुर में सामुदायिक किचन चलाया जा रहा है। जहां बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन कराया जा रहा है। गोपालपुर में बाढ़ प्रभावित पशुपालकों के बीच 309.9 क्विंटल पशुचारा और हवाई अड्डा भागलपुर में बाढ़ प्रभावित पशुपालकों के बीच134 क्विंटल पशुचारा का वितरण कराया गया है। **निःशुल्क सरकारी नाव की व्यवस्थाः** महिला राजकीय बुनियादी उच्च विद्यालय तीन टंगा, करारी में 2300 लोगों को और आदर्श मध्य विद्यालय सैदपुर में हर रोज 510 लोगों को भोजन कराया जा रहा है। गोपालपुर में चिकित्सा शिविर के साथ-साथ पेयजल, शौचालय और साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए आश्रय स्थल से उनके घर तक आने-जाने के लिए अनेक निःशुल्क सरकारी नाव की व्यवस्था की गई है।


**कार्यालय–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**Mail ID: cs.garhwa@gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समाचार–पत्र में प्रकाशित PR No.-333929 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D) को विलोपित किया जाता है।

इस कार्यालय द्वारा दवा, चिकित्सीय सामग्री, मशीन उपकरण एवं अन्य आपूर्ति हेतु दर निर्धारण हेतु प्रकाशित निविदा PR No.-334009 Health Med Edu and Family Welfare (24-25 D) यथावत है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

**PR 334564 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25*D**



**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू।**
**नोटिस**
**दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 106/2023–24**

1. शकुन्तला देवी बनाम पति–बैकुन्ठ सिंह,आवास श्री राम पथ, पांकी रोड़ रेड़मा, मेदिनीनगर पलामू, झारखण्ड। – प्रथम पक्ष

बनाम

1. राधा सिंह, पति श्री संतोष कुमार, ग्राम–बैरिया,थाना–मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड। – विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दाखिल–खारीज अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक–05.03.2024 को सूचना भी निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 04.04.2024, 30.05.2024, 20.07.2024 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 12.09.2024 निर्धारित है।

अत: आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर।

PR 334593 District(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**
**e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No- 2/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 830 Dated:-30.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of H.L. Bridge over Bhelwa River At Chainage:-1.200 Km of B.More To Utari Road At Village Godarmana in Bishrampur Block, Daltonganj for the year 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 2,77,40,960.00 (Rupees Two Crore Seventy Seven Lacs Forty Thousand Nine Hundred Sixty Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 2,77,500.00 (Rupees Two Lacs Seventy Seven Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 09 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 10.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 04.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 08.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 334393 Road (24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/11/2024-25, दिनांक–03.09.2024**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणीः**

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | ग्राम–बोगासी में अनिल उपाध्याय के घर से दिनेश उपाध्याय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 464160.00 | 9,300.00 | 750.00 | 01 माह | Group-01 |
| 2 | रंका | ग्राम–मानपुर में शम्भू मोड़ से सुदामन राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1687534.00 | 33,800.00 | 5000.00 | 01 माह | Group-02 |
| 3 | रंका | ग्राम–पुरेगडा बाजार से छठघाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 664856.00 | 13,300.00 | 1250.00 | 01 माह | Group-03 |
| 4 | रंका | ग्राम–गोरमटिया से कोईली सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1260348.00 | 25,300.00 | 2500.00 | 01 माह | Group-04 |
| 5 | चिनियाँ | ग्राम–सिगसिगा कला में नागेश्वर यादव के घर से ललन भूईयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2412252.00 | 48,300.00 | 5000.00 | 01 माह | Group-05 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–05.09.2024 से दिनांक–11.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–13.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02,गढ़वा

**PR 334613 Rural Development(24-25).D**

## न्यूज बाइट्स

### हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय नगर थाना क्षेत्र के गौरक्षणी मोहल्ले में सोमवार की देर रात हाईवा की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक अपने दो अन्य दोस्तों के साथ एक बाइक पर सवार होकर किसी बर्थडे पार्टी से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी गौरक्षणी मोहल्ले में तेज रफ्तार बाइक हाईवा से जा टकराई और बाइक को बचाने के क्रम में हाईवा एक नाले में जा फंसा। गनीमत रही कि इस घटना में दो अन्य युवकों को सिर्फ मामूली चोटें आई और घटना के बाद दोनों युवक घटना स्थल से फरार भी हो गए। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर थाने की पुलिस को हाईवा के नीचे दबे शव को बाहर निकालने के लिए पहले क्रेन मंगाना पड़ा और हाईवा को नाले से बाहर निकालने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं मामले में नगर थाने की पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। जिसकी पहचान नुरनगंज मोहल्ला निवासी ईश्वर गुप्ता के लगभग 20 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रुप में हुई है। पुलिस द्वारा हाइवा को जप्त कर लिया गया है तथा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### जिले में बढ़ते अपराध के खिलाफ लोजपा आर का आक्रोश मार्च

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** जिले में अपराधियों के बढ़ते मनोबल एवं आए दिन लूट, हत्या, छिनैती जैसी घटनाओं को देखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी आर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय सासाराम की सड़कों पर एक आक्रोश मार्च निकाला। जिला अध्यक्ष कमलेश राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फजलगंज स्टेडियम से लेकर कुशवाहा भवन तक मार्च निकाला तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारीबाजी करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष कमलेश राय ने कहा कि रोहतास पुलिस के ढुलमुल रवैए से आए दिन जिले में घटनाएं हो रही है लेकिन पुलिस द्वारा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जगह लिपापोती की जा रही है। वहीं लोजपा प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में रोहतास जिले के किसी न किसी प्रखंड में प्रतिदिन हत्याएं हो रही है। जिसे रोहतास पुलिस द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने जिले में हो रही हत्याओं पर दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। आक्रोश मार्च के दौरान जिला महासचिव जनेश्वर पासवान, वकील पासवान, छोटेलाल पासवान, राकेश राय, रीना सिंह, सरिता पासवान, रिता पासवान, अजय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र पासवान, विक्की पासवान, मनु पासवान, चंदन पासवान, गीता पासवान, सुमित्रा पासवान, मालती पासवान, अशोक राजवंश सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम बाटेंगे 2502 भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्ती का पर्चा

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार 4 सितंबर को तीनों अनुमंडलों सासाराम, डिहरी और बिक्रमगंज में अभियान बसेरा-2 के तहत कुल 2502 भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती पर्चा बांटेंगे। यह इस मामले में ऐतिहासिक कदम है कि रोहतास ऐसा पहला जिला बन जाएगा जब इतनी बड़ी संख्या में भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया जा रहा है। सासाराम अनुमंडल के लाभुकों को कल 11:30 बजे मल्टीपर्पस हॉल, फजलगंज में, डिहरी अनुमंडल स्थित सभागार में 1:30 तथा बिक्रमगंज अनुमंडल सभागार में 3:30 बजे पर्चा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अभियान बसेरा-2 के तहत बंदोबस्ती पर्चा बनाने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीसीएलआर एवं अंचलाधिकारियों को कल जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। बंदोबस्ती पर्चा मिलने से लाभुकों की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ से जोड़ते हुए लाभुकों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

# गोपाल नारायण सिंह की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से महत्वपूर्ण मुलाकात

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद, साथ ही गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, गोपाल नारायण सिंह ने 3 सितंबर को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण सामयिक और राजनीतिक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा

इस मुलाकात में गोपाल नारायण सिंह और राजनाथ सिंह ने बिहार और उत्तर प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। राजनाथ सिंह, जो भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं में गिने जाते हैं, ने पार्टी की मौजूदा रणनीति और आगामी चुनावों को लेकर अपनी राय साझा की। गोपाल नारायण सिंह ने भी बिहार में पार्टी की स्थिति, चुनौतियों और संभावित रणनीतियों पर अपने विचार रखे।

शैक्षणिक योगदान की सराहना

बैठक के दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के विकास और शैक्षणिक क्षेत्र में उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ अपने पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। राजनाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के संचालन में गोपाल नारायण सिंह की नेतृत्व क्षमता और गुणवत्ता पर जोर दिया।

भविष्य की योजनाओं पर मंथन

दोनों नेताओं ने शैक्षणिक संस्थानों की महत्ता और उनकी भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। रक्षा मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया और इस दिशा में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने गोपाल नारायण सिंह से आग्रह किया कि वे इस दिशा में और भी सक्रिय भूमिका निभाएं और विश्वविद्यालय को ग्रामीण शिक्षा के प्रसार में अग्रणी बनाएं। इस महत्वपूर्ण बैठक से स्पष्ट होता है कि दोनों नेताओं ने न केवल राजनीतिक मुद्दों पर, बल्कि शैक्षणिक विकास पर भी गंभीरता से चर्चा की, जो आने वाले समय में पार्टी और समाज के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**

मुख्यालय, हाजीपुर में 05 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में दो जख्मी, रेफर

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के मुखराव गांव मे मंगलवार को रास्ते को लेकर दो पक्षो मे लाठी डंडों से जमकर मार पीट हुई जिसमे एक पक्ष के दो लोग बुरी तरह लहू लुहान हो गए। घटना के बाद परिजनो ने इसकी जानकारी डायलाग 112 की पुलिस को दी जहा पुलिस वाहन की सहायता से दोनो को कोचस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने ग्राम मुखराव थाना कोचस निवासी घायल मैरून निशा उम्र 45 वर्ष पति मोहमद ताहिर अंसारी तथा मोहमद ताहिर अंसारी उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय हनिफ अंसारी की इस्थिति गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सासाराम के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

# डीएम ने पांच दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को न्यू स्टेडियम, फजलगंज में दीप प्रज्ज्वलित कर पांच दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, रोहतास के पंकज कुमार ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवीन कुमार को पुष्प गुच्छ देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रतियोगिता में शामिल बच्चों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट से हुई। कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी ने मशाल प्रज्वलित किया, जिसकी अगुआई एथलेटिक्स (नेशनल मेडलिस्ट) प्रदीप कुमार ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि आज के जमाने में केवल पढ़ाई लिखाई से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी और विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर ही छात्र अपने जीवन में मुकाम हासिल कर सकते हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में स्कूल और प्रतिभागी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। लगभग 300 स्कूलों के 5700 से अधिक प्रतिभागियों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता से पहले प्रखंड स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और उसमें चयनित बच्चों को जिला स्तरीय खेल में शामिल किया जाएगा। अगले साल से अधिक से अधिक स्कूलों तथा प्रतिभागियों को शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल ही वह माध्यम है, जिसमें बच्चे जीवन में पहली बार किसी प्रतिस्पर्धा में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी पसंद का कोई ना कोई एक खेल अवश्य खेलना चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि खेल को अधिक से अधिक बढ़ावा देने की दिशा में बिहार सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं से खेल विधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि देश का पहला खेल विश्वविद्यालय नालंदा में बना है। यह इस बात का द्योतक है कि बिहार खेल के मामले में आने वाले समय में कई मुकाम हासिल करने वाला है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे खेल को भी प्रोफेशन के रूप में बना सकते हैं।

# राजभाषा पखवाड़ा के अवसर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**



पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 02 सितंबर 2024 से 25 सितंबर 2024 तक आयोजित होने वाले राजभाषा पखवाड़ा के तहत विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 02 सितंबर 2024 को हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में वैशाली महिला कॉलेज, हाजीपुर की सहायक प्रोफेसर, डॉ. कंचन कुमारी ने 'हिंदीः राजभाषा से विश्वभाषा की ओर' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग और प्रसार में कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार की राजभाषा नीति और नियमों का उल्लेख किया और बताया कि राजभाषा में कार्य करने के लिए इन नीतियों और नियमों का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. कंचन कुमारी ने कहा कि हम सभी को गर्व है कि हमारी मातृभाषा हिंदी है, लेकिन इसके साथ ही यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम हिंदी के प्रयोग और प्रसार में अपना योगदान दें। उन्होंने शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को भी उजागर किया और कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद, हिंदी हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। इस कार्यशाला में सिगनल विभाग के जूनियर इंजीनियर (ड्राइंग), श्री रूपक कुमार ने 'हिंदी का डिजिटलीकरण' विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने हिंदी की ध्वनियों, शब्द-संपदा और भाषा के विकास पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, प्रशासनिक कार्यों में हिंदी शब्दों के प्रयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यशाला के विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया और हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

## जल-जमाव से लोगों को हो रही परेशानी

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड के रोतवा पंचायत के वार्ड संख्या चार स्थित गली में जल जमाव से लोग परेशान हैं। जल जमाव से निकल रहे दुरगंध से वार्ड में बिमारी फैलने की आशंका सहमें हुए हैं। नाली विवाद में स्थानीय तनाव को लेकर मोहल्ले के लोगों ने पंचायत के मुखिया पंकज गुप्ता के हस्ताक्षर की फॉरवर्डिंग लगाते हुए अंचलाधिकारी को आवेदन दे जल जमाव से निजात की गुहार लगाई हैं। वार्ड के निवासी गुप्तेश्वर गिरी, सोनू कुमार सोनी, धनंजय गिरी, नागेंद्र शाह, शांति देवी द्वारा सीओ को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गांव के वार्ड संख्या चार स्थित टावर के पास वाली गली में पंचायत द्वारा बनाए गए नाली में काफी दिनों से पानी का बहाव हो रहा था। गत कुछ दिनों से गांव के कुछ लोगों द्वारा नाली कि निकास अवरूद्ध कर दिया है। जिसके कारण नाली का गंदा पानी गली में जमा हो रहा है। नाली के गंदे पानी होकर गुजरना वार्ड वासियों की नियति बन चुकाह। नाली गदा पानी जमाव तथा उससे निकलने वाले दुर्गंध से मोहल्ले में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। रोतवा पंचायत के मुखिया पंकज गुप्ता ने बताया कि नाली बनना चाहते हैं लेकिन कुछ लोग बिबाद उत्पन्न कर दे रहे हैं।

# पीएचसी प्रभारी के निर्देश पर पहुंचा एम्बुलेंस, आज दवाई का होगा वितरण

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखण्ड क्षेत्र के रजौली पश्चिमी पंचायत अंतर्गत सिमरकोल गांव में बीते चार दिनों से डायरिया फैला रहा है। डायरिया के प्रकोप इतना भयावह है कि मोहल्ले के लगभग 8-10 घरों के सभी लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। इस डायरिया के प्रकोप से दो लोगों की स्थिति काफी गंभीर हो गया था, जिसके कारण दोनों लोगों को रजौली अनुमंडलीय अस्पताल से नवादा रेफर किया गया और नवादा सदर अस्पताल में मरीजों की स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए, दोनों मरीजों को पुनः पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित परिजन द्वारा मंगलवार की शाम को पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला को सूचना दिया गया।सूचना पाकर पीएचसी प्रभारी ने पीड़ित के घर एम्बुलेंस भेजकर चार मरीजों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराए गए मरीजों में सिमरकोल निवासी रामस्वरूप पंडित के पुत्र सुभाष कुमार, सुभाष कुमार की पत्नी मुन्नी देवी एवं 12 वर्षीय बेटे आयुष कुमार व 6 वर्षीय बेटे अर्पित कुमार है। पीड़ित सुभाष कुमार ने बताया कि उनके घर में बीते चार दिनों से लगभग सभी लोग उल्टी एवं दस्त से परेशान हैं। ऐसे में दो लोगों की स्थिति चिंताजनक हो गई थी, जिसका इलाज वर्तमान में पावापुरी अस्पताल में चल रहा है। जबकि अन्य सभी लोग अनुमंडलीय अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। ग्रामीण रेणु देवी एवं अन्य लोगों ने बताया कि सबसे पहले सुभाष कुमार के घर में डायरिया का प्रकोप देखने को मिला था। धीरे-धीरे डायरिया ने पूरे मोहल्ले को अपने कब्जे में ले लिया। मोहल्ले के अधिकांश लोग डायरिया से पीड़ित हैं। कई लोगों का इलाज सरकारी अस्पताल एवं निजी अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों का पूर्ण इलाज किये बिना वापस घर भेज दिया जा रहा है। जिससे लोग और गम्भीर रूप से बीमार हो जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के मुखिया इस संदर्भ में चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं समाजसेवी प्रमोद कुमार चंद्रवंशी के द्वारा एक बोरा ब्लीचिंग पाउडर दिया गया है, जिसका छिड़काव कर लोग बचने के उपाय देख रहे हैं। इस बाबत पर पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला ने बताया कि सिमरकोल में डायरिया के फैलाव का मामला संज्ञान में आया है। गम्भीर रूप से पीड़ित मरीजों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि मोहल्ले में बुधवार को स्वास्थ्यकर्मी डोर-टू-डोर जाकर जरूरी दवाइयां आदि का वितरण करेंगे।

## पिकअप वैन की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सबेया टोला के समीप मंगलवार को राजपुर नासरीगंज पथ पर पिकअप वैन के चपेट में आ जाने बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दी है। मृतक जयमंगल सिह 32 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी टोला निवासी कामेश्वर सिह यादव का पूत्र बताया जाता है। प्राप्त सुचना के जयमंगल राजपुर से बाजार कर बाईक से घर जा रहा था तभी सवैया टोला के समीप बिपरित दिशा से आ रही पिकअप वैन में टकरा गए। जिसे सड़क पर गिर पड़े। आस पड़ोस के लोगों ने घटना की सुचना राजपुर पुलिस को दी। सुचना पाते ही थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुच घायल जयमंगला को राजपुर पीएचसी भेजा। जहां स्थिति गम्भीर देख चिकित्सकों ने उन्हें सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

पूर्व मध्य रेल
ई—ऑक्शन सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर स्थित पे एंड यूज शौचालय के लिए ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है : 1 : AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : डेहरी ऑन सोन स्टेशन में (बुकिंग ऑफिस के निकट) पे एंड यूज शौचलय का ठेका संचालन और रखरखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : Toi-Dos-01, ई— नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-DOS-Toi-22-24-1, ई— नीलामी की तिथि एवं समयः ई—नीलामी दिनांक 16.09.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:30 बजे बंद होगी। 2. वेबसाइट का पता जहॉ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01032/डीडीयू/वा./एन/24—25/28

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
खुली ई—निविदा सूचना सं०— सोनपुर2024—25 (92—95)
मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई—निविदा आमंत्रित करते है। ई—निविदा की अंतिम तिथि 23.09.2024 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई—निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर किया जा सकता है। **कार्य का नाम (मद सं० सहित):** 92. वसेइ/ रेलपथ /मुजफ्फरपुर के अधीन ट्रैक के रखरखाव का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. मे):** 69,99,331.00, **बयाने की राशि (रू. मे):** 1,40,000.00, **कार्य का नाम (मद सं० सहित):** 93.मुजफ्फरपुर स्टेशन पर लाइनो को स्थिर करने के लिए मार्ग का प्रवधान। **अनुमानित लागत (रू. मे):** 41,42, 438.85, **बयाने की राशि (रू. मे):** 82,900.00, **कार्य का नाम (मद सं० सहित):** 94. हाजीपुर स्थितः— कोनहारा घाट कॉलोनी में जल निकासी और कर्मचारी आवासो में सुधार का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. मे):** 2,54,25,936.98, **बयाने की राशि (रू. मे):** 2,77,100.00, **कार्य का नाम (मद सं० सहित):** 95. नन्दनी लगुनिया स्टेशन पर लाइनो को स्थिर करने के लिए मार्ग का प्रवधान। **अनुमानित लागत (रू. मे):** 44,72,733.74, **बयाने की राशि (रू. मे):** 89,500.00. उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार—किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नही होगा।
**मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**
पीआर/01029/एसईई/ईएनजीजी/टी/24—25/36

पूर्व मध्य रेल
ई—निविदा सूचना
खुली ई—निविदा सूचना सं. टीआरडी – ओ.टी.—06 ईआई—एटी—24—25
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार ई—निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन के अनु. ना. रोड, गुरारू, परैया, गया वेस्ट केबिन, पुसौली, कुदरा, शिवसागर एवं खुर्माबाद में ईआई का कार्य, 2. अनुमानित रकम : ₹22,14,478.34, 3. बयाना राशि : ₹44,300/—, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 24.09.2024 को 15:00 बजे तक। 5. वेबसाईट का विवरण जहां ई—निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/का.वि. /
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01036/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24—25/24

पूर्व मध्य रेल
ई—ऑक्शन सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशन पर नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :
1 : AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पं दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 43 स्टेशनों के अन्दर के क्षेत्र में बोर्ड, साईन बोर्ड मीडिया के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन प्रदर्शित करने का अधिकार आर डी एन के तहत तीन वर्षों (1095 दिनों) के लिए। ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : ADVT-OSN-24-01, ई— नीलामी लॉट संख्या : ADVT-DDU-GAYA-OSN-8-23-3, ई—नीलामी की तिथि एवं समयः ई—नीलामी दिनांक 16.09.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:30 बजे बंद होगी। 2. वेबसाइट का पता जहॉ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01035/डीडीयू/वा./एन/24—25/28

पूर्व मध्य रेल
ई—ऑक्शन सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है : 1 : AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : डेहरी ऑन सोन स्टेशन रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : Park-DDU-25, ई— नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-DOS-FW-8-23-1, ई— नीलामी की तिथि एवं समयः ई—नीलामी दिनांक 16.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। 2. वेबसाइट का पता जहॉ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01033/डीडीयू/वा./एन/24—25/28

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
आवश्यक सूचना
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक—1240 दिनांक—30.07.2024 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0—05/2024—25 के ग्रुप सं0—01 से 07 एवं ग्रुप—09 जिसका PR NO-005128 (BCD) 2024-25 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण दिनांक—11.09.2024 को **03:00** अपराह्न में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।
अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।
उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 007325 (BCD) 2024-25
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
पुर्न–ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –09/औरंगाबाद/2024–25
1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :—कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :—दिनांक 30.08.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय :—दिनांक 14.09.2024 से 07.10.2024 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :— दिनांक 14.09.2024 से 07.10.2024 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) दिनांक—08.10.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in )
7 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :—तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :—(i) दिनांक—05.09.2024को अपराहन 3:00 बजे तक कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक—06.09.2024 को अपराहन 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :— (i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। (iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निमार्ण विभाग पटना का कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :— 120 दिन
11. कार्य विवरणीः—

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | हसपुरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत अहियापुर में पंचायत सरकार भवन का निर्माण विद्युत कार्य सहित | 244.023 | 4,88,900 | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| | कुल | 244.023 लाख | | | | |

विस्तृत जानकारी के लिए यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट :—www.eproc2.bihar.gov.in/ state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 007326 ( BCD ) 2024-25
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त समाचार

### कल्याणी व तुरियो से अवैध कोयला जब्त

**बोकारो, एजेंसी।** सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक के आदेशानुसार कोयला चोरी के खिलाफ कल्याणी रेलवे लाइन किनारे एवं तुरियो कॉलोनी नदी किनारे छापामारी अभियान चलाया गया। लगभग 8 टन कच्चा कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयला को ट्रैक्टर से लोड करवा कर कल्याणी परियोजना कोल डिपो में डंप कर दिया गया। मालूम हो कि इन जगहों पर अवैध कोयला जमा कर तस्करी की जाती है। वहीं बेरमो क्षेत्र में जगह-जगह अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

### मामा घर नावाडीह आए बालक की तालाब में डूबने से मौत

**बोकारो, एजेंसी।** नावाडीह थाना क्षेत्र के गुंजरडीह में सोमवार को तेली तालाब में डूबने से दस वर्षीय बालक कृष्णा मोदी की मौत हो गई। बालक गोमिया के स्वांग का रहने वाला था, पिता का नाम संतोष मुंडा है। बालक एक सप्ताह पहले ही यहां अपने मामा घर आया हुआ था, नाना का नाम भुवनेश्वर मोदी है। घटना के बाद बालक के घर व मामा घर दोनों जगह शोक व्याप्त है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोपहर में बालक खेलते-खेलते तालाब के पास चला गया। शायद नहाने के दौरान तालाब की गहराई में चला गया। इससे उसकी मौत हो गई। हालांकि उसे तालाब से बाहर निकालकर फुसरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो ले जाया गया। यहां डॉ श्रुति ने अंतत: उसे मृत घोषित कर दिया। फिर अस्पताल से शव को मामा घर गुंजरडीह ले जाया गया। इसके बाद शव को घर स्वांग ले जाया गया। बालक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव के ग्रामीण भी दुखी थे। घटना पर पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य ने शोक जताया है।

### टिनप्लेट फ्रेंड्स क्लब का गठन, वाइपी राव बने अध्यक्ष

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टिनप्लेट फ्रेंड्स क्लब की एक बैठक केंद्रीय कार्यालय टिनप्लेट में संपन्न हुई बैठक में कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से यम प्रसाद राव को अध्यक्ष, मलिकार्जुन राव व बाल कृष्णा राजू को उपाध्यक्ष, वाई गुरुनाथ राव को महासचिव, सूर्या राव को सह सचिव, यस प्रसाद राव को प्रवक्ता और शंकर राव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारणी समिति में श्रीनिवास राव, शंकर राव, कांता राव, शिवाजी राव, शेखर राव, राजा राव, दुर्गा राव, प्रभाकर राव, गणेश राव, जगन्नाथ राव, भास्कर राव, गोविंद राव, केशव राव, रामु राव, प्रकाश राव को शामिल किया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष यम प्रसाद राव ने कहा टिनप्लेट फ्रेंड्स क्लब के गठन का मुख्य उद्देश्य गरीब, शोषित, दलित, अपंग लोगों की सेवा करना, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। कमेटी ने समाजसेवी स्व. दुर्गा राव के शहादत दिवस के उपलक्ष में 22 दिसंबर को रक्तदान शिविर टिनप्लेट आंध्रा क्लब में आयोजित करने का निर्णय लिया।

### जनहित की योजनाओं को भाजपा रोकने का कर रही प्रयास -विधायक

**लिट्टीपाड़ा, एजेंसी।** प्रखंड के बड़ा घाघरी व सोनधानी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्थानीय विधायक दिनेश मरांडी, एसडीओ प्रवीण केरकेट्टा, बीडीओ श्रीमान मरांडी व झामुमो जिला सचिव सुलेमान बास्की ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया. विधायक ने लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया. कार्यक्रम में शामिल होकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. विधायक ने कहा मंईयां सम्मान योजना से राज्य के लाखों महिलाओं को जोड़ा गया है, जिसे लाभ भी मिल रहा है. पर इस जनहित की योजना को भी रोकने का भाजपा कु-प्रयास कर रही है. पर वे लोग कभी सफल नहीं होंगे. अबुआ आवास योजना के तहत बेघर परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है. साथ ही 200 यूनिट तक बिजली बिल माफ, दो लाख तक कृषि ऋण माफ योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है. शिविर में एसडीओ प्रवीण केरकेट्टा व बीडीओ ने संचालित योजनाओं की जानकारी दी.

### सरायकेला के बोंगबोंगा नदी पर बना पुल टूटा,

# झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के गांव से जिला मुख्यालय का संपर्क कटा

**सरायकेला, एजेंसी।** प्रताप मिश्रा/सुरेंद्र मार्डी, सरायकेला - राजनगर को जमशेदपुर से जोड़ने वाली सड़क पर खैरकोचा के समीप बहने वाली बोंगबोंगा नदी पर बना पुल टूट गया है. इससे राजनगर व जुगसलाई मार्ग का संपर्क टूट गया और वाहनों की आवाजाही ठप्प हो गयी है. इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गांव से जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है. घटना सोमवार सुबह की बतायी जा रही है.

घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार फ्लाई ऐश लदा हाईवा पुल पार कर रहा था. उसी वक्त बोंगबोगा नदी पर बना पुल टूट गया और वाहन का पिछला हिस्सा पुल के अंदर घुस गया. गनीमत रही कि चालक व खलासी इस हादसे में बाल बाल बच गये. पुलिस हाईवा को हटाने का प्रयास कर रही है ताकि किसी तरह छोटी वाहनों की आवाजाही हो सके.



**पुल के टूटने से क्या होगा नुकसान :** राजनगर ङ्क जुगसलाई मुख्य मार्ग पर खैरकोचा के समीप बोंगबोंगा नदी पर बने पुल के टुटने से राजनगर व जुगसलाई का संपर्क कट गया है. अब राजनगर के लोगों को जुगसलाई जाने के लिए अतिरिक्त 30 किमी की दूरी तय करनी होगी.

**कितना पुराना है पुल :** बोंगबोंगा नदी पर बनी पुल पहले ही जर्जर अवस्था में थी. कुछ साल पहले ही लाखों रुपये खर्च कर इस पुल की मरम्मत करवा कर आवाजाही शुरू की गयी थी. यह पुल काफी पुराना है इसलिए मरम्मत के बावजूद पुल धंसने की आशंका जतायी जा रही थी. यही कारण है कि विभाग ने भारी वाहनों की आवाजाही बंद करने के संबंध में साइन बोर्ड भी लगा दिया था. लेकिन इसके बावजूद आदेश का अनुपालन नहीं हुआ.

**पुल टूटने से अब छोटे वाहनों के लिए क्या है विकल्प :** पुल टूटने के पश्चात जुगसलाई राजनगर मार्ग पर आवाजाही ठप्प हो गयी. हाईवा ट्रक के फंसने की वजह से उस रास्ते पर बाइक का अवागमन भी नहीं हो पा रहा है. इसलिए कई लोग वैकल्पिक मार्ग से आगे का रास्ता तय कर रहे हैं.

**कितने लोगों का प्रतिदिन होता है आना जाना :** जुगसलाई मुख्य मार्ग से हजारों गाड़ियों का आना जाना होता है. इसी मार्ग से प्रतिदिन आदित्यपुर औधोगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर जाते आते हैं. राजनगर से जुगसलाई जाने वाले यात्री बस के भी आवागमन में दिक्कत होगी. राजनगर जुगसलाई मार्ग होते हुए लोग झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा को जाते हैं. पुल के टूटने से अब उनके गांव से जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है. वहीं, राजनगर मुख्यालय सहित सरायकेला प्रखंड के लोगों को भी पूर्व सीएम के गांव पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा.

**ग्रामीणों की क्या है मांग :** बोंगबोंगा नदी पर बनाया गया खैरकोचा पुलिया से प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन होने के कारण पुल टुट गया है. इस वजह से स्थानीय लोगों ने नया पुल बनाने की मांग की है. ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क पर प्रतिदिन सैकडों वाहन चलते हैं. साथ ही कई लोगों का रोजगार की तलाश में औद्योगिक क्षेत्र आदित्यपुर भी आना जाना लगा रहता है. इसलिए यहां पर नया पुल का निर्माण अविलंब कराया जाए.

## मुख्य सचिव की आपत्ति के बाद भी रेंजर व एसीएफ को सेवा विस्तार, 4 माह से वेतन नहीं

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने वन विभाग में पदस्थापित सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) और वन क्षेत्र पदाधिकारियों (रेंजर) को सेवा विस्तार दिया है. सेवा विस्तार मिलने के बाद एक दर्जन से अधिक अधिकारी विभिन्न प्रक्षेत्र में काम कर रहे हैं.

पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने इनको सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया था. इससे पूर्व में भी इनको रेंजर और एसीएफ को संविदा पर रखने का प्रस्ताव तैयार किया गया था. इसको मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन ने इनकार कर दिया था.

मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद इनको सेवा विस्तार दे दिया गया था. सेवा विस्तार पानेवाले अधिकारियों को अब तक वेतन नहीं मिला है. चार माह से ऐसे अधिकारी पदस्थापित हैं. महालेखाकार ने आरटीआइ से प्राप्त जानकारी में बताया है कि सेवा विस्तार पाने वाले अफसरों को अब तक वेतन पर्ची निर्गत नहीं किया गया है.झारखंड के तत्कालीन वन सचिव ने 2023 में प्रस्ताव तैयार किया था. इसमें लिखा था कि वन विभाग में सहायक वन संरक्षक का कुल 156 पद स्वीकृत हैं. इसके विरुद्ध 24 सहायक वन संरक्षक ही काम कर रहे हैं. दिसंबर 2023 में इनकी संख्या 19 हो जायेगी.

सहायक वन संरक्षक की नियुक्ति नियमावली तैयार होने का कार्य अंतिम चरण में है. नियमावली अधिसूचित होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन-चार साल लगेंगे. पूर्व में संविदा के आधार पर नियुक्ति होती थी. इसमें वांछित सफलता नहीं मिली थी. इसको देखते हुए सहायक वन संरक्षकों को सेवा विस्तार दिया जा सकता है.

यह फाइल जब मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के पास गयी, तो उन्होंने लिखा था कि गत 23 वर्षों में राज्य सेवा के किसी भी पदाधिकारी को सेवा विस्तार नहीं दिया गया है. अत-नयी परंपरा की शुरुआत करना श्रेयष्कर नहीं होगा. अत-इस प्रस्ताव को अस्वीकार किया जा सकता है.

मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन वन विभाग के इस तरह के प्रस्ताव पर इनकार कर चुके थे. तत्कालीन सचिव इंदुशेखर चतुर्वेदी द्वारा भेजी गयी फाइल में उन्होंने लिखा था कि वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर संविदा पर नियुक्ति प्रशासनिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है.

## होमगार्ड व छात्रों में मारपीट की रिपोर्ट जारी : न हथियार लूटा गया है और न ही किसी लड़की या महिला से छेड़छाड़ की गई

**रांची, एजेंसी।** रिम्स में छात्रों व होमगार्ड के बीच हुई मारपीट की घटना पर जांच समिति ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की। जिसमें 30 अगस्त को जांच समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक होने की बात कही गई है। बैठक की रिकॉर्डिंग भी की गई है। जिसमें कहा गया है कि स्टेडियम का गेट बंद होने की वजह से विवाद शुरू हुआ था। छात्रा ने मोबाइल में अपना आईडी कार्ड दिखाया था, जिसे होमगार्ड जवान मानने को तैयार नहीं हुए थे।बहस के बाद छात्रा स्टेडियम में घुस गई। बाद में स्टेडियम से बाहर निकलने की कोशिश की तो देखा कि गेट बाहर से बंद था। इससे वह घबरा गई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों की ओर से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के बयान के अनुसार, न तो कोई हथियार लूटा गया है और न ही किसी लड़की या महिला से छेड़छाड़ की गई है। चिकित्सकों की ओर से सभी जातियों और धर्मों के छात्र शामिल थे। ऐसे में किसी ने जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। एफआईआर में जिन डॉक्टरों के नाम दर्ज हैं, वे ड्यूटी पर मौजूद थे। उनके नाम आपातकालीन विभाग में ड्यूटी रोस्टर में दर्ज हैं।




# 15 तक नियुक्ति दौड़ रोकने की मांग

### राज्य के 15 बेरोजगार युवकों की मौत का कारण हेमंत सरकार है: हिमंता

**रांची, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य के 15 बेरोजगार युवकों की मौत का कारण हेमंत सरकार है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में हिमंता ने दावा किया कि उत्पाद सिपाही नियुक्ति की दौड़ में अब तक 15 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है।




इनके नाम हैं- पिंटू रजक, महेश महतो, अमरेश कुमार, सर्वज्ञ यादव, अजय कुमार महतो, प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, महेश मेहता, सूरज कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार शाह, सुमित यादव, विकास लिंडा, दीपक पासवान और अरुण कुमार। हिमंता ने राज्य सरकार से 15 सितंबर तक नियुक्ति दौड़ पर रोक लगाने और न्यायिक जांच कराने की मांग की। नहीं तो मानवाधिकार आयोग में जाने की चेतावनी है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपए मुआवजा राज्य सरकार दे। प्रदेश भाजपा नेता मृतकों के परिजनों से एक-एक लाख रुपए सहायता राशि देंगे। भाजपा मंईयां योजना के साथ, पर सरकार में आते इससे भी बड़ी योजना लाएगी : हिमंता ने कहा कि भाजपा मंईयां योजना के साथ शत प्रतिशत है। पर, सरकार में आते ही इससे भी बड़ी योजना लाएगी। भाजपा खटाखट पर विश्वास नहीं करती। हिमंता ने कहा कि वे अपने राज्य में 26000 अनुबंधित शिक्षकों को स्थायी कर आज यहां आए हैं।

**7 के बाद रायशुमारी पर निर्णय :** विधानसभा चुनाव के लिए बायोडेटा देनेवालों पर रायशुमारी होगी। उनकी जीत की संभावना का सर्वेक्षण होगा। मंडल व जिला कमेटियों से भी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों से नाम मांगे जाएंगे। प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के 7 सितंबर को रांची आएंगे। उसके बाद रायशुमारी की तिथि तय की जाएगी। सोमवार को नीलकंठ सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक में इन विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में हिमंता बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, सांसद दीपक प्रकाश, विद्युतवरण महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू आदि उपस्थित थे।

## पुलिस पदाधिकारियों को विस चुनाव को लेकर मिला प्रशिक्षण

**लिट्टीपाड़ा, एजेंसी।** एसडीपीओ डीएन आजाद ने सोमवार को लिट्टीपाड़ा थाना परिसर में आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण में अमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, सिमलोंग थाने के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे. एसडीपीओ ने कहा कि विधानसभा चुनाव को स्वच्छ, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, भयमुक्त वातावरण में संपन्न करना पुलिस की अहम जिम्मेवारी है. चुनाव में ध्यान रखना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लोग भयमुक्त वातावरण में मतदान कर सकें. मौके पर पुलिस निरीक्षक एचडी प्रसाद, थाना प्रभारी रंजन कुमार, अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, हिरणपुर थाना प्रभारी नवीन कुमार, सिमलोंग ओपी प्रभारी अमरजीत मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे.

## झारखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी कैसे करेगी प्रत्याशियों का चयन, इस रणनीति के तहत जाएगी जनता के बीच

**रांची , एजेंसी।** झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया. रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित इस बैठक में चुनाव के संचालन व प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी. बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर आदर्श व्यवस्था अपनाने पर सहमति बनी. इसको लेकर भी समिति के सदस्यों ने अपनी राय दी. साथ ही इस माह से पार्टी की ओर से शुरू होनेवाले परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया.



भाजपा की ओर से सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जायेगी. अलग-अलग प्रमंडल में इसका नेतृत्व भाजपाशासित राज्यों के मुख्यमंत्री करेंगे. इसको लेकर खाका तैयार किया जा रहा है. पार्टी हेमंत सरकार की वादाखिलाफी को लेकर जनता के बीच जाने का काम करेगी. जनता से पूछा जायेगा -हमें तो नहीं मिला, आपको मिला क्या? इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाने पर सहमति बनी. पार्टी इस अभियान के तहत राज्य के लगभग 1.5 करोड़ लोगों के बीच जाना चाहती है.

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की. बैठक में भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, श्याम नारायण दुबे, केदार हाजरा, आरती सिंह व गणेश तिवारी मौजूद थे.

## बेरोजगार युवाओं का डेटा तैयार कर रही है आजसू पार्टी : अजय सिंह

**दुमका, एजेंसी।** आजसू पार्टी के संताल परगना प्रमंडलीय कार्यालय में सोमवार को पार्टी की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह के दौरान पार्टी सुप्रीमों के निर्देश पर नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष सचिन कुशवाहा का स्वागत किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष सचिन कुशवाहा को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही संगठन को मजबूत किए जाने का संकल्प भी लिया। मौके पर मौजूद पार्टी के केंद्रीय महासचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सचिन कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी जिला में मजबूत होगी। कहा अगामी 8 सितंबर को पार्टी की ओर से रांची में आयोजित कार्यक्रम में संताल परगना से पांच हजार से भी ज्यादा युवा शामिल होंगे।

कहा आजसू पार्टी बेरोजगार युवाओं का डेटा तैयार कर रही है। आजसू पार्टी संताल परगना से 10 हजार बेरोजगार युवाओं का ऑन लाइन व ऑफ लाइन डेटा तैयार करेगी। कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में राज्य के युवाओं के भविष्य को कूचलने का काम हो रहा है। आजसू पार्टी बेरोजगारों का डेटा तैयार कर सरकार को सौंपेगी, ताकि सरकार की नींद खुल सके। नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष सचिन कुशवाहा ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। मौके पर कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा है। पार्टी के शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं में उदय कुमार मांझी, प्रदीप लाहा, कपूरी ठाकुर, अशोक मांझी, रामु कुमार, गुड्डू कुमार, बटेश्वर मंडल सहित अन्य मौजूद थे। मंच का संचालन जिला संगठन सचिव जयदेव मंडल ने किया। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य विश्जीत आनंद, जिला उपाध्यक्ष ललन मिश्रा, जिला संगठन सचिव जयदेव मंडल, दुमका प्रखंड अध्यक्ष बसंत वैद्य, सितेन कुमार, असित मंडल, विक्रम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## जलापूर्ति योजना अधूरी रहने से कोर्ट नाराज, कहा-:आई वॉश है सरकार का शपथ पत्र, कोर्ट व लोगों के साथ हो रहा छलावा



**रांची, एजेंसी।** हाईकोर्ट में साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना अधूरी रहने के मामले की सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कड़ी नाराजगी जताई। इस दौरान अदालत में पेयजल सचिव सशरीर उपस्थित रहे। उन्होंने योजना पूरी करने के लिए 210 दिनों का और समय मांगा। इस पर अदालत ने फटकार लगाई।

अदालत ने कहा कि यह योजना पिछले 16 सालों से चल रही है, लेकिन आज तक पूरी नहीं हो पाई। योजना को पूरा करने के लिए हर बार शपथ पत्र दिया गया, लेकिन उस पर काम नहीं हुआ। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि सरकार का शपथ पत्र सिर्फ आई वॉश है। शपथ पत्र के माध्यम से आम लोगों और कोर्ट के साथ छलावा किया जा रहा है। अदालत ने अगली सुनवाई 10 सितंबर को निर्धारित करते हुए पेयजल सचिव को उस दिन भी अदालत में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। साथ ही गलत शपथ पत्र दाखिल करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है।

# अब लाभुकों के खाते में अब मिल रहे पूरे पैसे : राज्यपाल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को कोल्हान दौरे के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़, पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर प्रखंड के हुरलुंग गांव और पश्चिमी सिंहभूम के खूंटपानी प्रखंड के बड़ा कुंटिया गांव में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। उन्होंने तीनों जगहों पर ग्रामीणों से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी ली। साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि की राशि खाते में आ रही या नहीं, उज्ज्वला कनेक्शन मिला या नहीं, इसकी जानकारी ली। साथ ही शिकायतों के बारे में पूछा। ईचागढ़ : नल से घर-घर पहुंचाया जा रहा है स्वच्छ जल

राज्यपाल सबसे पहले 10.45 बजे ईचागढ़ के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां वे करीब 55 मिनट तक रहे। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि आधी से अधिक बीमारी का कारण दूषित पेयजल है। इस परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा सभी को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का काम किया जा रहा है। इसकी शुरुआत बहुत सारे गांवों में हो भी चुकी है। अगर काम में और सुधार की जरूरत है तो बताएं, उसपर विचार होगा। प्रधानमंत्री की कोशिश है कि आपको जो दिया जा रहा है, वह आपको मिले। इस दौरान राज्यपाल ने रूगड़ी में आंवला का पौधा लगाया। उन्होंने सखी मंडल की सदस्यों के समूह के मध्य सीआईएफ के तहत चेक का वितरण किया। साथ ही उड़द मिनी किट (कृषि), मातृत्व प्रसूति सुविधा योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृत्ति योजना (श्रम), प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, केसीसी, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री जन-मन योजना, वनाधिकार पट्टा अधिनियम के तहत भूमि पट्टा का लाभ प्रदान किया।



**योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है मुझे बताएं :** ईचागढ़ से जमशेदपुर के हुरलुंग पहुंचे राज्यपाल का स्वागत लुप्तप्राय आदिम जनजाति सबर की ओर से तैयार अंग्वस्त्र देकर किया गया। इसके बाद उन्होंने पंचायत भवन में दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मैं यहां भाषण देने नहीं आया हूं, आपकी बात सुनने आया हूं कि सरकार की योजनाओं का लाभ आपको मिल रहा है या नहीं। अगर नहीं मिल रहा तो मुझे बताइए। यहां नहीं बता पाएं तो मुझे चिट्ठी लिखकर बताएं। उन्होंने कहा कि पहले के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि सरकार 100 पैसे गांवों में भेजती है, लेकिन मात्र 15 पैसे ही ग्रामीणों तक पहुंच पाता है। अब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी व्यवस्था बदल दी है। अब पूरा पैसा आपको खाते में सीधे पहुंचता है। राज्यपाल ने कहा कि मैं एक जगह से आया हूं, वहां लोगों को मकान तो मिला है पर एक बहन ने बताया कि उनके मकान की क्वालिटी ठीक नहीं है। आपको देखना है कि व्यवस्था ठीक है या नहीं। सरकारी योजनाओं में कुछ कमी मिले तो मुझे बताइए। समाधान किया जाएगा। केंद्र सरकार ने जिम्मेदारी ली है कि सबको साफ पानी मिले। झारखंड सरकार भी ऐसी ही तैयारी में है। सभी घर में शौचालय बनाए जा रहे हैं। इसमें भी कोई शिकायत है तो प्रशासन के अधिकारियों को जरूर बताइए। शौचालय ठीक बने और सभी को रहने के लिए घर मिल जाए, यही बात हम यहां कहने आए हैं।

**मुखिया से जानी सरकारी योजनाओं की स्थिति :** जमशेदपुर से राज्यपाल खूंटपानी प्रखंड के बड़ा कुंटिया गांव के पंचायत भवन पहुंचे। यहां ग्रामीणों से संवाद के बाद परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान गांव के मुखिया हरिचरण हेम्ब्रम और ग्रामीणों से विकास योजनाओं की स्थिति जानी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## हिंसक तत्वों पर लगाम लगे

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अगर निराश हैं, तो समझ सकते हैं कि हालात कितने बुरे हैं। राष्ट्रपति का कहना है कि देश के लोगों का गुस्सा जायज है और वह भी गुस्से में हैं। लेकिन इस गुस्से को जाहिर करने के लिए पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुईं, वे कम निराशाजनक या चिंताजनक नहीं। भाजपा ने 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। इस दौरान कई जगह से भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आईं, एक बीजेपी नेता पर हमले का आरोप है। तमाम लोगों को हिरासत में लेना पड़ा। स्थिति यह थी कि सरकारी बस ड्राइवर हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाते दिखे। पिछले कुछ दिनों से जो बंगाल भीतर ही भीतर सुलग रहा था, वह अचानक से फट पड़ा। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस हो या विपक्ष की भाजपा, दोनों ही पार्टियां महिलाओं की सुरक्षा चाहती हैं। फिर टकराव की स्थिति कैसे बन गई? इसका सीधा-सा जवाब है पॉलिटिक्स। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को राजनीति का मुद्दा न बनाने की अपील करने वाले नेता भी अपनी जरूरत के मुताबिक बड़े आराम से इसे राजनीति का रंग दे देते हैं। बंगाल में यही हो रहा है। टीएमसी प्रमुख और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने लगभग चेतावनी वाले अंदाज में कहा है कि अगर आग बंगाल में लगेगी तो यूपी, बिहार, असम और दिल्ली भी जलेंगे। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है, जो लाजिमी है। लेकिन, सोचने वाली बात है कि क्यों बंगाल बार-बार ऐसे हालात में फंसता है, जहां आग लगने की नौबत आ जाए। राज्य से थोड़े-थोड़े समय पर हिंसा की एक-जैसी तस्वीरें आती रहती हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति जितनी आक्रामक है, उतनी ही हिंसक भी। शायद इसकी वजह वहां के राजनीतिक इतिहास में है। 1970 और बाद के दशकों में राज्य ने नक्सलवादियों और सीपीएम कार्यकर्ताओं के बीच के हिंसक टकरावों को देखा। आरोप लगते रहे हैं कि कम्युनिस्ट दलों ने विपक्ष को पनपने नहीं दिया।

## लंबी उम्र की तमन्ना

सदियों से इंसानों की यह कोशिश रही है कि आयु को बढ़ने से कैसे रोक दिया जाए। आयु ही नहीं, बल्कि मृत्यु को भी टालने की तमन्ना आदि काल से बरकरार है। इसमें कोई शक नहीं है कि विगत एक सदी में इंसानों ने अपने जीवन को औसतन दोगुना लंबा कर लिया है। अभी भी अधिकतम 120 वर्ष की आयु तक लोग जीते पाए जाते हैं। उम्रदराज लोगों की संख्या दुनिया में बढ़ी है, पर चिकित्सकों के साथ ही अनेक वैज्ञानिकों की यह कोशिश भी जारी है कि आमतौर पर लोगों को जल्दी बूढ़ा होने से रोका जाए। बुढ़ापे को कैसे टाला जा सकता है, यह एक गहरे अध्ययन का विषय रहा है। हाल में जारी नेचर हिट्स द बुक्स के नवीनतम एपिसोड में नोबेल विजेता वेंकी रामकृष्णन ने उम्र बढ़ने की अंतर्निहित आणविक प्रक्रियाओं पर गहराई से प्रकाश डाला है और बताया है कि दीर्घायु की तलाश में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ज्यादा जीने के साथ ही अच्छा जीना भी आज दिलचस्प विषय है। अच्छी जीवन शैली, साफ परिवेश, शुद्ध खान-पान और चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने की अनिवार्यता का बढ़ना तय है। विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई की मदद से एक ऐसी मस्तिष्क घड़ी का निर्माण हुआ है, जो यह बता सकती है कि किसी व्यक्ति का मस्तिष्क उसकी आयु की तुलना में ज्यादा तेजी से बूढ़ा हो रहा है या नहीं। दरअसल, ज्यादा समय तक युवा रहने के लिए दिमाग का युवा रहना जरूरी है। यह खास घड़ी बताती है कि अधिक असमानता वाले देशों और लैटिन अमेरिकी मुल्कों में दिमाग तेजी से बूढ़ा होता है। इस शोध के प्रमुख लेखक और सैंटियागो में एडोल्फो इबनेज यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट ऑगस्टिन इबनेज कहते हैं कि जिस तरह से आपका मस्तिष्क बूढ़ा होता है, वह सिर्फ वर्ष से संबंधित नहीं है। यह इस बारे में भी बताता है कि आप कहां रहते हैं, क्या करते हैं, आपका सामाजिक-आर्थिक स्तर, आपके पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर कैसा है।' शोधकर्ता यह भी स्पष्ट करते हैं कि कोई भी देश, जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करना चाहता है, उसे संरचनात्मक विषमताओं को पहले दूर करना चाहिए। अगर किसी देश में कुछ अमीर हैं और ढेर सारे गरीब, तो उस देश में आयु ज्यादा नहीं बढ़ेगी। जिस देश में आय की समानता ज्यादा होगी, वहां के लोगों को लंबी जिंदगी नसीब होगी।यह खास रिपोर्ट नेचर मेडिसिन में भी प्रकाशित हुई थी और इसकी चर्चा स्वाभाविक ही ज्यादा हो रही है। ज्यादा जीना भला कौन नहीं चाहेगा।

## उग्र हिंसक भीड़ के सामने जनतांत्रिक सत्ता और न्यायपालिका की क्षणभंगुर हैसियत

(कमलेश पांडे)

कभी पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले बंगलादेश के लिये सैन्य तख्तापलट कोई नई बात नहीं है। हां, दुनिया के सबसे बड़े और सफल लोकतांत्रिक देश भारत की छत्रछाया में पले-बढ़े बंगलादेश के लिए यह गम्भीर चिंता का विषय जरूर है। जनतांत्रिक देश बंगलादेश में हाल के दिनों में जो कुछ हुआ, वह लोकतांत्रिक प्रशासन के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। यह उसकी अविश्वसनीयता की एक बानगी है, जिससे किसी भी लोकतांत्रिक देश में अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। सवाल है कि जनता यदि बगावत पर उतर जाए या उसके नाम पर हिंसक प्रवृति के लोग गोलबंद होकर सड़कों पर उतर जाएं तो संविधान और संविधान का शासन कुछ भी मायने नहीं रखता है। यह स्थिति विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए। यूँ तो किसी भी लोकतंत्र में पक्ष-विपक्ष जरूरी है, लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि विदेशी ताकतों की सरपरस्ती में विपक्ष अपने ही देश और देशवासियों के खिलाफ हिंसक आंदोलन चलाए और फिर सत्ता तक पहुंच जाए। भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न आधा दर्जन से अधिक देशों में यह प्रचलन बढ़ा है, जो सर्वाधिक चिंता की बात है। जानकार बताते हैं कि संभवतया इसी स्थिति से बचने के लिए विधायिका के बीच से कार्यपालिका के कद्दावर चेहरे से युक्त निष्पक्ष प्रशासन, स्वतंत्र न्यायपालिका और उन्मुक्त प्रेस की परिकल्पना की गई। लेकिन बंगलादेश में पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनीं अवामी लीग नेत्री शेख हसीना की सरकार का जिस तरीके से तख्तापलट कराया गया, उससे निर्वाचित सरकारों और वैश्विक लोकतंत्र दोनों के सामने एक आसन्न खतरा मंडराने लगा है। वहीं, बदलती स्थिति से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता की धूलधूसरित हुई है। वहीं बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ जारी हिंसा के बीच संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने भी कहा है कि वह नस्लीय आधार पर किसी भी हमले या हिंसा के खिलाफ हैं। उन्होंने हिंसा को खत्म करने की अपील भी की। कभी पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले बंगलादेश के लिये सैन्य तख्तापलट कोई नई बात नहीं है। हां, दुनिया के सबसे बड़े और सफल लोकतांत्रिक देश भारत की छत्रछाया में पले-बढ़े बंगलादेश के लिए यह गम्भीर चिंता का विषय जरूर है। मसलन, बंगलादेश की मुक्ति संघर्ष वाहिनी के अंग रहे लोगों के वंशजों को 30 प्रतिशत या उससे अधिक आरक्षण दिए जाने के सरकार के फैसले पर आए एक सकारात्मक न्यायादेश के बाद वहां भड़का छात्र आंदोलन कब इस्लामिक चरमपंथियों के जिहाद में तब्दील हो गया, किसी को कुछ पता नहीं चल सका। हाँ, भारत समेत दुनिया के लोकतंत्र प्रेमियों की आंखें तब खुलीं, जब वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं को अवामी लीग पार्टी का समर्थक करार देकर उन्हें निशाना बनाया जाने लगा। जगह-जगह उनकी हत्या की जाने लगी और उनके घर-मंदिर में लूटपाट मचाने व तोड़फोड़ करने के बाद उसे फूंक दिए जाने की घटनाएं बढ़ने लगीं। इस बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना वहां से भागकर भारत आईं और यहां शरण लीं। फिर तो यह स्पष्ट होते देर न लगी कि उग्र छात्र आंदोलन की आड़ में इकट्ठा हुए इस्लामिक चरमपंथियों की हिंसक भीड़ के सामने लोकतांत्रिक सत्ता और न्यायपालिका समेत पुलिस, सेना व संविधान की औकात कितनी क्षणभंगुर है। गोया, इसके दृष्टिगत अपनाई गई सैन्य तटस्थता भी कोई शुभ संकेत नहीं है। यह सही है कि सेना ने शेख हसीना को सुरक्षित भारत जाने दिया। फिर संसद भंग करके एक नोबेल पुरस्कार विजेता के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार का गठन करवा दिया। फिर छात्र धमकियों के मद्देनजर बंगलादेश के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन को इस्तीफा देना पड़ा। अब वहां देर-सबेर चुनाव होंगे और फिर नवनिर्वाचित सरकार सैन्य प्रमुख के साथ क्या व्यवहार करेगी, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लिहाजा, इस पूरे घटनाक्रम के पीछे के गूढ़ मायने को समझना होगा। सवाल है कि क्या सेना, पुलिस, सरकार या न्यायालय आदि उग्र छात्र आंदोलनकारियों की खाल में छिपे उन अराजक तत्वों के इशारे पर थिरकेगी, जो सरिया कानून के हिमायती हैं, आतंकवादियों-उग्रवादियों और अंडरवर्ल्ड के पृष्ठपोषक हैं? या फिर विधि के शासन से चलेगी, जिसके लिए पुलिस, सेना, सिविल प्रशासन, न्यायालय के साथ-साथ पूरी सरकार जवाबदेह होनी चाहिए। लोकतांत्रिक सत्ता हमेशा चुनाव से बदलनी चाहिए, न कि सैन्य तख्ता पलट और सरिया कानून के हिमायती जमात के हिंसक आंदोलनों से! लेकिन जिस तरह से कभी अफगानिस्तान में, कभी पाकिस्तान में और अब बंगलादेश में लोकतांत्रिक सरकारें गिराई गईं और लोकतंत्र के पहरूए पश्चिमी देशों समेत भारत ने चरमपंथियों के खिलाफ नरमी दिखाई, वह इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। न्यू वर्ल्ड आर्डर यानी नई विश्व व्यवस्था के पैरोकार पहले चरमपंथियों को हवा देकर लोकतांत्रिक विफलता का माहौल पैदा करेंगे और उनके दमन के नाम पर अपना पूंजीवादी फन फैलाएंगे और आम आदमी को डंसना शुरू कर देंगे। आपको पता है कि आज पूरी दुनिया में लोकतंत्र का शोर मचा हुआ है। जहां भी और जो भी इसे चुनौती देता है, उसके खिलाफ पश्चिमी देश लामबंद हो जाते हैं। दुनिया के कई देशों में हुए सैन्य तख्तापलट के तुरन्त बाद नवनिर्वाचित सरकार का गठन करवाया गया। आज पूंजीवादी अमेरिका और उसके मित्र देश साम्यवादी रूस और चीन का विरोध इसलिए भी करते आये हैं कि वहां सीमित या नियंत्रित लोकतंत्र है। बावजूद इसके, अफगानिस्तान से लेकर बंगलादेश तक में चरमपंथियों के आगे घुटने टेकने का रहस्य यदि ये लोग ही समझा दें तो बेहतर रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के मुताबिक, हो सकता है कि बंगलादेश प्रकरण के पीछे भी नई विश्व व्यवस्था मतलब न्यू वर्ल्ड आर्डर के प्रतिपादक पूंजीवादी ताकतों का हाथ हो। क्योंकि जिस तरीके से अमेरिका, चीन और रूस के बीच दुनिया का थानेदार बनने की होड़ मची हुई है और इनके समानांतर एक मजबूत वैश्विक ताकत के रूप में भारत का अभ्युदय हो चुका है, उसके परिप्रेक्ष्य में भारत-रूस के ऐतिहासिक सम्बन्ध और वक्त की कसौटी पर खरी मित्रता से अमेरिका और चीन दोनों को चुभन हो रही है। यही वजह है कि पिछले दस सालों में भारत-पाक संघर्ष, भूटान संकट, म्यांमार संकट और अब बंगलादेश संकट के बहाने भारत को हर तरह से कमजोर और पड़ोसियों से झंझट ग्रस्त देश बनाने की कसरतें जारी हैं।

> *दुनिया के कई देशों में हुए सैन्य तख्तापलट के तुरन्त बाद नवनिर्वाचित सरकार का गठन करवाया गया। आज पूंजीवादी अमेरिका और उसके मित्र देश साम्यवादी रूस और चीन का विरोध इसलिए भी करते आये हैं कि वहां सीमित या नियंत्रित लोकतंत्र है। बावजूद इसके, अफगानिस्तान से लेकर बंगलादेश तक में चरमपंथियों के आगे घुटने टेकने का रहस्य यदि ये लोग ही समझा दें तो बेहतर रहेगा।*

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा पर चुप्पी उचित नहीं

(दीपक कुमार त्यागी)

बांग्लादेश में कट्टरपंथी षड्यंत्रकारी लोगों के द्वारा तथाकथित आंदोलनकारी छात्रों के साथ मिलकर के वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना को जबरन सत्ता से हटाने के बाद से ही पूरे देश में कानून-व्यवस्था के हालात दिन-प्रतिदिन बेहद बदतर होते जा रहे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों के विरोध में हाल ही में राजधानी ढाका, चटगांव, कुरीग्राम, ठाकुरगांव, छत्रग्राम, दिनाजपुर, बरिशाल, मेमेन्सिंध, तंगेल, नीलाफामारी आदि शहरों में लाखों की संख्या में हिन्दुओं ने विरोध प्रदर्शन करके सरकार से तत्काल कट्टरपंथियों के हमलों को रोकने की मांग करते हुए, नुकसान की भरपाई की मांग करते हुए, दंगाईयों को चिन्हित करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए, पूरे विश्व समुदाय का ध्यान बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के मसले पर आकर्षित करने का कार्य किया है। वैसे भी बांग्लादेश में हिंसा व तनाव के चलते ही म्यांमार की सीमा पर शरण लेने की उम्मीद से खड़े बांग्लादेशी लोगों के साथ घटित हुई बेहद हृदयविदारक घटना को अभी हाल ही में पूरी दुनिया के लोगों ने देखा है। वहीं भारत की बांग्लादेश से सटी सीमाओं पर भी इसी तरह से लाखों की संख्या में जगह-जगह बांग्लादेशी हिन्दू भारत में शरण लेने की उम्मीद से निरंतर खड़े हुए हैं। वहीं भारत में धर्मनिरपेक्षता के तथाकथित ठेकेदार अभी तक भी इस ज्वलंत मसले पर कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं, जबकि इनमें से बहुत सारे लोग मानवाधिकार के नाम पर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक़, फिलिस्तीन, लिबिया, गाज़ा पट्टी आदि तक के आतंकियों के हक में भी खुलेआम भारत की सड़कों पर उतर करके हंगामा बरपाने से बाज़ नहीं आते। लेकिन आज बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर यह लोग चुपचाप तमाशबीन बनकर बैठे हुए हैं, अब इन लोगों को बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का दर्द, इंसानियत का सरेआम होता कत्लेआम व मानवाधिकारों का उल्लघंन होते हुए नज़र नहीं आ रहा है। बांग्लादेश में आरक्षण को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग को लेकर के कुछ माह से छात्रों के द्वारा सड़कों पर जबरदस्त हंगामा बरपाया हुआ था। जिस हिंसक हंगामें की आड़ में ही बांग्लादेश में जनवरी 2024 में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने वाली शेख हसीना सरकार का 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट करके उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वहां के हालात को देखकर लगता है कि आरक्षण का मुद्दा तो बस एक बहाना था, असली मकसद तो कट्टरपंथियों का शेख हसीना को सत्ता से हटाकर के बिना चुनाव जीते सरकार पर कब्जा जमाना था, जिस मकसद में वह सफल भी हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट करने के लिए ही कट्टपंथी षड्यंत्रकारियों के द्वारा पूरे बांग्लादेश को हिंसा की आग में झोंक कर आम लोगों का कत्लेआम करवा दिया गया। हिंसा का आलम यह था कि खुद प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी अपनी जान बचाने के लाले पड़ गए थे, वह भी जैसे-तैसे करके बांग्लादेश को छोड़कर के भारत सुरक्षित पहुंच पाई हैं। लेकिन शेख हसीना के विरोध के नाम पर चल रहे इस पूरे हिंसक आंदोलन को हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बाद तो पूरी तरह से शांत हो जाना चाहिए था, लेकिन उसके बावजूद आज भी बांग्लादेश में हिंसा व हंगामें का जबरदस्त दौर जारी है, वहां पर कट्टरपंथी दंगाईयों के दबाव व भय में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को भी अपना पद छोड़ना पड़ा है। इस परिस्थिति में सोचने वाली बात यह है कि 17 करोड़ की आबादी वाले मुस्लिम बाहुल्य बांग्लादेश में हिन्दुओं की आबादी तकरीबन आठ प्रतिशत 1.35 करोड़ के लगभग हैं, वहीं इस अधिकांश हिन्दू आबादी को परंपरागत रूप से शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का कट्टर समर्थक माना जाता है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5481

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5480

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली 5481



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1950 को हिंदी फिल्मों के इस प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ने जन्म लिया था (4)
5. मध्यम, सामान्य, बीच की संख्या (3)
7. मर्मज्ञ (3)
8. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
11. हुनर, कला, सर्पशीर्ष (2)
12. अवस्था, उम्र (2)
14. पुत्र, बेटा (2)
16. आदर, सत्कार, सम्मान (3)
14. पैरवी करना, वकील होने का भाव (4)
17. पथभ्रष्ट होना, मार्गच्युत होना (4)
19. गमत प्रस्थिती, प्रेषिति (3)
21. नामकरण संस्कार होना, नामदेना (5)
22. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर, सादृश्य, समरूप समान (1)

**ऊपर से नीचे**

1. पद, स्थान, क्षेत्रदर्जा, पोस्ट (3)
2. मेरा या मेरी (2)
3. आदिम, सुदुर, भूतकालीन (4)
4. कारण (अंग्रेजी)(3)
5. संतान, पुत्र या पुत्री, वंशधर, कुलधर (3)
6. श्रीराम के अनुज भरत के ज्येष्ठ पुत्र जिन्होंने तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)
9. कृष्ण पक्ष, अंधेरा पाख (2)
10. नईजिंदगी, नया जीवन (5)
11. जीत, विजय (उर्दू) (3)
13. एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या दो अधिक आर आने पर प्रत्येक बार भिन्न अर्थ देता है (3)
14. सुबकी ले-लेकर रोना (4)
15. इस देश की राजधानी अकरा है (2)
16. अनथका, स्फूर्त, नवीन (2)
18. यह देश तीनों ओर से फारस की खाड़ी से घिरा है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
20. वक्षस्थल, सिलाई करना (2)

### वर्ग पहेली 5482 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | दी | व | | | अ | ज |
| न | ग | | न | ई | दु | नि | या |
| स | न | | ज | द | | ल | |
| रो | | भू | | | | कुं | भ |
| व | का | ल | त | | गो | ब | र |
| र | मा | ना | | अ | | ले | ना |
| | य | | सा | के | त | | |
| म | नी | ला | | ला | ल | कि | ला |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। आपको दोपकर में कोई खुशी का समाचार मिलेगा और भाग्य आपका साथ देगा। सेहत के प्रति सतर्क रहें और अपने काम पर फोकस करें। शाम के समय आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है और उसके साथ बातचीत करने पर आपका मन भी हल्का होगा और प्रसन्नता का अनुभव होगा।

### वृष
करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए सम्मान में वृद्धि के योग बने हैं। आपको सम्मान में वृद्धि के योग हैं और आपका पूरा दिन परोपकार में बीतेगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं और लोगों को इससे खुशी होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से लोगों का दिल जीत लेंगे और आपके धन में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

### मिथुन
आज आपके सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में आपके लिए अच्छी होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम का वक्त परिवार के साथ सैर सपाटे और मौज में कटेगा।

### तुला
आज करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से सम्मान की प्राप्ति होगी और आप किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीद भी कर सकते हैं। आपके लिए संपत्ति पाने की अभिलाषा पूरी होगी और मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम के वक्त वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपको हर मामले में आशा के अनुसार परिणाम मिलेंगे। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति होगी और भाग्य आपका साथ देगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश रहेगा। शाम से लेकर रात का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। खान-पान का विशेष ध्यान रखें तो आपकी परेशानियां दूर रहेंगी।

### धनु
आज लाभ के योग हैं और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग हैं। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने आपके कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपके लिए सम्मान में वृद्धि के योग हैं। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिए गए निर्णय आपके लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप परिवार के लोगों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको सहयोगियों से विवाद झेलने पड़ सकते हैं। तनाव बढ़ सकता है। बेहतर होगा कि आप धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, वरना आपका पैसा फंस सकता है।

### सिंह
आज दिन फायदे का है और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। अचानक से आपके लिए अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके सभी कानूनी पहलुओं के बारे में जांच लें। शाम के वक्त आपको लाभ होगा और कुछ वक्त परिवार के लोगों के साथ आराम से बिताएंगे।

### कन्या
आज दिन शुभ है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। उत्सव और त्योहार में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे। अच्छे भोजन से मन प्रसन्न रहेगा और शाम को हर काम से फ्री होकर परिवार के साथ वक्त बिताएंगे। शुभ समाचार का आना लगातार जारी रहेगा।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपको स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक मंगल कार्य के पूर्ण होने से खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें और अपनी भावनाएं दूसरों के सामने व्यक्त न करें। आपको सरकार की ओर से कोई मदद मिलेगी।

### कुंभ
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको वाक्पटुता से विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। भागदौड़ अधिक होने की वजह से आपकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

### मीन
आज लाभ का दिन है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके धन, सम्मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों ने प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सांयकाल प्रियजनों से भेंट एवं रात्रि में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी नेताओं के बिगड़ते बोल पर अभिषेक बनर्जी की सलाह, सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के बाद बंगाल में माहौल काफी गर्म है। लोगों में ममता बनर्जी सरकार को लेकर काफी गुस्सा है। अब ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने पार्टी नेताओं को अहम सलाह दी है। इसमें उन्होंने कहा है कि मेडिकल क्षेत्र और आम लोगों से गलत तरीके से बात न करें। अभिषेक ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही है। गौरतलब है कि टीएमसी नेताओं ने कुछ विवादास्पद बयान दिए हैं। एक पार्षद के पति ने तो यहां तक कह डाला कि मुख्यमंत्री ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने के लिए कहा है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बात से इनकार किया है कि ऐसा कोई दिशानिर्देश उनकी तरफ से दिया गया है। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक ने एक्स पर लिखा है कि पार्टी से जुड़े सभी लोगों को विनम्र और सहानुभूति जताने वाला होना चाहिए। मैं टीमएसी के सभी लोगों से अपील करता हूं कि मेडिकल फैटर्निटी और आम लोगों से गलत बातें न करें। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध जताने का अपनी बात कहने का हक है। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि यही चीज पश्चिम बंगाल को भाजपा शासित राज्यों से अलग करती है। गौरतलब है कि रविवार को हावड़ा से टीएमसी पार्षद के पति आतिश सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर अशालीन टिप्पणी की थी। उन्होंने एक स्थानीय सभा में कहा था कि मैं तुम्हारी मां और बहनों की गंदी तस्वीरें बनाकर तुम्हारे घर के दरवाजे पर टांग दूंगा। तुम अपना घर नहीं छोड़ पाओगे। इतना ही नहीं, आतिश सरकार ने आगे कहा कि याद रखना, हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने की सलाह दी है। अगर हमने फुंफकारना शुरू कर दिया तो तुम लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाओगे। वीडियो वायरल होने के बाद टीमएसी ने आतिश सरकार को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। इसी तरह चार बार की सांसद काकोली घोष दास्तीदार ने, जो कि खुद भी एक मेडिकल प्रैक्टिसनर हैं, माफी मांगी है। हाल ही में उन्होंने महिला डॉक्टरों पर टिप्पणी की थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के बाद वह एक पैनल डिस्कशन में हिस्सा ले रही थीं। उस वक्त सांसद ने दावा किया कि हमारे वक्त में तो डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही लड़कियां, पढ़ाने वाले डॉक्टर टीचर्स की गोद में बैठकर पासिंग मार्क्स हासिल कर लेती थीं।

### यह हमारा पारिवारिक मामला, हम बैठकर सुलझा लेंगे: सुनील आंबेकर

**पलक्कड़, एजेंसी।** अपनी स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को कहा कि वह अपने मूल सिद्धांत 'राष्ट्र प्रथम' के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहा है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में उस सवाल के जवाब में यह बात कही, जिसमें पूछा गया था कि क्या भाजपा सहित संघ-प्रेरित अन्य संगठनों के बीच समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा, ''आरएसएस (2025 में) 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहा है। इसलिए यह एक लंबी यात्रा है।'' आंबेकर ने कहा कि इस यात्रा में एक चीज जो निरंतर बनी रही, वह है 'राष्ट्र प्रथम' के प्रति प्रतिबद्धता। आरएसएस से प्रेरित संगठनों की यहां तीन दिवसीय राष्ट्रीय समन्वय बैठक के समापन के बाद उन्होंने कहा, ''यह हमारा दृष्टिकोण रहा है और प्रत्येक स्वयंसेवक ने इसमें विश्वास किया है।'' आंबेकर ने कहा कि एक लंबी यात्रा में, कामकाज से संबंधित मामले अनिवार्य रूप से सामने आते हैं, लेकिन संगठन के पास इन मुद्दों को हल करने के लिए एक तंत्र है। आंबेकर से लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की ओर से दिये गए उस बयान के बारे में भी पूछा गया जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी उस दौर से काफी आगे निकल चुकी है, जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह अपना काम खुद संभालने में सक्षम है। इसके जवाब में आंबेकर ने कहा, ''अन्य मुद्दों का समाधान किया जायेगा। यह पारिवारिक मामला है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या परिवार में सब कुछ ठीक है, उन्होंने जवाब दिया, ''बिल्कुल।'' पश्चिम बंगाल की घटना को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' और 'चिंताजनक' करार दिया।

# 60 हजार जवान नहीं ला पा रहे शांति, उन्हें वापस बुलाएं: विधायक राजकुमार इमो सिंह

**इंफाल, एजेंसी।**
मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्र से अनुरोध किया कि यदि केंद्रीय बलों की मौजूदगी से हिंसा नहीं रुकती तो राज्य से उनको वापस बुला लिया जाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यदि केंद्रीय बल ऐसा करने में विफल रहते हैं तो जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के लिए राज्य सुरक्षा कर्मियों को कार्यभार संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सिंह ने कहा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं।

उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्रवाई की गई।

सिंह ने कहा, हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्रवाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे। उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा विधायक ने कहा, केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपनी होगी और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य करने की अनुमति देनी होगी। पिछले वर्ष राज्य में हिंसा भड़कने के बाद गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया था। विभिन्न एजेंसियों और बलों की रिपोर्टों की देखरेख करने वाली एकीकृत कमान मणिपुर सरकार के परामर्श से परिचालन आवश्यकताओं का समन्वय करती है। सिंह ने केंद्र सरकार से उन उग्रवादी और विद्रोही समूहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का भी आह्वान किया, जिन्होंने अभियान निलंबन (एसओओ) समझौते के आधारभूत नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शाह से इन समूहों के साथ एसओओ समझौतों को रद्द करने का आग्रह किया, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे हिंसा को और बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिंह ने हथियारों और गोला-बारूद के वित्तपोषण और आपूर्ति की जांच का अनुरोध किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे संघर्ष बढ़ रहा है। सिंह ने केंद्र सरकार से स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के बीच राजनीतिक वार्ता और सहभागिता शुरू करने का आग्रह किया।



## टिकट नहीं दिया तो कांग्रेस में चला जाऊंगा, हरियाणा भाजपा के दिग्गज का खुला ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी की टेंशन बढ़ाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने दावा कर दिया है कि अगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया, तो वह कांग्रेस का दामन थाम लेंगे। वह राज्य की हाईप्रोफाइल सीट बादशाहपुर से टिकट की मांग कर रहे हैं। खास बात है कि इस सीट पर वरिष्ठ नेता सुधा यादव से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व हस्ष्ठ समेत कई बड़े नेता दावेदारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंह ने साफ कर दिया है कि वह इस बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा, साल 2019 में मुझे टिकट नहीं मिला था। इस बार मैं निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनाव नहीं लड़ूंगा। मैदान में सिर्फ दो ही पार्टियां हैं। तो अगर भाजपा मुझे टिकट नहीं देती है, तो मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। सिंह का दावा है कि बादशाहपुर विधानसभा सीट से वह ही जीतने वाले उम्मीदवार हैं। खबरें हैं कि पूर्व सांसद सुधा यादव विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहीं हैं। वह बादशाहपुर सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। ऐसे में नरबीर सिंह को टिकट मिलने की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक पार्टी ने टिकट का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा गुरुग्राम सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंदरजीत सिंह भी बादशाहपुर और अहिरवाल के टिकट वितरण में सक्रिय नजर आ रहे हैं। साल 2019 में हार का सामना करने वाले मनीष यादव भी टिकट की तलाश में हैं। वहीं खट्टर के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव भी यहां एक्टिव हैं। इनके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल यादव भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। हालांकि, जवाहर यादव साफ कर चुके हैं कि वह पार्टी की विचारधारा के साथ काम करते रहेंगे। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी यह राज्य की सबसे बड़ी सीट है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 9 सीटों में से एक बादशाहपुर सेगमेंट में 4.5 लाख मतदाता हैं। रिपोर्ट में भाजपा के अनुमान के हवाले से बताया गया कि बादशाहपुर में करीब 1.25 लाख अहीर (यादव), 60 हजार जाट, 50 हजार

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव, भाजपा की चौथी सूची में प्रदेश महासचिव विबोध गुप्ता का नाम, दावा- जीत पक्की है

**राजौरी , एजेंसी।**
भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की सूची में दल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट विबोध गुप्ता को जगह दी। उन्हें राजौरी सीट से उतारा गया है। सोमवार (2 सितंबर) को चौथी सूची जारी की गई। इस घोषणा के बाद जब विबोध गुप्ता राजौरी पहुंचे तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एडवोकेट विबोध गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और आश्वस्त किया कि वे जीत दर्ज करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे तथा जनता की सभी आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं तहे दिल से भारतीय जनता पार्टी का शुक्रिया अदा करता हूं। भाजपा राजौरी विधानसभा सीट कम से कम 10,000 वोटों से जीतेगी। पुंछ और राजौरी जिलों की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र को लेकर उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला फिर से यहां अपना झंडा फहराने की बात करते हैं। वह धारा 370 और 35ए को वापस लाएंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस फिर से समृद्ध जम्मू-कश्मीर को- जो पर्यटन राज्य में तब्दील हो चुका है, आतंकवाद राज्य में बदलने की बात कर रही है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि अगर वे नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र से सहमत हैं तो उन्हें भी खुलकर कहना चाहिए कि हमें 370 और 35ए वापस चाहिए। जम्मू-कश्मीर को अलग झंडा चाहिए, यह भी वह खुलकर कहें। जनता इसका जवाब मांग रही है।



गुप्ता ने आगे कहा कि 5 अगस्त 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म होने की कगार पर है। यहां पत्थरबाजी और अलगाववाद खत्म हो गया है। राजौरी में अब भाईचारे का माहौल है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना को नौशेरा से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में लाल चौक से इंजीनियर ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ रजा, खानसाहिब से अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ से ताहिद हुसैन का नाम शामिल है। जम्मू-कश्मीर में चुनाव तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होंगे। इसके बाद 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

# बीजेपी एनसीपी में 21 सीटों पर फंस रहा पेच, उम्मीदवारी खतरे में देख नेता बदल रहे पाला

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति गठबंधन में सीटों के बंटवारे की बात चल रही है। लेकिन यहां भाजपा और एनसीपी के बीच 21 सीटों पर पेच फंस गया है। यह वो 21 सीटें हैं जिन पर 2019 के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों में काफी करीबी मुकाबला हुआ था। इनमें से अधिकतर सीटें पश्चिमी महाराष्ट्र से हैं और दोनों ही पक्ष इन सीटों पर दावा ठोक रहे हैं। इसको लेकर अंदरूनी संघर्ष भी देखने को मिल रहा है और दोनों दलों के नेताओं को एक-दूसरे की आइडियोलॉजी रास नहीं आ रही। दोनों दलों की तरफ से कम से कम चार नेताओं ने खुलकर बोला है। भाजपा के कुछ नेताओं ने तो पार्टी तक छोड़ दी है। चुनाव करीब आने के साथ यह जुबानी जंग और तीखी होने का अनुमान है।



भाजपा के हर्षवर्धन पाटिल, समरजीत घटगे और गणेश हैके ने अपनी बात रखी थी। वहीं, अजीत पवार गुट के सीनियर लीडर रामराजे नाइक निंबालकर ने रविवार को भाजपा के आवाज बुलंद की। पाटिल और घटगे इंदापुर और कागल विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की आस लगाए बैठे हैं। यह दोनों सीटें एनसीपी अजीत पवार के पास हैं। अब पाटिल और घटगे इस हफ्ते एनसीपी-शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने वाले हैं। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में पाटिल और घटगे बतौर भाजपा उम्मीदवार इन सीटों पर एनसीपी उम्मीदवार से मुकाबला हार गए थे। इस साल इन दोनों को जीतने की उम्मीद थी, लेकिन उनसे कहा गया कि इन सीटों पर एनसीपी के सिटिंग एमएलए ही उम्मीदवार होंगे। वहीं, अहमदनगर की लातूर सीट से उम्मीदवारी की आस रखने वाले गणेश हैके ने भी एनसीपी के साथ गठबंधन की आलोचना की है। हैके ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो भाजपा को भारी कीमत चुकानी पड़ जाएगी।

कभी शरद पवार के बेहद करीबी रहे निंबालकर अजीत पवार के साथ चले गए थे। अब वह फिर से शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने की धमकी दे रहे हैं। निंबालकर का कहना है कि वह भाजपा नेताओं, रंजीत सिंह निंबालकर और जयकुमार गोरे के साथ सोलापुर और सतारा की स्थानीय राजनीति में कंफर्टेबल नहीं हैं। वह भाजपा और एनसीपी के सियासी समीकरण से भी खुश नहीं हैं। सोलापुर के दो अन्य भाजपा नेता, उत्तमराव जनकर और प्रशांत पारिचरक भी जिले के बदलते समीकरण को देखते हुए शरद पवार गुट की तरफ जाते दिख रहे हैं।

मराठवाड़ा से एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अजीत पवार गुट के 21 विधायकों ने 2019 में भाजपा के खिलाफ जीत हासिल की थी। वहीं, कुछ को बेहद करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि दोनों दल बरसों से चुनावी राजनीति में एक-दूसरे से लड़ते रहें हैं। दोनों की आइडियोलॉजी और वोटर प्रोफाइल अलग है। लोकसभा चुनाव में भी यह बात साबित हो चुकी है। इस भाजपा नेता ने कहा कि पिछले साल जुलाई में अजीत पवार गुट के साथ समझौता करना भी पार्टी के कई नेताओं को रास नहीं आया। अजीत पवार गुट के आने से उनके पास अवसर कम हो गए हैं और वह अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक एनसीपी ने कहा कि अविभाजित शिवसेना के खिलाफ 2019 में जीतने वाले 19 एनसीपी विधायक आज अजीत पवार के साथ हैं।

# हिंसा से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं होगा: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि अब विधानसभा चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने और लोकतंत्र में भरोसा दिखाने वाले कुछ अलगाववादी नेताओं का फैसला उनके लिए सफलता है। इससे चुनावी राजनीति और हिंसा के खिलाफ उनके रुख की पुष्टि हुई है। गांदरबल जिले के कंगन विधानसभा क्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अलगाववादी नेताओं द्वारा मुख्य राजनीति में शामिल होना अलगाववादी खेमे में एक विचारधारा के परिवर्तन का संकेत है। बता दें कि कंगन विधानसभा क्षेत्र में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मियां मेहर अली वरिष्ठ गुर्जर नेता और लोकसभा सदस्य मियां अल्ताफ अहमद के बेटे को चुनावी मैदान में उतारा है।

उन्होंने कहा कि, इससे पहले जब भी चुनाव होते थे, अलगाववादी बहिष्कार का राग अलापते थे। आज वे चुनाव लड़ रहे हैं। यह दर्शाता है कि एक वैचारिक परिवर्तन हुआ है। इसने एनसी के रुख की पुष्टि की है कि हिंसा से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा, हमने हमेशा यह बनाए रखा है कि हम जो भी हासिल कर सकते हैं वह लोकतांत्रिक तरीकों से हासिल किया जाएगा। यदि अलगाववादियों को लोकतंत्र में विश्वास हो गया है तो यह हमारे लिए एक उपलब्धि है, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल में शामिल हों।



जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या अलगाववादी नेता सैयद सलीम गिलानी के पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) में शामिल होने से यह साबित होता है कि अलगाववादियों ने पिछले चुनावों में पीडीपी का समर्थन किया था, तो उमर अब्दुल्ला ने कहा, अगर आप दरार पैदा करना चाहते हैं मैं इस प्रश्न का उत्तर देता हूं, लेकिन, मैं इसका उत्तर नहीं दे रहा हूं। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा के चुनाव अभियान की देखरेख के लिए राम माधव की नियुक्ति पर तत्कालीन जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान का भी जिक्र किया।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक के केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ बहुत करीबी संबंध थे। उन्होंने कहा, उन्हें बेहतर पता होगा, उन्हें भाजपा ने यहां भेजा था और 2019 में जो कुछ भी हुआ, उनकी निगरानी में हुआ। यह पूछे जाने पर कि क्या राम माधव को पीडीपी के साथ गठबंधन कराने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया था, उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केवल भाजपा ही इस पर दावे के साथ कुछ कह सकती है।

उन्होंने कहा, हालांकि, इसमें कोई दो राय नहीं है कि माधव के पीडीपी के साथ सबसे अच्छे संबंध हैं। और वह 2014 में गठबंधन बनाने के लिए पीडीपी और भाजपा को एक ही मंच पर लाए थे। शायद, उन्हें फिर से उसी उद्देश्य से वापस लाया गया होगा। बता दें कि सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि जब वह जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे तो राम माधव ने दो परियोजनाओं की फाइलों पर हस्ताक्षर करने के लिए रिश्वत की पेशकश की थी। दिलचस्प बात यह है कि मलिक ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान यह बात नहीं कही और न ही उन्होंने उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई की, जिनके बारे में उन्होंने यहां अपने राज्यपाल कार्यकाल के दौरान रिश्वत की पेशकश करने का दावा किया था।

## नासिक में आधी रात घरों में अंडरवियर गैंग का धावा, चुराया लाखों का सोना, केले भी ले गए साथ

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में बीती देर रात कच्छा-बनियान गिरोह बनकर अज्ञात चोरों ने एक घर और कॉलेज से लाखों का माल चंपत कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि एक घर से चोर पांच लाख का सोना और कॉलेज परिसर से केले चुराकर ले गए। चोरों की यह करतूत सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में वे अंडरवियर और बनियान पहने हुए हैं। पिछले हफ्ते मालेगांव में इसी तरह की एक अन्य घटना में चोर गाउन पहनकर रिहायशी इलाकों में घुसे थे और एक मंदिर के दानपात्र से पैसे चुराकर भाग गए।

सीसीटीवी फुटेज में चोरों को घर और कॉलेज परिसर में घूमते हुए देखा जा सकता है। चोर इनरवियर पहने हुए हैं। फुटेज में चार चोर दिख हे हैं। उनमें से एक दरवाजा खोलते समय नजर भी आता है। इस कथित अंडरवियर गिरोह ने एक घर और एक कॉलेज में घुसकर करीब 70 ग्राम सोना (कीमत करीब 5 लाख रुपये ) और केले चुरा लिए। चोरों की इस हरकत ने इलाके के लोगों में दहशत फैला दी है।

मालेगांव में अंडरवियर गिरोह की धमक गाउन गिरोह द्वारा अंजाम दी गई चोरी के कुछ समय बाद ही हुई है।

# रात को दोस्तों संग मैगी खाने निकला था 19 साल का आर्यन मिश्रा, गोरक्षकों ने की हत्या

**फरीदाबाद, एजेंसी।**
देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां 12वीं में पढ़ने वाले 19 वर्षीय एक स्टूडेंट की कथित गोरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दोस्तों के साथ मैगी खाने कार से निकले आर्यन मिश्रा का 30 किलोमीटर तक पीछा गया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का कहना है कि उन्हें ऐसी ही कार में तस्करों के आने की सूचना मिली थी।

आर्यन मिश्रा हत्याकांड में गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान सौरभ, अनिल कौशिक, वरुण, कृष्ण और आदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। फरीदाबाद पुलिस क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम इस हत्याकांड की जांच कर रही है।

वारदात वाले दिन 23 अगस्त की रात आर्यन मिश्रा अपने मकान मालिक और उनके जानकारों के साथ डस्टर कार में बैठकर मैगी खाने बड़खल स्थित एक मॉल में गया था। देर रात वहां से लौटते समय पटेल चौक पर आरोपियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर, कार चला रहे आर्यन के एक जानकार ने डर के कारण गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। इसके बाद आरोपियों ने करीब 30 किलोमीटर तक मृतक और उसके जानकारों को पीछा किया। फिर दिल्ली आगरा-हाईवे के गदपुरी टोल से कुछ आगे खुद को गोरक्षक बताने वाले आरोपियों ने पशु तस्कर समझकर आर्यन को गोली मार दी थी। गोली लगने से घायल आर्यन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

गिरफ्तारी के बाद अनिल कौशिक आदि ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि उन्होंने अवैध हथियार से आर्यन मिश्रा को गोली मारी थी। पुलिस ने अनिल कौशिक के घर से अवैध हथियार बरामद कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 23 अगस्त की रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि डस्टर और फॉच्यूर्नर कार सवार कुछ पशु तस्कर शहर में रेकी कर रहे हैं। साथ ही जहां उन्हें पशु मिल रहे हैं, कंटेनर मंगाकर उसे उठा ले रहे हैं। इस सूचना के बाद अनिल कौशिक और उसके साथी शहर में कार सवार उन पशु तस्करों की तलाश कर रहे थे। इस दौरान उन्हें पटेल चौक पर एक डस्टर कार दिख गई। आरोपियों ने कार चालक को रुकने को कहा, लेकिन कार चला रहे शख्स ने डर के कारण कार की रफ्तार बढ़ा दी। इसी के चलते गलतफहमी में उन्होंने उस कार का पीछा करते हुए गोली चला दी, जो आर्यन मिश्रा को जा लगी और उसकी मौत हो गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# गजब! संन्यास के लिए कप्तान को दी थी रिश्वत

## पाकिस्तान बोर्ड की काली करतूत अब आ रही बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ओर पाकिस्तान क्रिकेट टीम दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ हार की कगार पर खड़ी है तो दूसरी ओर एक खुलासे ने क्रिकेट बोर्ड के काली करतूत की पोल खोल दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने एक कप्तान को रिटायरमेंट लेकर टीम छोड़ने के लिए एक करोड़ की भारी रिश्वत दी थी।

यह अपने आप में अजब-गजब मामला है। टीम सिलेक्टर्स को अगर लगता है कि खिलाड़ी टीम में खेलने लायक नहीं है तो उसे सिलेक्ट करना बंद कर दिया जाता है। इसके बाद खिलाड़ी अपने करियर पर जो फैसला लेना होता है लेता है, लेकिन यहां तो मामला ही पूरा उल्टा है। दरअसल, 2007 में पाकिस्तान के कप्तान इंजमाम उल हक को क्रिकेट किट खूंटी पर टांगने के लिए क्रिकेट बोर्ड ने रिश्वत के तौर पर एक करोड़ रुपये दिए थे। पाकिस्तान के एक पत्रकार अब्दुल माजिद भट्टी ने यह दावा किया कि एक कप्तान को रिटायरमेंट लेने के लिए भारी भरकम एक करोड़ रुपये बोर्ड ने दिए थे।

## फीडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप मैच 2024 के नियमों की घोषणा

# एक मैच जीतने पर मिलेंगे 1.60 करोड़ रूपये

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारत के 18 वर्षीय डी गुकेश और चीन के 31 वर्षीय मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लीरेन के बीच विश्व चैंपियनशिप 2024 मैच के लिए विश्व शतरंज संघ ( फीडे ) ने आधिकारिक नियमों की घोषणा कर दी है। 25 नवंबर से शुरू हो रहे इस मैच में कुल 14 क्लासिकल खेल खेले जाएंगे। जो खिलाड़ी 7.5 अंक या उससे अधिक स्कोर करेगा, वह विश्व चैंपियनशिप मैच जीतेगा। अगर चौदह खेलों के बाद स्कोर बराबर रहता है, तो टाई-ब्रेक मुबले खेले जाएंगे। 2023 के पिछले मैच की तुलना में इस बार टाई-ब्रेक के नियमों में बदलाव किया गया है। मैच का कुल पुरस्कार राशि 2.5 मिलियन डॉलर है। मैच में 14 क्लासिकल मुकाबले होंगे। प्रत्येक खेल के लिए समय नियंत्रण होगा- पहले 40 चालों के लिए 120 मिनट,



उसके बाद शेष खेल के लिए 30 मिनट, और चाल 41 से 30-सेकंड की वृद्धि।

**पुरस्कार राशिः** मैच की कुल पुरस्कार राशि 20.7 करोड़ रुपेय (लगभग 2.5 मिलियन डॉलर ) है, जिसमें खेल के परिणामों के आधार पर वितरण किया जाएगा।

प्रत्येक खिलाड़ी को हर खेल जीतने के लिए 1.65 करोड़ रुपेय (लगभग 200,000 डॉलर) मिलेंगे। शेष पुरस्कार राशि दोनों खिलाड़ियों के बीच समान रूप से विभाजित की जाएगी। यदि विजेता का निर्णय टाई-ब्रेक पर होता है, तो पुरस्कार राशि इस प्रकार विभाजित की जाएगी- विजेता को 10.72 करोड़ रुपेय (लगभग 1,300,000 डॉलर ) और उपविजेता को 9.89 करोड़ रुपेय (लगभग 1,200,000 डॉलर) मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पैरालंपिक 2024:

### भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति ने जीता कांस्य पदक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में युवा भारतीय शटलर नित्या सुमति सिवान को पदक जीतने में कामयाबी मिली है। नित्या ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आने वाली 19 वर्षीय खिलाड़ी नित्या ने पेरिस से लगभग 11 महीने पहले एशियन पैरा गेम्स (अक्तूबर, 2023) में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था। नित्या ने एकल के अलावा युगल मुकाबले में भी अपनी छाप छोड़ी थी और उन्होंने इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी अपने नाम किया था। दरअसल, भारत ने पेरिस पैरालंपिक 2024 के बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल एसएच6 स्पर्धा में नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतने से पहले एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीत चुका था। पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में कुमार नितेश ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश से आने वाले नौकरशाह सुहास एलवाई ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इसके अलावा महिलाओं की एकल स्पर्धा एसयू5 में टी मुरुगेसन और मनीषा रामादास को क्रमश- रजत और कांस्य पदक मिले। इसके बाद दिन के अंतिम मुकाबले में नित्या ने भारत की झोली में एक और कांस्य पदक डालने में सफलता पाई।

गौरतलब है कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात खेले गए मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतते ही भारत की कुल पदक संख्या 15 हो चुकी है। नित्या की विजय के बाद ओवरऑल पदक तालिका में भी भारत 15वें पायदान पर आ गया है। भारत की झोली में फिलहाल तीन स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक हैं।

### अब भारत के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने का समय है: पैट कमिंस



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को विश्वास है कि भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने इस कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार मिली हार की भरपाई करने में सफल रहेगी। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मुकाबला बराबरी का होगा।

भारत ने 2016-17 से लेकर 2022 23 तक ऑस्ट्रेलिया से लगातार चार श्रृंखला जीती हैं। इनमें से दो अवसरों पर उसने ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पिछले साल लंदन में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में खेली गई पिछली दो श्रृंखला में हम सफल नहीं रहे। हमें (भारत के खिलाफ) श्रृंखला जीते हुए काफी समय हो गया है। अब इसमें सुधार करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, 'हम भारत के खिलाफ लगातार खेलते रहे हैं और उन्होंने हमें हराया भी है लेकिन हमने भी उनके खिलाफ कई जीत दर्ज की हैं जिनसे हम प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। इनमें हाल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है जिसमें हम सफल रहे थे। मैं बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर काफी उत्साहित हूं।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज जीती




**रावलपिंडी, एजेंसी।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट के इतिहास की पहली बार टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने रावलपिंडी में खेले गए दूसरे मैच में पाकिस्तान को मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश के लिए लिट्टन दास ने पहली पारी में शतक लगाया। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में भी पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इसी के साथ नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी वाली टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट सीरीज खेली गई थी और सभी पाकिस्तान ने जीती थी। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था।

**दूसरी पारी में शांतो-मोमिनुल हक के बीच 119 रन की साझेदारी**

पाकिस्तानी टीम सोमवार को दूसरी पारी में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को जीत के लिए 185 रन का टारगेट दिया था। बांग्लादेश ने आज यानी मंगलवार को अपने दूसरी पारी में 42 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच 57 बॉल पर 119 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए जाकिर हसन 40, शांतो 38, मोमिनुल 34, और शादमान इस्लाम 24 रन बनाए।

**बांग्लादेश पहली पारी में 262 पर ऑलआउट, शहजाद को 6 विकेट**

रविवार को मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां लिट्टन दास और मेहदी हसन ने 165 रन की साझेदारी करके टीम को 190 पार पहुंचाया। लिट्टन ने 138 और मेहदी हसन ने 78 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए खुर्रम शहजाद ने 6 विकेट लिए।

**लिट्टन दास का शतक**

लिट्टन दास ने पहली पारी में 228 बॉल पर 138 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर का यह चौथा शतक रहा। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा। वे पाकिस्तानी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दो शतक लगाने वाले बांग्लादेश के पहले खिलाड़ी हैं।

**पाकिस्तान टीम पहली पारी में 274 रन सिमटी थी**

मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई थी। ट

ीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए।

**सुआरेज उरुग्वे के सबसे शानदार फुटबॉलर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने 17 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में 142 मैचों में 69 गोल किए हैं। सुआरेज ने आठ फरवरी, 2007 को कोलंबिया पर 3-1 की जीत में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी।**



# उरुग्वे के दिग्गज खिलाड़ी लुइस सुआरेज ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उरुग्वे फुटबॉल के दिग्गज लुइस सुआरेज ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है। वह उरुग्वे के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर हैं। सुआरेज ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने फैसले का खुलासा किया। छह सितंबर को पराग्वे के खिलाफ उरुग्वे का फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

सुआरेज उरुग्वे के सबसे शानदार फुटबॉलर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने 17 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में 142 मैचों में 69 गोल किए हैं। सुआरेज ने आठ फरवरी, 2007 को कोलंबिया पर 3-1 की जीत में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। वह जल्द ही टीम के एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए। उनके और डिएगो फोरलोन की मदद से उरुग्वे ने दक्षिण अफ्रीका में 2010 फीफा विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। तब तक सुआरेज टीम का एक अहम हिस्सा बन गए थे।

उन्होंने कहा, संन्यास लेने का सही समय कब है यह जानने से बेहतर कुछ नहीं है। अब जब मैं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने जा रहा हूं तो आत्मविश्वास से भरा हुआ हूं। मैं अब राष्ट्रीय टीम से किनारा करना चाहता हूं। मैं 37 साल का हो चुका हूं और मैं यह भी जानता हूं कि मेरे लिए इस उम्र में अगला विश्व कप खेलना काफी मुश्किल होगा। यह मुझे बहुत सुकून देता है कि मैं रिटायर अपनी मर्जी से हो रहा हूं और चोट ने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई। सुआरेज ने कहा, मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर यह बहुत अच्छा है कि मैं टीम से दूर हो रहा हूं और आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हूं। यह फैसला लेना मेरे लिए कठिन था, लेकिन मैं मन की शांति को तरजीह देता हूं और आखिरी गेम तक मैंने अपना सब राष्ट्रीय टीम के लिए न्योछावर किया। अब मेरे अंदर वो आग नहीं है और इसलिए मैंने फैसला किया कि संन्यास के एलान का यही सही वक्त है।

### सुआरेज 2010 हैंडबॉल की वजह से सुर्खियों में रहे थे

सुआरेज के अंतरराष्ट्रीय करियर के सबसे प्रतिष्ठित क्षणों में से एक घाना के खिलाफ 2010 विश्व कप क्वार्टर फाइनल के दौरान आया था। मैच के एकदम अंतिम क्षणों में घाना को एक निश्चित विनिंग गोल से रोकने के लिए सुआरेज ने गोल लाइन पर जाकर हैंडबॉल किया था, यानी गेंद को हाथ से रोक लिया था। हालांकि, उन्हें रेड-कार्ड दिया गया था। इससे घाना के असामोह पेनल्टी से चूक गए थे और उरुग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। उरुग्वे के लिए सुआरेज ने हाल ही में कोपा अमेरिका टूर्नामेंट खेला था। कनाडा के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में उन्होंने अपनी टीम की जीत में मदद करने के लिए पेनल्टी शूटआउट में स्कोर किया था। सुआरेज फिलहाल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में इंटर मियामी सीएफ में अपने लंबे समय के दोस्त लियोनेल मेसी के साथ खेल रहे हैं। सुआरेज अब पूरी तरह से अपने क्लब करियर पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चीन रवाना

- **8 सितंबर को मेजबान चीन से पहला मैच, श्रीजेश के बाद कृष्ण बहादुर पाठक गोलकीपर**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम मंगलवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हुलुनबुइर (चीन) रवाना हो गई। पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम का पहला मुकाबला 8 सितंबर को मेजबान चीन से होगा।भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग लेंगे। राइवल पकिस्तान से भारत का मुकाबला 14 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की भारतीय हॉकी टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, पेरिस ओलिंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। पेरिस ओलिंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है।

हॉकी इंडिया ने बीते बुधवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया था। इस टीम में पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले 10 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। जबकि 5 खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

यह टूर्नामेंट 8 से 17 सितंबर तक इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर में खेला जाएगा। टीम ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था। इसलिए भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना खिताब बचाने उतरेगी।

### विश्व शतरंज रैंकिंग

# अर्जुन , गुकेश शीर्ष 10 में , पहली बार चार भारतीय महिलाएं शीर्ष 15 में




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर 2024 की फीडे रेटिंग लिस्ट में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी ने 2778 अंको के साथ अपनी विश्व नंबर 4 की रैंकिंग को बनाए रखा है जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश 2765 अंको के साथ सातवें स्थान पर है ,भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2751 अंको के साथ 11वें , 2750 अंको के साथ प्रज्ञानन्दा 12वें , 2720 अंको के साथ विदित गुजराती 24वे स्थान पर है । मैगनस कार्लसन 2832 अंको के साथ विश्व में शेरेश स्थान पर बने हुए है उनके बाद 2802 अंको के साथ यूएसए के हिकारु नाकामुरा और 2798 अंको के साथ यूएसए के फबियानों करूआना तीसरे स्थान पर बने हुए है , सिंकिफील्ड कप में शानदार प्रदर्शन के चलते फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें 2767 अंको के साथ टॉप 10 में वापसी करते हुए पांचवें स्थान पर अपनी जगह बना ली है । वहीं लगातार खराब प्रदर्शन के चलते विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन 2736 अंको के साथ 15वें स्थान पर सरक गए है ।

महिलाओं में, पहली बार चार भारतीय खिलाड़ी विश्व की टॉप 15 में शामिल हो गई हैं। इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने 30वें अबू धाबी मास्टर्स 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन कर महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान से 15वें स्थान पर छलांग लगाई है । महिला खिलाडियों में शीर्ष चार स्थान पर चीन की हाऊ ईरान, जु वेंजून , तान ्होंगाई और लेई टिंगजे बनी हुई है , भारतीय खिलाडियों में 2530 अंको के साथ कोनेरु हम्पी छठे , 2502 अंको के साथ हरिका द्रोणावल्ली 11वें ,2498 अंको के साथ आर वैशाली 12वें और 2483 अंको के साथ दिव्या देशमुख 15वें स्थान पर है । 45वें शतरंज ओलंपियाड में बस दस दिन शेष हैं, ऐसे में यह रेटिंग टीमों की वरीयता में असर डालेगी ।

### सुमित अंतिल का धमाल...

# पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड मेडल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है. अब सुमित अंतिल ने मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ 64 वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता. सुमित ने अपने दूसरे प्रयास में 70.59 मीटर दूर भाला फेंककर गोल्ड मेडल अपने नाम किया. सुमित अंतिल का ये थ्रो पैरालंपिक गेम्स के इतिहास (F64 वर्ग) का बेस्ट थ्रो रहा. उधर बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या श्री सिवन ने वूमेन्स सिंगल्स स॥6 में ब्रॉन्ज मेडल जीता. नित्या ने ब्रॉन्ज मेडल के मैच में इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया.

इन दो मेडल के साथ ही मौजूदा पैरालंपिक गेम्स में भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई है. भारत ने अब तक तीन गोल्ड, पांच सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल जीता है. बता दें कि सुमित अंतिल ने टोक्यो पैरालंपिक में भी गोल्ड मेडल जीता था. ऐसे में वह पहले भारतीय जैवलिन थ्रोअर बन गए हैं, जिन्होंने पैरालंपिक में अपना गोल्ड मेडल डिफेंड किया है.

इस इवेंट में श्रीलंका के डुलान कोडिथुवाक्कू (67.03 मीटर) ने सिल्वर और ऑस्ट्रेलिया के मिचाल बुरियन (64.89 मीटर) ने कांस्य पदक जीते. भारत के ही संदीप चौधरी



(62.80 मीटर) चौथे स्थान पर रहे. एफ64 स्पर्धा में एथलीट कृत्रिम अंग (पैर) के साथ खड़े होकर हिस्सा लेते हैं.

सुमित अंतिल ने इस मुकाबले में अपना ही पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ा. उन्होंने पहले प्रयास में 69.11 मीटर का थ्रो किया, जो नया पैरालंपिक रिकॉर्ड रहा. इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 70.59 मीटर भाला फेंककर फिर एक बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा. सुमित ने टोक्यो पैरालंपिक में भी गोल्ड मेडल जीता था.

**...जब ट्रक हादसे में सुमित ने गंवा दिया पैर**

हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले सुमित अंतिल का जन्म 7 जून 1998 को हुआ था. सुमित जब सात साल के थे, तब एयरफोर्स में तैनात पिता रामकुमार की बीमारी से मौत हो गई थी. पिता का साया उठने के बाद मां निर्मला ने हर दुख सहन करते हुए चारों बच्चों का पालन-पोषण किया. 12वीं में पढ़ाई के दौरान सुमित के साथ भयानक हादसा हुआ. 5 जनवरी 2015 की शाम को वह ट्यूशन लेकर बाइक से वापस आ रहे था, तभी सीमेंट के कट्टों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सुमित को टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटते ले गई.

इस हादसे में सुमित को अपना एक पैर गंवाना पड़ा. हादसे के बावजूद सुमित कभी उदास नहीं हुए. रिश्तेदारों व दोस्तों की प्रेरणा से सुमित ने खेलों की तरफ ध्यान दिया और साई सेंटर पहुंचे. जहां एशियन रजत पदक विजेता कोच वीरेंद्र धनखड़ ने सुमित का मार्गदर्शन किया और उसे लेकर दिल्ली पहुंचे.

**फाइनल में सुमित अंतिल का प्रदर्शन:**

पहला थ्रो- 69.11 मीटर
दूसरा थ्रो- 70.59 मीटर
तीसरा थ्रो- 66.66 मीटर
चौथा थ्रो- फाउल
पांचवां थ्रो- 69.04 मीटर
छठा थ्रो- 66.57 मीटर

## न्यूज बाइट्स

### डायन बताकर महिला की बेरहमी से पिटाई, पुलिस छानबीन में जुटी

**औरंगाबाद (का.सं.)।** 21वीं सदी के वैज्ञानिक युग में भी यहा-कदा अंधविश्वास का मामला सामने आता ही रहता है। ऐसा ही एक मामला औरंगाबाद सदर प्रखंड में जम्होंर थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव का है, जहां मंगलवार को डायन बताकर एक महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। पिटाई से घायल महिला का औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़िता ने बताया कि गांव के ही भावेश कुमार चौबे उर्फ़ अनु चौबे, दीपक चौबे, प्रिया चौबे एवं दीपक चौबे की पत्नी ने डायन कहते हुए जान मारने के ईरादें से मेरे उपर अचानक जानलेवा हमला बोल दिया। धारदार हथियार से सर पर प्रहार किया जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। हमले के दौरान आरोपियों ने गले से सोने का चेन, कान की बाली निकाल ली। हमले की जानकारी मिलने पर गांव के कुछ लोगों ने मुझे बेहोशी की हालत में औरंगाबाद सदर अस्पताल लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया। इधर मामले में औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने महिला का फर्द बयान लेने के बाद प्राथमिकी के लिए जम्होर थाना भेज दिया है। जम्होर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने मुखिया पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**औरंगाबाद (का.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता आलोक कुमार ने औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष सुमन को पत्र लिखकर कुटुम्बा प्रखंड परता पंचायत के मुखिया श्याम बिहारी राय उर्फ श्याम बिहारी पासवान द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रहे योजनाओं में किए गए भ्रष्टाचार एवं भयंकर लूट की जांच कराने की मांग की हैं। आरोप लगाया है कि मुखिया द्वारा ग्रामसभा के नाम पर खानापूर्ति और ग्रामीणों का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर योजना को लूटा गया है। परिजनों को फर्जी प्रमाण पत्र पर शिक्षक के रूप में भी नियोजित किया गया है। यह भी आरोप लगाया है कि मुखिया ने 1990 के बाद से अचानक करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति अर्जित की है। साथ ही मुखिया ने एससी-एसटी एक्ट का दुरूपयोग करते हुए कई लोगो पर फर्जी एवं झुठा मुकदमा भी दर्ज कराया हैं।

### गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** रफीगंज के अरथुआ स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में मैकेनिकल विभाग द्वारा एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम(एफडीपी) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय एएनएसवाईए, एफईए और सीएफडी था। कार्यक्रम में मैकेनिकल विभाग के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे संस्थान का शोध कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बिहार में शोध की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उन्होंने इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि शिक्षकों के तकनीकी ज्ञान और अनुसंधान क्षमता में निरंतर सुधार हो सके।

परिजनों ने लगाया हत्या कर साक्ष्य छुपाने का आरोप

# पार्टी करने गए छह दोस्तों में एक की मौत, एक घायल

**निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)**



जिला के अंबा-कुटुंबा थाना क्षेत्र के समीप झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुरभि होटल के समीप एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसके अलावा साथ के एक और युवक घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने घटना को हत्याकर साक्ष्य छुपाने के नियत से अज्ञात आरोपियों द्वारा सड़क दुर्घटना का रूप देने का आरोप लगाया है। घायल युवक के परिजनों के मुताबिक घटना के बाद एम्बुलेंस से औरंगाबाद ले जाने के क्रम में रिसियप के पास पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होने की वजह से युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे मंगलवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। मृतक युवक की पहचान औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के काड़ी गांव निवासी लूटन सिंह के 24 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार सिंह और घायल की पहचान कृष्णा सिंह के पुत्र ज्ञानू सिंह के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में झारखंड के हरिहरगंज थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि बीते रात सोमवार को लगभग 8 बजे के करीब आसपास के स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी मिली कि सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया है। पुलिस द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। स्थिति खराब होते देख डॉक्टर ने रेफर कर दिया। जिसके बाद हमलोगों ने औरंगाबाद सदर उसे इलाज के लिए भेज दिया था। घटनास्थल पर मिली दुर्घटनाग्रस्त प्लसर बाइक को थाना लाया गया है। मृतक के मामा शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं दादा बंसत सिंह ने बताया कि अंकित कुमार सिंह 22 (मृतक) अपने गांव के ही 6 दोस्तों के साथ सोमवार की शाम 3 बाइक से झारखंड राज्य के पलामू जिला के हरिहरगंज गए थे। लगभग रात 10 बजे के आसपास घटना की जानकारी मिली। उक्त दोनों परिजनों ने बताया कि जानकारी के मुताबिक सुरभि होटल के समीप व्हाइट कलर की स्कॉर्पियो में 8 लोग सवार गाली गलौज करते हुए गाड़ी से लाठी डंडे और लोहे का रोड निकालकर मृतक के सभी दोस्तों को मारपीट करने लगा। अंकित और शिशु छतरपुर की ओर भाग गए। तीन लोग औरंगाबाद एवं इधर-उधर भाग गए। अकेला अंकित बच गया। जिसे मार-मारकर हत्या कर दी गई। मृतक अंकित कुमार सिंह के साथ, गांव के ही घायल ज्ञानू सिंह, सोनल कुमार, शिशु कुमार, पप्पू तिवारी, निखिल कुमार गए हुए थे। अन्य चार लोगों से मृतक का परिजनों का कोई अभी फिलहाल संपर्क नहीं हो पा रहा है। घटना की जानकारी मिलते हैं मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे नगर थाना पुलिस औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में शुरु कर दी गई। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विष्णुधाम महोत्सव को भव्य रूप देने की तैयारी

**निज संवाददाता | जम्होर, (औरंगाबाद)**



चौथे विष्णुधाम महोत्सव को भव्य रूप में मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में महोत्सव आयोजन समिति की बैठक चंद्रिका स्मृति भवन, जम्होर में अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महोत्सव को सफल बनाने और इसके महत्व पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि 11 और 12 नवंबर को श्री हरि विष्णु के जागरण का पावन समय है, जिसे हम सभी मिलकर सफल बनाना चाहते हैं। महोत्सव के संस्थापक संरक्षक और वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने धाम को पर्यटन मंत्रालय के कैलेंडर में शामिल कराने की असफलता पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अब जिला प्रशासन और राजनेताओं पर दबाव डालना जरूरी है। सुरेश विद्यार्थी ने महोत्सव के महत्व पर जोर देते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई। अजीत कुमार सिंह ने बताया कि महोत्सव छठ पूजा के तुरंत बाद आयोजित होगा और इसके लिए प्रायोजकों का सहयोग अहम रहेगा।

अंत में, अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बैठक का संचालन किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप कुमार सिंह ने किया। बैठक में दिलावर सिंह, पवन कुमार सिंह, मधुसूदन त्रिवेदी सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। अगली बैठक में कार्यक्रम का निर्धारण और दायित्वों का बंटवारा सर्वसम्मति से किया जाएगा।

### सरकारी मान्यता का आग्रह

सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष भाई राजेंद्र सिंह ने विधायक और सांसद से इस स्थल को विकसित करने और महोत्सव को सरकारी मान्यता दिलाने के लिए सरकार पर दबाव डालने का आग्रह किया। जम्होर पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र गुप्ता ने सुझाव दिया कि राज्यपाल से महोत्सव का उद्घाटन कराने से इस क्षेत्र का विकास संभव हो सकता है।

## हसपुरा में जन सुराज की संविधान सभा की बैठक संपन्न

**हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** हसपुरा बाजार के हाई स्कूल मोड़ स्थित लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल पुस्तकालय में जन सुराज द्वारा संविधान सभा की बैठक की गई। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक में जन सुराज के औरंगाबाद जिला संयोजक डॉ. आरयू कुमार ने कहा कि जन सुराज तमाम लोगों से राय जानना चाह रही है कि जन सुराज का पार्टी, मोर्चा या अन्य नामकरण किया जाए या सिर्फ जन सुराज ही नाम रखा जाए। इसके लिए प्रखंड स्तर पर संविधान सभा बुलाई गई है, जिसे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को बताया जाएगा।

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस समारोह का उद्घाटन



**कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय स्थित पीएम अनुग्रह मध्य विद्यालय में आज मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन निदेशानुसार संपन्न किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के एसीएमओ डॉ किशोर कुमार, डीआइओ डॉ मिथलेश कुमार सिंह, विद्यालय के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह आदि ने विस्तार से कृमि के दुष्प्रभावों के बारे में बच्चों को बताया एवं ईमानदारी पूर्वक अल्बेंडाजोल टैबलेट को चबाकर खाने एवं फिर पानी की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि अगले 11 सितम्बर को मॉप अप अभियान में बच गए बच्चों को टैबलेट जरूर खा लेना है। शत प्रतिशत 1 से 19 साल के 15 लाख 35 हजार 43 बच्चों एवं किशोरों को यह टैबलेट खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 1 से 5 वर्ष के बछोंबको नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में अल्बेंडाजोल की आधी टिकिया खिलाना है। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि नेशनल डिवॉर्मिंग-डे के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के सभी वर्गों के सभी उपस्थित बच्चों को आज अल्बेंडाजोल के टैबलेट को खिलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में डॉ श्याम कुमार, विसीसिएम यूएनडीपी अर्शी अली, डीसी मोहसिन खान एवम प्रदेश सचिव बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ पुरषोत्तम शर्मा आदि ने भी बच्चों को अल्बेंडाजोल की टिकिया खिला उनके स्वस्थ किशोरावस्था की कामना की।

जहरीले नशे के कारोबार का पुलिस ने किया भंडाफोड़

# 1160 मिलीग्राम अत्यधिक महंगे दर पर बिकने वाला ब्राउन सुगर बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**





औरंगाबाद पुलिस ने अत्यधिक नशीले पदार्थ ब्राउन सुगर की अवैध ब्रिकी के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। मामले में खास बात यह है कि ब्राउन सुगर का धंधेबाज प्रतिबंधित लॉटरी की ब्रिक्री का भी धंधा किया करता था। पुलिस के मुताबिक ब्राउन सुगर और लॉटरी की ब्रिक्री के गोरखधंधे का भंडाफोड़ दाउदनगर शहर के वार्ड-2 पुरानी शहर में जोड़ा मंदिर पास से किया है। मामले में पुलिस ने एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज दीपक रजक दाउदनगर के पुरानी शहर का ही निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 29 पुड़िया में भरा कुल 1160 मिलीग्राम ब्राउन सुगर, 500 लॉटरी कूपन, 02 मोबाइल और 01 प्लेइंग कार्ड बरामद किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्राउन सुगर की कीमत एक से दो करोड़ रूपये प्रति किलो के बीच बताई जाती है। इस लिहाज से अनुमान लगाए तो बरामद ब्राउन सुगर की कीमत दो लाख से अधिक आंकी जा रही है। औरंगाबाद के दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज ने मंगलवार की दोपहर बताया कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि दाउदनगर के इलाके में अवैध तरीके से अत्यधिक नशीले पदार्थ ब्राउन सुगर की ब्रिकी हो रही है। इस सूचना के बाद से पुलिस धंधेबाजों की टोह में लगी थी। पुलिस खुफिया तंत्र के माध्यम से धंधेबाजों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच खुफिया इनपुट मिला कि दाउदनगर थाना क्षेत्र में पुरानी शहर के जोड़ा मंदिर निवासी बैजू रजक का पुत्र दीपक रजक अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद- बिक्री और लॉटरी के नाम पर ठगी का गोरखधंधा चला रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने दल बल के साथ छापेमारी कर धंधेबाज दीपक रजक को धर दबोंचा। पुलिस ने उसके पास से 29 पुड़िया में भरा हुआ कुल-1160 मिली ग्राम ब्राउन शुगर, 500 लॉटरी कूपन, 02 मोबाइल एवं 01 प्लेइंग कार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार धंधेबाज ने पुलिस के समक्ष स्वीकर किया है कि वह ब्राउन सुगर को प्रति पुड़िया पांच सौ रूपये के दर से बेंचता था। धंधेबाज ने पुलिस को ब्राउन सुगर लाने के ठिकाने एवं नेटवर्क के बारे में भी अहम जानकारी दी है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस धंधेबाज को जेल भेजने के साथ ही नशे के कारोबार का नेटवर्क खंगालने में जुटी हैं।

### घातक नशा है ब्राउन सुगर

दरअसल ब्राउन सुगर एक बेहद घातक नशीला पदार्थ हैं। इसे बनाने में अफीम, हेरोइन और स्मैक तीन प्रकार के अत्यधिक नशीले पदार्थो का इस्तेमाल किया जाता हैं। इन तीन अत्यधिक नशीले पदार्थों को मिलाकर बनाए जाने से इसका नशा बहुत ही घातक होता है। कई बार इसके हैवी डोज से इंसान की जान भी चली जाती है। वही यदि एक किलो ब्राउन सुगर के कीमत की बात करें तो यह करीब 1 से 2 करोड़ रुपये के बीच है।

## पीड़ित परिवार को मिला चार लाख का मुआवजा

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के कजपा दुमुहान कुटिया के पास 7 जुलाई 2024 को ठनका गिरने से बुटानी पासवान के 14 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार की मौत हो गई थी। मृतक के माता अलकरिया देवी को अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह के द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपए दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कुछ दिन पूर्व ठनका गिरने से एक यूवक की मौत हो गई थी जिसके बाद आपदा प्रबंधक के तहत पीड़ित परिवारों को चार लाख रुपए का चेक दिया गया। भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि पूर्व सांसद के प्रयास से यह मुआवजा राशि बहुत जल्द ही परिजनों को मिला।इसके लिए पीड़ित परिवारों ने उनके प्रति आभार जताया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार उर्फ छोटे सिंह,अंचल नाजिर प्रशांत कुमार सिंह, सी आई खुर्शीद अंसारी, प्रधान सहायक अजय कुमार,चंदेश्वर भगत के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

# पूर्व सांसद ने गांवों में जाकर लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

**कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद**



पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 के तहत मंगलवार को औरंगाबाद सदर प्रखंड में फेसर मंडल के रघौलिया, फेसर बाजार, बगईया, पोखराहा, बघोई कला, बघोई स्टेशन एवं विभिन्न गांवों में जाकर लोगो को भाजपा का सदस्य बनाया। पूर्व सांसद ने सभी ग्रामीणों को सदस्यता क्रमांक संख्या 8800002024 पर डायल करवाकर भाजपा का सदस्य बनाया। इस मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि सदस्यता कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा की गई है। पूर्व सांसद ने कहा कि युवाओं को सदस्यता अभियान में जोर शोर से लगना होगा। सदस्यता अभियान के साथ साथ 2047 के सपने को पूरा करने के लिए शक्ति का सबसे बड़ा स्रोत है। इसमें सभी वर्ग के लोगों को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जोड़ना है। भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांत और नेशन फर्स्ट के विचार से जोड़ना है। आज देश के गरीब और हर समुदाय के लोगो का सबसे ज्यादा भरोसा पार्टी के नीति, निर्णय और हमारे अपनाए हुए रास्तो से निकले नतीजो में है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि यह सदस्यता अभियान पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा। हम सभी कार्यकर्ता संगठन को हमेशा प्राथमिकता देते है। पार्टी का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाना है जिसे हम सभी लोगो को पूर्ण करना है। इस मौके पर पूर्व सांसद ने रंजीत कुमार, अशोक कुमार, श्याम प्रसाद, राहुल शुक्ला, कमलेश विश्वकर्मा, अनिल कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, बिजेन्द्र सौरभ, रिशु रंजन, रूपेश कुमार एवं सैंकड़ो लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में फेसर मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, पूर्व मुखिया रमेश सिंह, नरेश सिंह, रविन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, बलराम सिंह, बिट्टू कुमार, राहुल शुक्ला, अनिल पासवान, उपेन्द्र सिंह एवं सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गवाह की हत्या के आरोपी को कोर्ट ने दिया दोषी करार

**कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद**

व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे-तीन सुनील कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को बारूण थाना कांड संख्या-115/23, एसटीआर-678/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए काराधीन एक अभियुक्त नरारीकला खुर्द थाना के बसडीहा निवासी गुडु कुमार को हत्या की धारा-302 सहित भादंवि की अन्य धाराओं में दोषी ठहराया। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि कोर्ट सज़ा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 05 सितंबर निर्धारित की है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी बतौर सूचक बसडीहा निवासी दुर्गा कुमार ने 11 मार्च 2023 को दर्ज कराई थी। कहा था कि 10 मार्च 2023 को सूचक, अमित कुमार, चन्दन कुमार मोटरसाइकिल से बारूण थाना के टेंगरा से नवादा के बीच पहुंचे तो पूर्व से घात लगाए नजायज मजमा लगाए। अभियुक्तों की टोली ने जान मारने की नीयत से चन्दन कुमार पर लोहे के रड से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। तत्पश्चात उसकी मृत्यु हो गई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि घटना के पीछे का कारण 07 मार्च 2023 को एक गांव की महिला की इज्जत लुटने के उद्देश्य से विकास कुमार ने बसडिहा में रात्रि 10 बजे घर में घुसकर दुर्व्यवहार किया जिसकी प्राथमिकी महिला द्वारा दर्ज कराई गई थी। इस प्राथमिकी में चंदन कुमार गवाह था। इस घटना के अभियुक्त गुडु कुमार पर आरोप पत्र -18 सितंबर 2023 को न्यायालय में समर्पित किया गया था, जिसमें कहा गया था कि अन्य अभियुक्तों पर पुरक अनुसंधान जारी है। अभियुक्त गुडु कुमार पर 19 जनवरी 2024 को आरोप गठन कर साक्ष्य तेजी से पूरा कर आज निर्णय सुनाया गया है।

## अनुग्रह मध्य विद्यालय के हेडमास्टर को शिक्षक दिवस पर मिलेगा राजकीय शिक्षक पुरस्कार

**कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को हर वर्ष शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाता हैं। इस वर्ष सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों की सूची में औरंगाबाद शहर के पीएम श्री विद्यालय की सूची में शामिल अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह का नाम भी शामिल है। शिक्षक दिवस के दिन पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में उन्हे राजकीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस घोषणा के बाद अनुग्रह मध्य विद्यालय में खुशियों का माहौल है। स्कूल के प्रधानाध्यापक को छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने बधाई दी है। पुरस्कार के लिए चयनित होने पर उदय कुमार सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार समाज में और बेहतर मूल्य आधारित शिक्षा सुनिश्चित कराने की दिशा में प्रेरणा देते रहने की ओर मुझे अग्रसर करता रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए जिले से तीन नाम अनुशंसित किए गए थे, जिनमें उदय कुमार सिंह को सर्वाधिक अंक प्राप्त था।

## सौर ऊर्जा से चलेंगे बिहार के पांच कोल्ड स्टोरेज

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में नौ और कोल्ड स्टोरेज बनने जा रहें है। सरकार की अनुदान राशि पर यह कोल्ड स्टोरेज बनेंगे। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने इन कोल्ड स्टोरेज मालिकों को काम करने का आदेश पत्र सौंपा है। कृषि विभाग में मंगल पांडेय ने सभी कोल्ड स्टोरेज मालिकों को पत्र सौंपा है। इस मौके पर विभागीय अधिकारी मौजूद रहें। मंगल पांडे ने कहा कि अनुदान राशि देने की प्रक्रिया को सरल किया गया। किसानों के मानसिक झंझट को भी कम किया गया।

# तेजपुरा पंचायत में दौड़ रही विकास की लहर

### वार्ड सदस्य गुप्तेश्वर कुमार का चहमुखी विकास कार्य, वार्ड की जनता प्रसन्न





**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

ग्राम पंचायत तेजपुरा के वार्ड में हाल ही में हुए व्यापक विकास कार्यो ने स्थानीय जनता को बेहद खुश कर दिया है। वार्ड सदस्य गुप्ता यादव उर्फ गुप्तेश्वर कुमार के नेतृत्व में वार्ड का तेजी से विकास हुआ है, जिससे यहां की जनता ने उन्हें बहुत सराहा है। वार्ड की जनता का कहना है कि गुप्तेश्वर कुमार के कार्यकाल में जितना विकास कार्य हुआ है, वह पहले कभी नहीं देखा गया। उनके पहले भी कई सदस्य वार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, लेकिन इस प्रकार का चहमुखी विकास पहले कभी नहीं हुआ। सड़क निर्माण, जलापूर्ति, बिजली की सुविधाओं के विस्तार से लेकर साफ-सफाई तक, गुप्तेश्वर कुमार ने हर मोर्चे पर अपने वार्ड को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। गुप्तेश्वर कुमार न केवल बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दे रहे हैं, बल्कि वार्ड के बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए भी सक्रिय हैं। वह नियमित रूप से बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्होंने वार्ड के बच्चों के लिए विशेष संस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रभात फेरियों का आयोजन किया, जिससे बच्चों में देशभक्ति की भावना जाग्रत हो और उनका व्यक्तित्व निखर सके।

वार्ड के निवासियों का कहना है कि गुप्तेश्वर कुमार ने जिस तरह से वार्ड का विकास किया है और बच्चों के प्रति जो समर्पण दिखाया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। जनता उन्हें एक कुशल और संवेदनशील नेता के रूप में देखती है, जो अपने वार्ड की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि गुप्तेश्वर कुमार के नेतृत्व में तेजपुरा ग्राम पंचायत का यह वार्ड एक मिसाल बन चुका है, और यहां के लोग अब भविष्य के लिए भी आशान्वित हैं कि ऐसे ही नेतृत्व से और भी विकास कार्य होते रहेंगे।

## मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने उड़ाए पैसे

- सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की, जिसमें पाया गया कि ताला तोड़ा नहीं गया, बल्कि खोला गया था।

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

रफीगंज के चरकावां निचलीडिह देवी मंदिर में मंगलवार की सुबह दान पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पैसा चोरी कर लिया है। घटना की जानकारी उस वक्त मिली जब गांव की महिलाएं सुबह जब पूजा करने गई। उन्होंने देखा कि दान पेटी का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने देखा कि दान पेटी से पैसे गायब हैं। इसकी सूचना फीगंज पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही परमजीत कुमार मंडल अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। इस मामले को लेकर शिशु संघ कमेटी निचली डिह के सदस्य विरेन्द्र यादव, उपेंद्र यादव, अंजु शर्मा, सुबोध शर्मा, मुकेश चौधरी, सुधिर चौधरी,विजय चौधरी, सुनिल सिंह सहित अन्य लोग पुलिस प्रशासन से जांच करवाने की मांग की। इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की बात की। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को छानबीन में पता चला कि ताला को तोड़ा नहीं गया है। किसी के द्वारा खोला गया है। कुछ लोगों ने बताया कि दान पेटी का ताला किसी भी चाबी से खुल जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दान पेटी का ताला दशहरा के एकम के दिन खोला जाता था। दान पेटी में प्राप्त हुई धनराशि को मंदिर विकास एवं अन्य कार्य में लगाया जाता था। इस साल 3 अक्टूबर 2024 दिन गुरुवार को मंदिर कमेटी शिशु संघ निचलीडिह चरकावां द्वारा खोलने की तैयारी थी। प्राप्त धनराशि से लाइटिंग एवं सजावट का काम करने का निर्णय लिया गया था।

# बाइक सवार तीन अपराधियों ने युवक को मारी गोली, हायर सेंटर रेफर

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



नवीनगर प्रखंड के मंगलवार की शाम हरिहरगंज-टंडवा रोड में टंडवा थाना क्षेत्र के हरिहर उरदाना के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने एक 21 वर्षीय युवक को गोली मार दी, जिससे वह जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी सुबोध नारायण सिंह के पुत्र सौरभ कुमार सिंह के रूप में हुई है।

इस घटना के बाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी युवक ने बताया कि वह हरिहरगंज बाजार से टंडवा रोड होते हुए गजर लौट रहा था। इसी दौरान हरिहर उरदाना के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने सौरभ पर दो गोलियां चला दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर चीखने-चिल्लाने लगा। अपराधियों ने सौरभ के पीठ व बांह में गोली मारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों के सौरभ के फोन से घटना की सूचना परिजनों को दी।

### युवक द्वारा अपराधियों की हुयी पहचान

सूचना पर परिजन पहुंचे और सौरभ को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। वैसे जख्मी युवक द्वारा अपराधियों की पहचान भी की गई है। हालांकि घटना के पीछे का कारण क्या है, यह स्पष्ट नही है। मामला जो हो पूरी तरह संदेह के घेरें में हैं। युवक ने बताया कि गोली मारनेवाले लोगों से पूर्व में कोई दुश्मनी नही थी। इधर टंडवा थानाध्यक्ष ने बताया कि गोलीबारी की घटना घटी है। जख्मी युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।